CMYK

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 12°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, गुरुवार 9 अप्रैल 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 307 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 20 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



किसानों को त्वरित राहत के निर्देश, क्षतिपूर्ति में नहीं होगी देरी: योगी पेज 2



ऑरेंज कैप और पर्पल कैप पर आरआर के खिलाड़ियों का कब्जा खेल टाइम्स



सीजफायर नहीं, कूटनीति की जीत का ऐलान सम्पादकीय



अमेरिका का ईरानी शांति योजना स्वीकार करना युद्ध में जीत: ईरानी सुरक्षा परिषद पेज 12

# ईरान के आगे सुपरपावर ने किया सीजफायर

## अमेरिका-ईरान के बीच दो हफ्ते का युद्धविराम, अमेरिका 1975 में वियतनाम से भी हारा था युद्ध, 2021 में अफगानिस्तान से भी भागी थी यूएस आर्मी

- खामेनेई की हत्या के साथ शुरू हुआ संघर्ष 40 दिनों के बाद युद्धविराम पर पहुंचा
- अमेरिका-ईरान 10 अप्रैल से अंतिम रूप देने के लिए इस्लामाबाद में शांति वार्ता करेंगे
- ईरान होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगा: अराघची
- पाक पीएम व सेना प्रमुख आसिम मुनीर से वार्ता के बाद लिया ट्रम्प ने फैसला

वाशिंगटन/तेहरान, वार्ता

**ईरान** के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या के साथ शुरू हुआ अमेरिका-इजरायल-ईरान संघर्ष 40 दिन के बाद युद्धविराम पर पहुंच गया है। इजरायल ने भी ईरान के साथ युद्धविराम पर सहमति जताई है, लेकिन इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह भी कहा है कि वह लेबनान में अपना सैन्य अभियान जारी रखेगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वाशिंगटन के समयानुसार शाम 6:32 बजे (भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 4:02 बजे) अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि वह ईरान पर नियोजित सैन्य हमलों को दो सप्ताह की अवधि के लिए स्थगित कर देंगे। दूसरी ओर, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने भी कुछ घंटे बाद युद्धविराम की पुष्टि करते हुए कहा कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगा। युद्धविराम की मध्यस्थता की पहल करने वाले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी दो सप्ताह के युद्धविराम की पुष्टि करते हुए कहा कि अमेरिका और ईरान 10 अप्रैल से इसे अंतिम रूप देने के लिए शांति वार्ता करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि प्रस्तावित सैन्य हमलों को दो सप्ताह के लिए स्थगित किया जा रहा है, ताकि वार्ता आगे बढ़ सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह दोनों पक्षों का युद्धविराम होगा और अमेरिका अपने सैन्य उद्देश्यों को पहले ही हासिल कर चुका है। श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ हुई बातचीत के आधार पर और इस शर्त पर कि इस्लामिक गणराज्य ईरान 'होर्मुज स्ट्रेट' को पूरी तरह, तत्काल और सुरक्षित रूप से खोलने पर सहमत हो जाए, मैं दो सप्ताह की अवधि के लिए ईरान पर बमबारी और हमले को स्थगित करने पर सहमत हूं। उन्होंने बताया कि यह निर्णय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर के साथ बातचीत के बाद लिया गया, जिन्होंने संयम बरतने की अपील की थी। ट्रम्प ने कहा कि युद्धविराम इस शर्त पर आधारित है कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित -शेष पृष्ठ दो पर



### ईरान-अमेरिका युद्धविराम की 10 शर्तें

**तेहरान।** ईरानी सरकारी मीडिया ने समझौते के लिए एक 10-सूत्रीय प्रस्ताव का विवरण दिया है, जो आगामी वार्ता का आधार बनेगा।

1. अमेरिका ईरान के खिलाफ आगे कोई सैन्य आक्रमण नहीं होगा।
2. होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान का नियंत्रण बना रहेगा।
3. यूरेनियम संवर्धन के ईरान के अधिकार को स्वीकार किया जाएगा।
4. ईरान पर अमेरिका के सभी प्राथमिक और माध्यमिक प्रतिबंध हटाए जाएंगे।
5. ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सभी प्रस्तावों को समाप्त किया जाएगा।
6. अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के प्रस्तावों को रद्द किया जाएगा।
7. युद्ध से हुए नुकसान के लिए ईरान को मुआवजे का भुगतान किया जाएगा।
8. क्षेत्र से अमेरिकी लड़ाकू बलों की वापसी होगी।
9. क्षेत्र में ईरान समर्थित समूहों पर हमले बंद किए जाएंगे।
10. इस प्रस्ताव में वित्तीय मुआवजा और नागरिक परमाणु कार्यक्रम की मान्यता के बदले परमाणु हथियार न बनाने की ईरान की प्रतिबद्धता भी शामिल है।

### ईरानी ऑयल रिफाइनरी पर सीजफायर के बाद भी हमला, ईरान का कुवैत में अटैक

**तेल अवीव/ तेहरान/ वाशिंगटन।** ईरान में सीजफायर के ऐलान के कुछ घंटों बाद हमला हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार को ईरान के लवन आइलैंड की तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। लोकल समय के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे हमले के बाद रिफाइनरी में आग लग गई। इस बीच कुवैत ने भी दावा किया कि सीजफायर के बावजूद ईरान की ओर से ड्रोन हमला किया गया। कुवैत के रक्षा मंत्रलय के प्रवक्ता कर्नल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी के मुताबिक, सुबह से अब तक 28 ईरानी ड्रोन इंटरसेप्ट (मार गिराए) गए हैं। अल-ओतैबी के अनुसार, कुछ ड्रोन देश के दक्षिणी हिस्से तक पहुंचे और अहम ठिकानों को निशाना बनाया। इन ठिकानों में तेल के बड़े प्लांट, बिजली घर और पानी के डीसैलिनेशन प्लांट शामिल हैं, जिनसे जुड़ी सुविधाओं को नुकसान हुआ है।

### युद्धविराम विश्व शांति के लिए बड़ा दिन: ट्रम्प



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम को विश्व शांति के लिए एक बड़ा दिन बताया और कहा कि अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि ईरान ऐसा चाहता है, क्योंकि वे तंग आ चुके हैं।

इसी तरह बाकी सभी भी तंग आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट में यातायात बढ़ाने में मदद करेगा और कई सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि खूब पैसा बनाया जाएगा और ईरान पुनर्निर्माण प्रक्रिया शुरू कर सकता है। ट्रम्प ने कहा कि हम हर तरह की आपूर्ति लेकर आएंगे और यहीं आसपास मंडराते रहेंगे, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सब कुछ ठीक चल रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सब कुछ ठीक चलेगा। ट्रम्प ने कहा कि यह अमेरिका की तरह पश्चिम एशिया का स्वर्ण युग हो सकता है।

### भारत ने किया युद्धविराम का स्वागत

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए युद्धविराम का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी। विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम पर बुधवार को एक वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि भारत पहले से ही इस विवाद के संवाद और कूटनीति से समाधान पर जोर देता रहा है। मंत्रालय ने कहा है कि हम युद्धविराम का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी। जैसा कि हम पहले भी लगातार कहते रहे हैं, तनाव में कमी, संवाद और कूटनीति ही संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए आवश्यक हैं। इस संघर्ष ने पहले ही लोगों को अत्यधिक कष्ट पहुंचाया है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति तथा व्यापारिक नेटवर्क को बाधित किया है।

### भारत की ईरान में रहने वाले अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के मद्देनजर ईरान में रह रहे अपने नागरिकों से दूतावास द्वारा सुझाए गए मार्गों का उपयोग करते हुए जल्द से जल्द देश से बाहर निकालने की अपील की है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने इस संबंध में जारी परामर्श को बुधवार को एक बार फिर जारी करते हुए भारतीय नागरिकों को ईरान छोड़ने की सलाह दी है। दूतावास ने परामर्श में कहा है, सात अप्रैल की सलाह के क्रम में और हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर, ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को दृढ़तापूर्वक सलाह दी जाती है कि वे दूतावास के साथ समन्वय करके और दूतावास द्वारा सुझाए गए मार्गों का उपयोग करते हुए यथाशीघ्र ईरान से बाहर निकल जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का निधन

**नोएडा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का बुधवार तड़के चार बजे नोएडा के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को बुधवार दोपहर तीन बजे उनके नोएडा स्थित आवास (सेक्टर-40) से अंतिम यात्रा के लिए ले जाया गया। शाम करीब पांच बजे उन्हें निजामुद्दीन कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। वह लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रही थीं, कांग्रेस संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुकी थीं और गांधी परिवार के काफी करीबी रही थी। श्रीमती किदवई केंद्र सरकार में मंत्री रहीं, इसके अलावा वह हज कमेटी की अध्यक्ष भी रहीं।

### टीएमसी का आरोप: चुनाव आयोग ने पांच मिनट में भगाया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर टीएमसी और चुनाव आयोग आमने-सामने आ गए हैं। सांसद डेरेक ओ'ब्रायन के नेतृत्व में टीएमसी का प्रतिनिधि मंडल बुधवार सुबह दिल्ली में चुनाव आयोग से मिलने पहुंचा। डेरेक ने कहा कि हमने एसआईआर के मुद्दे पर समय मांगा था, लेकिन मीटिंग के दौरान हमारे साथ खराब व्यवहार किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त (ईसी) ने हमें सिर्फ 5 मिनट में भगा दिया।

## जो भक्त नहीं, वो धार्मिक परंपरा को चुनौती कैसे दे रहा

### सबरीमाला केस में सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार से सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



- शीर्ष अदालत ने कहा: ऐसी याचिकाओं पर सुनवाई क्यों हो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से पूछा कि जो लोग भगवान अयप्पा के भक्त नहीं हैं, वे केरल के सबरीमाला मंदिर की परंपराओं को कैसे चुनौती दे सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे पर 7 सवाल तय किए हैं।

इनमें से एक सवाल यह है कि क्या कोई व्यक्ति, जो किसी धार्मिक संप्रदाय या समूह से संबंधित नहीं है, उस धार्मिक संप्रदाय या समूह की किसी प्रथा को जनहित याचिका (पीआईएल) के माध्यम से चुनौती दे सकता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि सबरीमाला मामले में याचिकाकर्ता कौन थे। मूल याचिकाकर्ता भक्त नहीं थे। किसी भी भक्त ने इस प्रथा को चुनौती देने के लिए अदालत का रुख नहीं किया। तो फिर ये रिट याचिकाकर्ता कौन हैं, जो इसे चुनौती दे रहे हैं। मेहता ने जवाब दिया कि मूल याचिकाकर्ता 'इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन' नामक वकीलों का एक संगठन है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि वे भक्त नहीं हैं, लेकिन हमें यह स्पष्ट करना होगा। क्या भगवान अयप्पा का कोई भी भक्त इस परंपरा को चुनौती देते हुए रिट याचिका दायर कर सकता है और यदि कोई गैर-भक्त, जिसका उस मंदिर से कोई संबंध नहीं है, इसे चुनौती देता है, तो क्या यह अदालत ऐसी याचिका पर सुनवाई कर सकती है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कोई सेक्युलर अदालत किसी धार्मिक प्रथा को सिर्फ अंधविश्वास नहीं कह सकती, क्योंकि उसके पास ऐसा तय करने की विशेषज्ञता नहीं होती। उन्होंने कहा कि जो चीज नागालैंड के किसी समुदाय के लिए धार्मिक हो सकती है, वही मेरे लिए अंधविश्वास लग सकती है।

## रेपो रेट में बदलाव नहीं, लोन नहीं होंगे महंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो



- आरबीआई ने ब्याज दर 5.25 फीसदी पर बरकरार रखी, 2025 में चार बार में 1.25 फीसदी की कटौती

**नई दिल्ली।** नए वित्त वर्ष की पहली मीटिंग में रेपो रेट में बदलाव नहीं किया गया है। इसे 5.25 फीसदी पर बरकरार रखा है। इससे लोन महंगे नहीं होंगे और ईएमआई नहीं बढ़ेगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 8 अप्रैल को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी के फैसलों की जानकारी दी। इससे पहले फरवरी में भी रेपो रेट में बदलाव नहीं हुआ था।

आरबीआई ने आखिरी बार दिसम्बर 2025 में ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाकर 5.25 फीसदी की थी। आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है, उसे रेपो रेट कहते हैं। जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो बैंक इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। 2025 में चार बार में 1.25 फीसदी की कटौती हुई। फरवरी 2025 में ब्याज दरों को 6.5 फीसदी से घटाकर 6.25 फीसदी कर दिया था। मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी। दूसरी बार अप्रैल में हुई मीटिंग में भी ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाई गई। जून में तीसरी बार आरबीआई में दरों में 0.50 फीसदी कटौती की थी। दिसम्बर में 0.25 फीसदी की कटौती के बाद ब्याज दरें 5.25 फीसदी पर आ गई थी। आरबीआई गवर्नर के मुताबिक, महंगाई में उछाल का खतरा अभी टला नहीं है। खराब मौसम और बेमौसम बारिश से फल, सब्जियों और अनाज की कीमतें बढ़ने की आशंका है। ईरान-इजरायल जंग से सप्लाई चैन पर असर पड़ रहा है। आरबीआई अभी रुको और देखो की नीति अपना रहा है। ग्लोबल मार्केट में मची उथल-पुथल को देखते हुए आरबीआई जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेना चाहता।

## किसानों के लिए खाद सब्सिडी 4,317 करोड़ बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 1,350 में ही मिलेगा डीएपी बैग
- 40 हजार करोड़ के दो हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट को भी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को 1.74 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स और प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। इन फैसलों में कृषि, ऊर्जा और शहरी परिवहन शामिल है।

कैबिनेट ने खरीफ सीजन 2026 के लिए एनबीएस स्कीम को मंजूरी दी है। सरकार फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों पर करीब 41,533 करोड़ रुपये खर्च करेगी। यह पिछले साल के बजट से करीब 4,317 करोड़ ज्यादा है। नई दरें 1 अप्रैल से 30 सितम्बर तक लागू रहेंगी। सरकार के इस फैसले का मकसद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे माल की कीमतों में हो रहे उतार-चढ़ाव से किसानों को बचाना है। कोरोना के बाद डीएपी की कीमतें तेजी से बढ़ी है, लेकिन सरकार ने किसानों के लिए खुदरा कीमत को 1,350 प्रति 50 किलो बैग पर स्थिर रखा है। सरकार ने एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी प्रोजेक्ट के लिए संशोधित लागत को मंजूरी दे दी है। अब इस प्रोजेक्ट पर 79,459 करोड़ खर्च होंगे। राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा में स्थित यह रिफाइनरी 9 एमएमटीपीए क्षमता वाली होगी। ऑपरेशन जुलाई से शुरू हो सकते हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर में मेट्रो विस्तार के लिए फेज-2 को मंजूरी मिल गई है। 13,038 करोड़ की लागत वाले इस प्रोजेक्ट के तहत प्रहलादपुरा से टोडी मोड़ तक 41 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर बनेगा। इससे जयपुर और आसपास के इलाकों में ट्रांसपोर्ट सिस्टम बेहतर होगा। ऊर्जा सुरक्षा के लिए कैबिनेट ने दो बड़े हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को भी मंजूरी दी है। 1,720 मेगावाट क्षमता वाले कमला हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट पर 26,070 करोड़ खर्च होंगे। वहीं 1,200 मेगावाट के कलई-2 हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट पर 14,106 करोड़ खर्च होंगे। एनबीएस का पूरा नाम न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडी है। यह योजना 2010 से लागू है। सरकार खाद की बोरी में मौजूद नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश और सल्फर की मात्रा के हिसाब से कंपनियों को पैसे देती है।

## उत्तराखंड के चारों धाम में बर्फबारी यूपी में आंधी से 15 की मौत

- मेरठ, बरेली और शाहजहांपुर में दोपहर में ओले गिरे

**नई दिल्ली।** देश में एक साथ दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होने से मौसम बदल गया है। उत्तराखंड के चारों धाम-केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में बर्फबारी हो रही है। राज्य के सभी जिलों में बारिश हो रही है।

यूपी के मेरठ, बरेली और शाहजहांपुर में दोपहर में ओले गिरे। लखनऊ, गोरखपुर, गोंडा, जौनपुर, अलीगढ़ समेत 25 जिलों में तेज हवाओं के साथ रुक-रुककर बारिश हो रही है। इस दौरान 60 किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। पिछले हफ्ते आंधी-बिजली से 15 लोगों की मौत हो चुकी है। मध्य प्रदेश में 3 साइक्लोनिक एक्टिविटी हैं। मौसम विभाग ने भोपाल, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, पन्ना, सतना, रीवा समेत 18 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। दतिया, निवाड़ी, छतरपुर और टीकमगढ़ में ओले गिर सकते हैं। जम्मू-कश्मीर के रामबन में लैंडस्लाइड से जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### युद्धविराम का स्वागत, स्थाई शांति की अपील: प्रमोद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस राज्यसभा सांसद और उप नेता प्रमोद तिवारी ने अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच हुए दो सप्ताह के युद्धविराम का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय विश्व शांति के लिए एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने बुधवार को ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि सभी पक्षों को सद्बुद्धि मिले और यह 15 दिनों का अस्थायी युद्धविराम स्थाई शांति समझौते में परिवर्तित हो। तिवारी ने कहा एक भारतीय होने के नाते उन्हें यह पीड़ा भी है कि आगे की शांति वार्ता पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में प्रस्तावित है, जिसमें चीन की भी महत्वपूर्ण भूमिका बताई जा रही है। उनके अनुसार यह स्थिति भारत की कूटनीतिक एवं राजनीतिक दृष्टि से चिंताजनक है।

### बैंकिंग तंत्र मजबूत बना हुआ है: आरबीआई गवर्नर

**मुंबई।** रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि देश का बैंकिंग तंत्र मजबूत बना हुआ है और एचडीएफसी बैंक के संचालन को कोई खामी नहीं पाई गई है। मल्होत्रा ने यहां मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में आश्वस्त किया कि देश का बैंकिंग तंत्र पूरी तरह से मजबूत बना हुआ है। पिछले दिनों एचडीएफसी बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के इस्तीफे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बैंकों के निदेशक मंडल की बैठकों के विवरण की नियमित रूप से जांच की जाती है और हमारे हिंसाब से एचडीएफसी बैंक के संचालन से संबंधित कोई खामी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दिशा-निर्देशों में बदलाव की जरूरत नहीं लगती है।

### किसानों को त्वरित राहत के निर्देश, क्षतिपूर्ति में नहीं होगी देरी: योगी

# अन्नदाताओं के साथ खड़ी है यूपी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने असमय वर्षा, ओलावृष्टि और कुछ स्थानों पर आगजनी की घटनाओं से रबी फसलों को हुए नुकसान पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

योगी ने बुधवार सुबह आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि इस संकट की घड़ी में राज्य सरकार अन्नदाताओं के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रभावित किसान एवं बटाईदार के नुकसान का सटीक, निष्पक्ष और समयबद्ध आकलन कर तत्काल क्षतिपूर्ति सुनिश्चित



■ रबी फसलों को हुए नुकसान पर गहरी संवेदना व्यक्त की, अफसरों को त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील कार्रवाई के निर्देश

की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर राजस्व, कृषि और अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ शीघ्र सर्वे कर रिपोर्ट शासन को भेजें, ताकि राहत वितरण में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने बीमा कंपनियों के साथ समन्वय बढ़ाते हुए फसल बीमा दावों के शीघ्र निस्तारण के भी निर्देश दिए। अधिकारियों को किसानों से सीधे संपर्क कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा गया है, जिससे अधिकतम राहत सुनिश्चित हो सके। राजस्व विभाग को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा राहत कोष से जनपदों को पर्याप्त धनराशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सहायता पारदर्शी और शीघ्रता से किसानों तक पहुंचे। आवश्यकता अनुसार राहत शिविर स्थापित किए जाएं और मंडी समितियों के माध्यम से भी सहयोग प्रदान किया जाए। अग्निकांड की घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने विशेष संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहानि या पशुहानि की स्थिति में 24 घंटे के भीतर राहत राशि दी जाए। साथ ही पात्र लाभार्थियों को कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ शीघ्र दिलाया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिन परिवारों के घर क्षतिग्रस्त या पूरी तरह नष्ट हो गए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराया जाए। राहत एवं पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### उप्र में 403 करोड़ से होगा डा. अंबेडकर की मूर्तियों के सौंदर्यीकरण का खर्च

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से डा. भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों पर छत्र लगवाने की घोषणा के क्रम में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिए हैं। योजना के तहत सरकार 403 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शासन स्तर पर प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह (प्रथम) की ओर से जारी आदेश के मुताबिक योजना के तहत मूर्तियों के चारों ओर बाउंड्रीवाल, छत्र निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाएंगे। साथ ही इन स्थलों को जनोपयोगी और जानकारीपरक बनाया जाएगा, जिससे सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 स्मारकों का विकास किया जाएगा।

## बारिश से बदला मौसम कई जिलों में चेतावनी जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र में लखनऊ समेत उप्र के कई हिस्सों में मंगलवार शाम तेज हवाओं, गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में पश्चिमी उप्र में कई स्थानों पर और पूर्वी उप्र में भी बारिश और गरज-चमक की गतिविधियां जारी रहेंगी।

प्रदेश में मंगलवार को दिनभर की तपिश के बाद शाम को अचानक मौसम सुहावना हो गया, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। शाम होते-होते लखनऊ में बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई। इसी तरह के हालात प्रदेश के अन्य जिलों में भी देखने को मिले। मौसम विभाग के पश्चिमी से पूर्वी उप्र तक कई जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई। सहारनपुर से लेकर सोनभद्र और आगरा तक मौसम का असर देखा गया। प्रदेश के कई जिलों में पांच मिमी तक



बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, प्रतापगढ़, प्रयागराज, मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, आजमगढ़, अंबेडकरनगर, संतकबीरनगर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, बदायूं, हरदोई और शाहजहांपुर में येलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां 40 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलने और हल्की गरज-चमक की संभावना है। बहराइच, बाराबंकी, सीतापुर, बस्ती, गोंडा, सुल्तानपुर और अमेठी में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में 41 से 61 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ मध्यम स्तर के तूफान की आशंका जताई गई है।

## बांटने की नीति पर भाजपा और उसके सहयोगी दल: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगियों पर जोरदार हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि उनकी नीतियां समाज में विभाजन और भय का माहौल पैदा कर रही हैं। यादव बुधवार को कहा कि ये लोग 'बांटो और राज करो' की सोच पर काम कर रहे हैं और देश के लोगों को आपस में लड़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि कुछ संगठन अपनी पहचान छुपाकर समाज में सक्रिय हैं और लोगों के बीच दरार पैदा करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे तत्वों को 'अनरजिस्टर्ड गिरोह' करार देते हुए आरोप लगाया कि ये समाज में अस्थिरता फैलाकर जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाना



चाहते हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि आम जनता शांति और भाईचारा चाहती है, लेकिन कुछ स्वार्थी लोग समाज में भय और अविश्वास का वातावरण बनाकर अपने राजनीतिक हित साधने में लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे लोग भोले-भाले लोगों को बहकाकर हिंसा और तनाव की स्थिति पैदा करते हैं। यादव ने दावा किया कि अब जनता इन तथ्यों को समझ रही है और ऐसे लोगों को अपने बीच जगह नहीं दे रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में जनता इन नीतियों को पूरी तरह खारिज कर देगी और देश में सकारात्मक बदलाव होगा।

## चित्रकूट में डिफेंस कॉरिडोर को मिली रफ्तार

चित्रकूट, वार्ता

यूपी के चित्रकूट में बन रहे डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को बड़ी गति मिली है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को 75 हेक्टेयर जमीन का आवंटन पत्र सौंपा। इस मौके पर बीईएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज जैन भी मौजूद रहे। सरकार के मुताबिक यह कदम चित्रकूट डिफेंस नोड के विकास में अहम माना जा रहा है।

बीईएल यहां करीब 562.5 करोड़ रुपये का निवेश कर अत्याधुनिक रक्षा निर्माण यूनिट लगाएगी। इस यूनिट में राडार और एयर डिफेंस सिस्टम तैयार किए जाएंगे। इससे 300 से ज्यादा लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा, जबकि आसपास के क्षेत्रों में अप्रत्यक्ष रूप से और भी रोजगार के अवसर बनेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक विकास



■ सीएम योगी ने बीईएल को सौंपा 75 हेक्टेयर जमीन का आवंटन पत्र

को नई गति मिलेगी। स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार मिलने से पलायन भी कम होगा। उन्होंने यह भी कहा कि चित्रकूट, जो अब तक अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के लिए जाना जाता था, अब रक्षा निर्माण के बड़े केंद्र के रूप में भी उभर रहा है। सरकार का मानना है कि इस प्रोजेक्ट से आत्मनिर्भर भारत मिशन को मजबूती मिलेगी। देश में ही रक्षा उपकरण बनने से आयात पर निर्भरता घटेगी और स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही इस परियोजना से छोटे और मध्यम उद्योगों को भी फायदा होगा और नए निवेश के रास्ते खुलेंगे। चित्रकूट डिफेंस नोड में बीईएल की एंट्री उत्तर प्रदेश को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में एक मजबूत पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

### मेरठ-बरेली में ओले गिरे मुजफ्फरनगर में सड़क धंसी

**लखनऊ/मेरठ।** यूपी में बुधवार सुबह से लखनऊ, गोंडा, गोरखपुर, जौनपुर और अलीगढ़ समेत 25 जिलों में तेज हवाओं के साथ रुक-रुककर बारिश हो रही है। दोपहर में मेरठ, बरेली, शाहजहांपुर और लखीमपुर में ओले गिरे। सड़कों-खेतों में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। अब तक भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से एक हफ्ते में 20 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 12 लोग घायल हैं।

आंधी से बाराबंकी में चलती रोडवेज बस पर पेड़ गिर गया। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई। मुजफ्फरनगर में 20 फीट सड़क धंस गई। ग्रामीण इलाकों में कई जगह खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल डूब गई। मौसम विभाग ने 47 जिलों में बारिश और 9 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 60 किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिम विक्षोभ की वजह से मौसम बदल गया है। गुरुवार से इसका असर खत्म हो जाएगा, लेकिन 11 अप्रैल से नया विक्षोभ एक्टिव होगा। इससे मौसम फिर से बिगड़ेगा। तेज हवाओं के साथ बारिश होगी। तापमान में 4 से 6 डिग्री तक गिरावट आएगी। 9 अप्रैल को पूर्वी और पश्चिमी यूपी में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होगी। पूर्वी यूपी में आंधी के साथ ओले भी गिर सकते हैं। 10 अप्रैल को पूर्वी और पश्चिमी यूपी में मौसम साफ रहेगा।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 77562.90
निफ्टी 23997.35



सोना 154485
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 244261
प्रति किलो



स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

## युद्ध विराम की घोषणा से सेंसेक्स उछला

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्ध विराम की घोषणा से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली और बीएसई का संसेक्स चार फीसदी के करीब उछल गया। सेंसेक्स की शुरुआत सुबह 2,674 अंक की मजबूती के साथ हुई। पूरे दिन यह 2,300 अंक से अधिक की बढ़त में रहा और अंत में 2,946.32 अंक (3.95 प्रतिशत) ऊपर 77,562.90 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 873.70 अंक यानी 3.78 फीसदी की तेजी में 23,997.35 अंक पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 10 मार्च के बाद का उच्चतम स्तर है।

अमेरिका और ईरान में दो सप्ताह के लिए युद्ध विराम पर सहमति बनी है। इससे दुनिया भर में निवेश धारणा मजबूत हुई और शेयर बाजारों में तेजी रही। चौतरफा लिवाली के बीच ऑटो सेक्टर का सूचकांक साढ़े छह प्रतिशत से अधिक चढ़ा। रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों के लिए राहत के उपायों की घोषणा से बैंकिंग सेक्टर का सूचकांक साढ़े पांच प्रतिशत से ज्यादा मजबूत हुआ। रियलटी में पौने सात फीसदी की और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह में पांच प्रतिशत से



अधिक की तेजी रही। धातु और मीडिया समूहों के सूचकांक भी ढाई से तीन प्रतिशत तक चढ़े। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 4.09 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 4.39 फीसदी की बढ़त में रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर आठ फीसदी से ज्यादा उछल गया। एलएंडटी में साढ़े सात प्रतिशत और बजाज फाइनेंस में सात प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाइटन के शेयर छह से सात प्रतिशत चढ़े। बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक और इटरनल के शेयर पांच से छह फीसदी ऊपर बंद हुए। कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा स्टील में तीन से चार फीसदी की तेजी देखी गई। भारतीय स्टेट बैंक और ट्रेंट के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक चढ़े। हिंदुस्तान यूनीलिवर, भारतीय एयरटेल, एनटीपीसी, आईटीसी और बीईएल के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच मजबूत हुए।

### सोना और चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** बुधवार पूर्वान्ह 11.24 बजे एमसीएक्स में 10 ग्राम सोने की कीमत 1,54,485 रुपये चल रही है। सोने ने अब तक 1,53,301 रुपये प्रति 10 ग्राम को लो और 1,54,485 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई बनाया है। केडिया एडवाइजरी ने बताया कि अगर ऐसी तेजी रही और युद्ध फिर से शुरू नहीं होता, तो 10 ग्राम सोने की कीमत 1,65,000- 1,70,000 रुपये तक जा सकती है। दोपहर 3.30 बजे एमसीएक्स में 1 किलो चांदी की कीमत 2,44,261 रुपये है। अगर इसे ऑल टाइम रिकॉर्ड से तुलना करें, तो चांदी में अब तक 1.75 लाख रुपये से ज्यादा गिरावट आ चुकी है। हालांकि आज सोना-चांदी दोनों में तेजी देखी जा रही है। आज सोने-चांदी में जबरदस्त उछाल के साथ ही शेयर बाजार में भी फिर से रौनक लौट आई है।

## चावल, दालों में तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव चढ़ गया। दालों में भी तेजी रही। गेहूं में नरमी देखी गई, जबकि चीनी की कीमत लगभग अपरिवर्तित रही। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 22 रुपये बढ़कर 3,867 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।

गेहूं नौ रुपये सस्ता हुआ और 2,771 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गयी। दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत 18 रुपये और तुअर दाल की 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल 15 रुपये और चना दाल 11 रुपये



प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल के दाम कमोबेश स्थिर रहे। अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्त्रा विराम पर सहमति बनने के बाद विदेशों में खाद्य तेलों में तीन प्रतिशत से अधिक की बड़ी गिरावट देखी गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 179 रिंगिट गिरकर 4,586 रिंगिट प्रति टन पर रहा। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.65 प्रतिशत फिसलकर 66.87 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 66 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल और वनस्पति के भाव 33.33 रुपये बढ़े। सूरजमुखी तेल 25 रुपये महंगा हुआ। पाम ऑयल 13 रुपये और सोया तेल छह रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी गत दिवस के स्तर पर टिकी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7696.53 रुपये, मसूर काली 8074.67 रुपये, मूंग दाल 10159.39 रुपये, उड़द दाल 10802.25 रुपये, तुअर दाल 11287.87 रुपये प्रति क्विंटल रही।

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### अनुकंपा नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी देने वाली अनुकंपा नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है। अब फर्जीवाड़ा और देरी की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। सरकार ने मृतक आश्रित सेवायोजन मॉड्यूल शुरू कर दिया है, जो मानव सम्पदा पोर्टल पर काम करेगा। इस नई व्यवस्था से आश्रितों को घर बैठे आसानी से आवेदन करने की सुविधा मिलेगी। पहले यह प्रक्रिया ऑफिसों में फाइलों के चक्कर में फंस जाती थी। कई बार फर्जी दस्तावेज और सिफारिशों के चलते गलत लोगों को लाभ मिल जाता था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ईरान के सामने...**

रूप से खोलने पर सहमत होगा। उन्होंने कहा कि ईरान की ओर से मिले 10-सूत्री प्रस्ताव को वार्ता के लिए व्यावहारिक आधार माना गया है और अधिकांश मतभेदों को सुलझा लिया गया है। इस बीच, श्री अराघची ने पुष्टि की कि ईरान दो सप्ताह के युद्धविराम के लिए सहमत है और इस दौरान होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी। श्री अराघची ने युद्धविराम में भूमिका निभाने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने एक्स पर कहा कि इस्लामिक गणराज्य ईरान की ओर से मैं अपने प्रिय भाइयों, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ और फील्ड मार्शल मुनीर के क्षेत्र में युद्ध समाप्त करने के अथक प्रयासों के लिए आभार व्यक्त करता हूं। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि 10 अप्रैल से पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता शुरू होगी। परिषद ने यह भी स्पष्ट किया कि यह वार्ता युद्ध का अंत नहीं है और यदि किसी भी पक्ष की ओर से उल्लंघन हुआ तो ईरान कड़ा जवाब देगा। दूसरी ओर, श्री शरीफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि अत्यंत विनम्रता के साथ, मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इस्लामिक गणराज्य ईरान और अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ मिलकर लेबनान और अन्य स्थानों सहित हर जगह तत्काल युद्धविराम के लिए सहमत हो गए हैं, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उन्होंने कहा कि मैं इस विवेकपूर्ण कदम का हार्दिक स्वागत करता हूं और दोनों देशों के नेतृत्व के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। साथ ही, मैं उनके प्रतिनिधिमंडलों को शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 को इस्लामाबाद आमंत्रित करता हूं, ताकि सभी विवादों को सुलझाने के लिए एक निर्णायक समझौते के लिए आगे की बातचीत की जा सके। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था, लेकिन अब युद्धविराम और प्रस्तावित वार्ता से कूटनीतिक समाधान की संभावना बनी है।

## आतंकी संगठनों से कथित संबंध रखने पर दो सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इन पर पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े होने के आरोप हैं।

सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई 'आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत की गई है। बर्खास्तगी अनुच्छेद 311(2)(सी) के अंतर्गत की गई, जो सरकार को विशेष परिस्थितियों में बिना विभागीय जांच के कर्मचारियों को हटाने का अधिकार देता है। उपराज्यपाल ने स्पष्ट किया है कि सरकारी मशीनरी से आतंकवाद का पूरी तरह सफाया होने तक कार्रवाई जारी रहेगी। पहले बर्खास्त कर्मचारी की पहचान फरहत अली खांडे के रूप में हुई है, जो रामबन में शिक्षा विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। जांच में सामने आया कि वह हिजबुल मुजाहिदीन के लिए काम कर रहा था और सरकारी नौकरी को आड़ बनाकर क्षेत्र में आतंकी नेटवर्क मजबूत करने में जुटा था। वर्ष 2011 में एक हवाला नेटवर्क के खुलासे के दौरान उसका नाम सामने आया था, जो मारे गए आतंकियों के परिवारों तक पैसा पहुंचाने में लगा था। वर्ष 2022 में उसके खिलाफ विशेष अदालत में चार्जशीट भी दाखिल की गई थी। दूसरा बर्खास्त कर्मचारी मोहम्मद शफी डार हैं, जो बांदीपोरा में ग्रामीण विकास विभाग में कार्यरत था। जांच में सामने आया कि वह लश्कर-ए-तैयबा के लिए सहयोगी के रूप में काम कर रहा था सूत्रों के अनुसार, वह आतंकियों को सुरक्षित ठिकाने उपलब्ध कराने, उनकी आवाजाही में मदद करने, सुरक्षा बलों की गतिविधियों की जानकारी साझा करने और नेटवर्क तैयार करने में शामिल था।

## वीआरएस क्यों ले रहे हैं आईएएस

### बढ़ती प्रवृत्ति ने बढ़ाई यूपी सरकार की चिंता

**लखनऊ।** उप्र में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लेने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। हाल के महीनों में कई अफसरों ने समय से पहले सेवा छोड़ने का विकल्प चुना है, जिससे प्रशासनिक गलियारों में यह चर्चा का विषय बन गया है। रिपोर्ट के अनुसार वीआरएस लेने के पीछे कई कारण सामने आ रहे हैं। इनमें कार्य का अत्यधिक दबाव, प्रशासनिक चुनौतियां और निजी कारण प्रमुख हैं। कई अधिकारी बेहतर अवसरों और निजी क्षेत्र में करियर बनाने के लिए भी यह कदम उठा रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ अधिकारी स्वास्थ्य कारणों और पारिवारिक जरूरतों के चलते भी समय से पहले सेवानिवृत्ति ले रहे हैं।

■ हाल के महीनों में कई अफसरों ने समय से पहले सेवा छोड़ी

वहीं कुछ मामलों में नौकरी के बढ़ते तनाव और सीमित संसाधनों के बीच काम करने की परिस्थितियां भी बड़ा कारण बन रही हैं। हाल के महीनों में केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति लेने की प्रवृत्ति भी बढ़ी है। अधिकारियों का मानना है कि केंद्र में काम करने से बेहतर समन्वय और अनुभव मिलता है। साथ ही करियर विकास के अवसर भी ज्यादा होते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बड़ी संख्या में अधिकारियों का वीआरएस लेना प्रशासनिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। पहले से ही अधिकारियों की कमी झेल रहे राज्य में यह स्थिति कामकाज को प्रभावित कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, कई जिलों में प्रशासनिक अधिकारियों की कमी (लगभग 16 प्रतिशत तक) पहले से ही बनी हुई है। ऐसे में अनुभवी अधिकारियों का सेवा छोड़ना शासन-प्रशासन के लिए चुनौती बन सकता है। कुछ अधिकारियों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में कार्य का दबाव बढ़ा है और कामकाजी माहौल भी काफी चुनौतीपूर्ण हुआ है। यही वजह है कि कई अधिकारी वीआरएस को बेहतर विकल्प मान रहे हैं। राज्य के एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने बताया कि कुल मिलाकर उप्र में वीआरएस लेने की बढ़ती प्रवृत्ति प्रशासनिक तंत्र के लिए एक गंभीर संकेत है। जिस पर सरकार और नीति-निर्माताओं को ध्यान देने की जरूरत है। इतनी बड़ी सेवा में शामिल होने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है।

# सेंट्रल मार्केट: व्यापारियों के सामने खड़ा हुआ रोजी रोटी का संकट

## मुस्तैदी के साथ व्यापारियों के बीच खड़े रहे विधायक अतुल प्रधान






सरधना विधायक अतुल प्रधान को अपनी पीड़ा सुनाते सेंट्रल मार्केट के व्यापारी, सेंट्रल मार्केट में सीलिंग के दौरान पुलिस फोर्स।





दुकानों को सील करते आवास विकास परिषद् के कर्मचारी। सीलिंग से परेशान महिला अपनी दुकान के लिए रोती बिलखती हुई।

### ध्वस्तीकरण को लेकर व्यापारियों ने किया हंगामा, गहमा-गहमी का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर के शास्त्रीनगर स्थित सेंट्रल मार्केट में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद चल रही सीलिंग की कार्रवाई के दौरान बुधवार को जमकर हंगामा हो गया। आवास विकास परिषद की टीम जब प्रतिष्ठानों को सील करने पहुंची तो व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने टीम का घेराव कर दिया और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। बुधवार को भी भाजपा नेता गायब रहे और सपा विधायक अतुल प्रधान ही व्यापारियों के साथ दिखाई दिए। उन्होंने व्यापारियों के साथ आखरी छोर तक खड़े रहने की बात कही लेकिन ऐसे में भी कुछ व्यापारी भाजपा के खिलाफ हो रही नारेबाजी से नाराज दिखे।

## जब बेहोश व्यापारी को विधायक अतुल प्रधान ने उठाकर हॉस्पिटल भिजवाया



साहिल प्लाजा को सील किए जाने के विरोध में व्यापारियों ने आवास विकास परिषद के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इसी बीच समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान भी सेंट्रल मार्केट पहुंच गए और व्यापारियों से बात. चीत की। प्रदर्शन के दौरान धरने पर बैठे एक व्यापारी की अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। अचानक तबियत बिगड़ने के बाद वहां अफरा तफरी का माहौल बन गया। बेहोश व्यापारी को विधायक अतुल प्रधान ने तुरंत जमीन से उठाया और अपनी गोद में उठाकर एम्बुलेंस तक पहुंचाया। इस दौरान व्यापारी नेता शैंकी वर्मा भी उनके साथ दिखाई दिए। व्यापारी की हालत बिगड़ती देख काफी देर तक सीलिंग की कार्रवाई प्रभावित रही।

## यह व्यापारियों का उत्पीड़न है: नीरज मित्तल



संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष नवीन गुप्ता और नीरज मित्तल समेत कई व्यापारी मौके पर पहुंचे। नीरज मित्तल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का अभी तक लिखित आदेश नहीं आया है लेकिन उसके बावजूद आवास विकास परिषद के अधिकारी जबरन व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जो कुछ भी हो रहा है वह आवास विकास परिषद के भ्रष्ट अधिकारियों की बदौलत हुआ है। जब तक ध्वस्तीकरण को लेकर सुप्रीम कोर्ट का लिखित आदेश नहीं आ जाता तब तक व्यापारियों के साथ ऐसा बर्ताव सही नहीं है। पूरा देश सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का सम्मान करता है। सुप्रीम कोर्ट से ऊपर कोई नहीं है लेकिन व्यापारियों का ऐसा उत्पीड़न किसी कीमत पर भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## जैसे ही लगे भाजपा विरोधी नारे तो नाराज हुए एडीएम



सेंट्रल मार्केट पर सीलिंग का विरोध कर रहे व्यापारी जिस वक्त धरना प्रदर्शन कर रहे थे उस वक्त व्यापारी नेता जीतू नागपाल ने नारे लगाने शुरू कर दिए। सभी ने नारा लगाते हुए कहा कि 'मोदी तेरे राज में कटोरा आ गया हाथ में' जैसे ही यह नारे लगे वैसे ही मेरठ एडीएम नाराज हो गए। उन्होंने विरोध प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों को हड़काना शुरू कर दिया। साथ ही साथ उन्होंने व्यापारी से कहा कि तुम समाजवादी से हो अपनी राजनीति कहीं और जाकर करो। इसके बाद व्यापारियों ने जमकर इस बात का विरोध किया और अपनी नाराजगी जताते हुए कहा कि अधिकारी को यहां भी भाजपा प्रेम दिखाई दे रहा है जबकि व्यापारी पूरी तरह बर्बाद होने की कगार पर आ चुका है।

## हिंदूवादी नेता बोले अमित शाह के घर का करेंगे घेराव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सेंट्रल मार्केट प्रदर्शन के दौरान हिंदूवादी नेता सचिन सिरोही ने कहा कि वह पहले दिन से ही व्यापारियों के साथ है और इस कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं। जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि हिंदुओं की सरकार और हिंदुओं का उत्पीड़न हो रहा है ऐसे में भाजपा नेता कहां गायब हैं तो उस पर सचिन सिरोही ने कहा कि वह अपने हिंदू भाइयों से अपील करते हैं कि वह सेंट्रल मार्केट से लेकर उनके साथ दिल्ली अमित शाह के घर का घेराव करने चलें। अमित शाह के घर का घेराव करके ही इस मसले का हल होगा। उन्होंने साफ कहा कि वह इस कार्रवाई को हिंदू विरोधी मानते हैं और भाजपा नेताओं की इससे दूरी बहुत गलत है। उन्होंने साफ तौर पर भाजपा सरकार को जमकर सुनाई और लोगों से दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह के आवास का घेराव करने की अपील की।

## व्यापारियों ने बिजली कनेक्शन काटने का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सेंट्रल मार्केट शास्त्री नगर के व्यापारियों के सामने संकट के बादल और गहराते नजर आ रहे हैं। एक ओर आवास विकास परिषद द्वारा ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्रवाई जारी है, वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग ने भी मंगलवार को व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बिजली कनेक्शन काटने का प्रयास किया। इस कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया और विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे भारतीय किसान आंदोलन के अध्यक्ष कुलदीप त्यागी ने व्यापारियों का समर्थन करते हुए कहा कि सभी व्यापारियों ने कमर्शियल रजिस्ट्री कराने के बाद विधिवत प्रक्रिया के तहत ही बिजली कनेक्शन लिए हैं। साथ ही वे नियमित रूप से अपने विद्युत बिलों का भुगतान भी करते आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना किसी पूर्व नोटिस के कनेक्शन काटने का प्रयास करना पूरी तरह अनुचित है और यह व्यापारियों का उत्पीड़न है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की कार्रवाई बंद नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## सरधना में नगर पालिका व जल निगम की लापरवाही से हड़कंप

### गड्ढों में गिरे वाहन, अफरा-तफरी मची, घंटों जाम से जूझे राहगीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर में चल रहे निर्माण कार्यों की अव्यवस्था ने बुधवार को आम जनता के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी कर दी। तहसील रोड पर सड़क निर्माण और पाइपलाइन डालने के कार्य के बीच तालमेल के अभाव और सुरक्षा मानकों की अनदेखी के चलते कई वाहन गहरे गड्ढों में जा गिरे, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लंबा जाम लग गया।

नगर पालिका द्वारा तहसील रोड पर सड़क निर्माण कराया जा रहा है, वहीं जल निगम की ओर से उसी मार्ग पर पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी चल रहा है। पाइपलाइन डालने के लिए सड़क को जगह-जगह खोद दिया गया, लेकिन इन गड्ढों के आसपास न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया और न ही बैरिकेडिंग की गई। बुधवार को हुई हल्की बारिश के बाद ये गड्ढें पानी से भर गए, जिससे उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे बजरंग दल नेता अभिषेक चौहान की कार बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने अचानक गड्ढें में जा गिरी। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। इतना ही नहीं, कुछ ही देर बाद ट्रैक्टर लेकर जा रहे किसान जमील का वाहन भी संतुलन बिगड़ने के कारण उसी गड्ढें में फंस गया। एक के बाद एक वाहनों के फंसने से सड़क पर लंबा जाम लग गया और राहगीरों को घंटों तक परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका और जल निगम के बीच किसी प्रकार का समन्वय नहीं है। बिना सुरक्षा इंतजाम के सड़क को खोदकर छोड़ दिया गया, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने यह भी कहा कि कई दिनों से गड्ढें खुले पड़े हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर जल विभाग के जेई विपिन वर्मा ने बताया कि ठेकेदार को तत्काल सूचित कर दिया गया है। साथ ही जेसीबी मशीन भेजकर गड्ढों में फंसे वाहनों को बाहर निकलवाया गया और यातायात को सुचारू कराया गया। हालांकि, इस घटना ने एक बार फिर नगर में चल रहे निर्माण कार्यों की लापरवाही को उजागर कर दिया है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए, गड्ढों के पास चेतावनी बोर्ड और बैरिकेडिंग लगाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।







सरधना के तहसील रोड़पर गड्ढों में गिरा ट्रैक्टर व कार का दृश्य।

## परीक्षितगढ़ महोत्सव का हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर में तीन माह से चल रहे परीक्षितगढ़ महोत्सव का विशाल हनुमान चालीसा पाठ के साथ धूमधाम से समापन हुआ। नगर के सुभाष चौक में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों महिला पुरुषों ने एक साथ हनुमान चालीसा की वहीं समिति अध्यक्ष विष्णु अवतार रुहेला ने सुंदरकांड की कथा का वर्णन किया जिसमें एक से एक सुंदर भजन भी बीच-बीच में प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया।उन्होंने बताया कि हर माह के प्रथम मंगलवार को नगर के अलग अलग स्थानों पर हनुमान चालीसा का विशाल आयोजन किया जाएगा इस अवसर पर कपिल यादव, रामनारायण शर्मा, कृष्ण गोपाल शर्मा, निशांत गर्ग, शिव कुमार सोनी ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाए। इस अवसर पर पूनम रुहेला, स्वाति चौधरी, आरती यादव, आंचल बंसल, निखिल अग्रवाल, मिहिर सिंघल, सभासद कमलकांत सिंघल, मा, राजेंद्र प्रसाद गर्ग, गुल्लू गुर्जर, राम अवतार गुप्ता, अरविन्द रस्तोगी, वरिष्ठ पत्रकार मुनेंद्र त्यागी, विपिन प्रजापति, प्रवीण कश्यप, मा कैलाश, सचिन कुमार, अभिषेक, आदि मौजूद रहे।

## एलेक्जेंडर एथलैटिक क्लब में ओपन स्नूकर प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को एलेक्जेंडर एथलैटिक क्लब में एलेक्जेंडर एथलैटिक क्लब ऑफ इण्डिया ओपन स्नूकर प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तर प्रदेश बिलियर्ड एवं स्नूकर एसोसिएशन के अध्यक्ष कुश भार्गव द्वारा किया गया। कुश भार्गव ने प्रतियोगिता की तारीफ करते हुए कहा कि हर वर्ष उन्नति और प्रगति की ओर जा रह है। उन्होंने आयोजन सचिव एवं सहयोगी तथा क्लब प्रबंध समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि सन् 2032 में क्लब को 100 वर्ष पूरे हो जाएंगे। 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जो प्रतियोगिता होगी वह बहुत बड़ी होगी। उन्होंने बताया कि 20 जिलों में रजिस्ट्रेशन कराने की प्रतियोगिता चल रही है जिससे स्नूकर को बहुत बढ़ावा मिलेगा। बुधवार को खेले गए मैचों में अभिनव सिंह ने अभिषेक अग्रवाल को, सिरजन सिंह ने ध्रुव गुप्ता को, डाय जनेश्वर ने स्नेहिल गुप्ता को, सौरभ आनंद साहिल कुमार को, जितेन्द्र सोनी ने आदित्य श्रीवास्तव को, अमित वर्मा ने सिद्धार्थ वरूण को हराया। सुहेल अंसारी को धनंजय मिश्रा से वॉक ऑवर मिला। मैच शुरू होने से पहले मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ मनमीत भाटिया, सचिव हरियाणा व मनीषा शर्मा बिलियर्ड एसेसरीज की ऑनर को भी सम्मानित किया गया। प्रतीक चिन्ह उपाध्यक्ष जय प्रकाश अग्रवाल, सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष राहुल दास, अमन अग्रवाल द्वारा दिए गए। इस अवसर पर संजय शर्मा, आनंद अरोरा, संजय राठी, अंशुल अग्रवाल, सुभाष सक्सैना आदि उपस्थित रहे।

## बैठक कर कांग्रेसियों ने मेरठ बंद का किया समर्थन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को कांग्रेस के कार्यालय पर महानगर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेंट्रल मार्केट प्रकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि मेरठ के व्यापारियों द्वारा घोषित मेरठ बंद के आह्वान का कांग्रेस पार्टी पूर्ण समर्थन करती है। कांग्रेस पार्टी इस संघर्ष में व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। बैठक में महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला, जाहिद अंसारी, सलीम खान, धूम सिंह गुर्जर, रीना शर्मा, कमल जायसवाल, अशोक आर्य सहित अन्य वरिष्ठ नेता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। रंजन शर्मा एवं अवनीश कजला ने कहा कि सेंट्रल मार्केट के व्यापारी वर्षों से अपनी मेहनत और ईमानदारी से रोजगार चला रहे हैं, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में उनके साथ अन्याय होने जा रहा है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़ी है। हम सरकार से मांग करते हैं कि व्यापारियों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए कोई ऐसा रास्ता निकाला जाए जिससे व्यापरियों को राहत मिल सके।

# अनियंत्रित होकर खाई में पलटी स्कूल बस, बच्चों में मची चीख पुकार

## सैंट मैरी एकेडमी की बस में सवार थे 50 से ज्यादा बच्चे, घायलों को निजी अस्पतालों में दिलाया गया उपचार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला/लावड़।** बुधवार की सुबह सवेरे दौराला लावड़ मार्ग पर काली नदी के निकट स्कूल से 100 मीटर की दूरी पर एक स्कूल बस अचानक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई जिससे बस में सवार बच्चों में चीख पुकार मच गई। बताया जाता है कि बस में करीब 50 बच्चे सवार थे जो लावड़, चिंदौड़ी, मवी मीरा आदि गावों के रहने वाले हैं।

मिली जानकारी के अनुसार दौराला लावड़ मार्ग पर काली नदी के निकट खेड़ी टप्पा मार्ग पर सैंट मैरी एकेडमी है जिसमें काफी संख्या में क्षेत्र के बच्चे पढ़ते हैं। बताया जाता है कि हर रोज की तरह बुधवार की सुबह सवेरे सैंट मैरी एकेडमी की बस चिंदौड़ी, लावड़, मवी मीरा आदि गावों से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी तभी स्कूल के निकट पहुंचने पर बस अचानक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई जिससे बस में सवार बच्चों में चीख पुकार मच गई बताया जाता है कि बस में करीब 50 बच्चे मौजूद थे। तभी राहगीरों ने किसी तरह बच्चों को बाहर निकाला वहीं बच्चे बाहर निकलने के बाद भी चीखते चिल्लाते नजर आए जिससे सभी लोगों का दिल भर आया। कुछ हो देर बाद बच्चों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और बदहवास होकर अपने अपने बच्चों को तलाशने लगे कोई अपने बच्चे का बैग उठाकर रो रहा था तो कोई बच्चों को पुकारते हुए रो रहा था। इतना भयानक हादसा देखकर हर कोई उदास नजर आ रहा था। वहीं मौका पाकर बस चालक रूमान निवासी लावड़ मौके से फरार हो गया। वहीं परिजन अपने अपने घायल बच्चों को एसडीएस ग्लोबल व कंकरखेड़ा के कैलाशी हॉस्पिटल में उपचार दिलाया। गनीमत रही कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। कुछ समय बाद ही बच्चों के परिजन ओर काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग स्कूल में जमा हो गए और जमकर हंगामा किया। सूचना पर सीओ अभिषेक पटेल, दौराला थाना प्रभारी सुमन सिंह, नायब तहसीलदार राहुल सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और बच्चों के बारे में जानकारी जुटाकर जांच पड़ताल शुरू की हंगामा बढ़ता देख अधिकारियों ने अतिरिक्त पुलिस फोर्स मौके पर बुलाया और किसी तरह हंगामा कर रहे लोगों को समझाते हुए कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### आधा दर्जन से अधिक एक्सपायर गाड़ियों में स्कूल ले जाया जा रहा बच्चों को

हंगामा कर रहे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन उनसे ट्रांसपोर्ट के नाम पर मोटे रुपए वसूल करता है इसके बाद भी उनके बच्चों की जान जोखिम में डालकर उन्हें एक्सपायर गाड़ियों में ले जाया जा रहा है जिनमें कुछ मैजिक व बस भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एक आध गाड़ी को छोड़कर लगभग आधा दर्जन गाड़ियां ऐसी हैं जिनके पेपर एक्सपायर हो चुके हैं उनकी फिटनेस, इंश्योरेंस ओर पॉल्यूशन भी नहीं हैं। आरोप है कि उन एक्सपायर गाड़ियों को नशा करने वाले युवकों से भी चलवाया जा रहा है। आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी स्कूल प्रबंधन ने कोई संज्ञान नहीं लिया। ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए बस चालक रूमान व ट्रांसपोर्टर आसिफ को मौके पर बुलाने की मांग की जिस पर सीओ अभिषेक पटेल ने कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया।



हादसे के बाद सैंट मेरी स्कूल में पहुंचे अभिभावक।


फरिश्ता बने जॉनी से पूछताछ करते सीओ।

### छात्रा लावण्या की हालत गंभीर कैलाशी हॉस्पिटल में चल रहा इलाज




बस में सवार ज्यादातर बच्चों को चोट लगी हैं जिनमें लावड़ निवासी लावण्या पुत्री कमल ग्रोवर कक्षा 6 की हालत गंभीर बनी हुई है उसका कैलाशी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। वहीं लावड़ निवासी दीपम अग्रवाल कक्षा 4 को माथे पर चोट लगने की वजह से टांके लगाने के बाद घर भेज दिया गया। वहीं चिंदौड़ी निवासी देवांश को एसडीएस ग्लोबल में उपचार दिलाकर उसके चाचा सुमित घर ले गए।

### स्कूल प्रबंधन के अनुसार ये बच्चे थे बस में

भव्य विहान, अवनी, एंगल, कोकब, अनाबिया, अनाया, विराट, लक्ष्य, अर्निक, मयंक, शौर्य, आरव, युवराज, विवान, सक्छम विहान, अराधना, शिवराज, कनिष्का, परमदीप, उमर, अनामिका, ईहान रिजवी, कबीर, दीपम अग्रवाल, सादिक, उबैद सहित 35 बच्चों की सूची बनाकर दी गई जिसके बाद हंगामा हो गया लोगों का कहना था कि हादसे के समय बस में 50 से अधिक बच्चे सवार थे। वहीं हंगामा होते देख मैनेजमेंट हेड संजय शर्मा वहां से चले गए जब उनसे संपर्क करने के लिए कॉल की गई तो उनका मोबाइल ऑफ हो गया।

### हंगामे के दौरान एक्सपायर गाड़ियों को मौके से हटा दिया गया

जिस समय ग्रामीण स्कूल के अंदर हंगामा कर रहे थे तभी स्कूल प्रबंधन ने बाहर खड़ी लगभग आधा दर्जन गाड़ियां जिनके पेपर एक्सपायर हो चुके है उनको वहां से हटाकर पास के ही गांव खेड़ी में एक घेर में पहुंचा दिया जिससे कार्यवाही से बचा जा सके लेकिन जब लोगों को इसका पता चला तो ओर ज्यादा हंगामा हो गया।

### बस में 50 से ज्यादा बच्चे थे सवार, स्कूल प्रबंधन ने बताए 34 बच्चे

हादसे के समय बस में करीब 50 बच्चे सवार थे लेकिन स्कूल प्रबंधन ने कार्यवाही से बचने के लिए अधिकारियों को केवल 35 बच्चों की सूची बनाकर दी जिसके बाद हंगामे की स्थिति बन गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी।


घटना के बाद स्कूल में मुस्कुराकर संवेदनहीनता दिखाते शिक्षक।

### हादसे के बाद जागता है परिवहन विभाग: राकेश फलावदा

बुधवार को स्कूल बस के खाई में पलटने के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया जिसके बाद अधिकारियों ने जांच पड़ताल भी शुरू कर दी। हादसे के बाद बसपा नेता राकेश फलावदा ने हादसे के बाद दुख जताते हुए प्रतिक्रिया दी और कहा कि क्षेत्र में ऐसे बहुत स्कूल है जिनमें बिना पेपर व एक्सपायर गाड़ियों का संचालन हो रहा है ऐसे स्कूलों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लानी चाहिए जो बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भी कही ऐसे हादसे होते है उसके बाद ही परिवहन विभाग की नींद टूटती है अगर परिवहन विभाग समय रहते स्कूल में लगे वाहनों की सही जांच कर ले तो ऐसे हादसों से बचा जा सकता है और छोटे-छोटे बच्चों की जान भी बचाई जा सकती है।

### फरिश्ता बनकर आया मवी मीरा का जॉनी

**बच्चों को सुरक्षित निकाला बाहर**

मवी मीरा गांव निवासी जॉनी उर्फ जॉनी हादसे से कुछ देर पहले ही अपनी पत्नी के साथ कार से दिल्ली जाने के लिए निकला था गांव के बाहर से ही वो स्कूल बस के पीछे चल रहा था तभी काली नदी के पुल के निकट अचानक अनियंत्रित होकर बस खाई में पलट गई और पेड़ से टकराकर रुक गई। इस दौरान बच्चों में चीख पुकार मच गई तभी जॉनी ने अपनी गाड़ी रोकी और खाई में पलटी हुई बस से एक एक कर सभी बच्चों को बाहर निकाला। कुछ देर बाद ही गांव का ही पुनित भी वहां पहुंच गया उसने भी जॉनी की मदद की और सभी बच्चों को बाहर निकाल लिया। इस दौरान सभी बच्चे चीखते चिल्लाते नजर आए। जॉनी ने सभी बच्चों को ढांढस बंधाते हुए उन्हें शांत कराने की कोशिश की। जॉनी ने मीडिया कर्मियों से बात करते हुए बताया कि अचानक



खाई में गिरी बस को देखकर वो घबरा गए। उन्होंने हिम्मत जुटाते हुए बच्चों को एक-एक कर बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि बस चालक मौके से फरार हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि जॉनी हादसे के समय फरिश्ता बनकर आया जिसने सभी बच्चों को बाहर निकाला उनके हौसले को देखकर हर कोई प्रशंसा करता नजर आया।

# जरा सी बारिश में खुली सरधना नगर पालिका के दावों की पोल

**नालों की सफाई न होने से कई इलाकों में जलभराव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर में बुधवार को हुई हल्की बारिश ने ही नगर पालिका के सफाई और जल निकासी के दावों की पोल खोलकर रख दी। बारिश के बाद नगर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बताया गया कि नगर पालिका द्वारा समय-समय पर नालों की सफाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन हकीकत इसके उलट नजर आई। अधिकांश नाले कचरे और सिल्ट से अटे पड़े हैं, जिसके चलते बारिश का पानी सही तरीके से निकल नहीं पाया और सड़कों पर भर गया। तहसील रोड, अशोक की लाट, लालकुआं, ऊंचापुर और कुम्हारान जैसे प्रमुख इलाकों में जगह-जगह पानी भर गया। सड़कों पर जलभराव के कारण राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिरते नजर आए, वहीं पैदल चलने वालों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका हर साल बरसात से पहले नालों की सफाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता पूरी करती है। अगर समय रहते नालों की ठीक से सफाई कराई जाती, तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। दुकानदारों ने भी जलभराव पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि सड़कों पर पानी भरने से ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होती है, जिससे उनके व्यापार पर भी असर पड़ता है। कई दुकानों के बाहर पानी जमा होने से लोगों को अंदर जाने में परेशानी हुई। नगरवासियों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद संबंधित अधिकारी इस ओर गंभीरता नहीं दिखाते। हर बार बारिश के बाद यही हालात बनते हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नालों की नियमित और प्रभावी सफाई कराई जाए, जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि आने वाले समय में नगरवासियों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।




सरधना नगर में हुए जलभराव के बीच गुजरते राहगीर।

# वीसी से सरकारी भूमि पर कब्जा कर अवैध कॉलोनी विकसित करने की शिकायत

**भाजपा नेता मोहन सैनी ने मेडा कार्यालय में शिकायती पत्र देते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करने की मांग की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** बुधवार को भाजपा नेता मोहन सैनी ने मेडा कार्यालय में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि कस्बे में कुछ लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा कर अवैध कॉलोनी में मिलाकर निर्माण कार्य कराए जाने की तैयारी थी जिसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी से इसकी शिकायत की थी जिलाधिकारी के आदेश के बाद राजस्व की टीम ने मौके पर पहुंचकर सरकारी भूमि पर निशान देही की थी लेकिन अब कुछ दिन बाद ही अवैध कॉलोनी फिर से विकसित करने के लिए उक्त लोगों द्वारा निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। भाजपा नेता ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि बिना नक्शा पास कराए कालोनी विकसित की जा रही है जिससे क्षेत्र की जनता के साथ बड़े स्तर पर धोखाधड़ी की आशंका है। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि व अवैध कॉलोनी पर सील लगाकर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही होना जरूरी है जिससे जनता को भारी छती होने से बचाया जा सके।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता है जिस कारण निष्पक्ष जांच नहीं हो पा रही है और ना ही कोई ठोस कार्रवाई की गई है। मोहन सैनी ने कहा कि अगर जल्द ही मेडा द्वारा इस पर कार्यवाही नहीं की जाती है तो वो अन्य उच्च अधिकारियों ओर सूबे के मुख्यमंत्री से भी शिकायत करेंगे।

# गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में प्रकाशोत्सव, शबद गान से गूंजा परिसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ। वेस्ट एंड रोड स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में सिखों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर का प्रकाशोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गुरु जी के उपदेशों को शबद गायन के माध्यम से प्रस्तुत किया। संगीत शिक्षक विलायत हुसैन तथा शिक्षिकाओं रविंदर कौर, हरविंदर कौर और नीनू भाटिया के निर्देशन में छात्र-छात्राओं तेग रूप सिंह, मनसहज सिंह, अंगद, सांगवी, अरमानी सिंह, अनन्या एवं बिन्नी ने 'गुरु जैसा ना कोई देव' शबद का भावपूर्ण गायन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को पवित्र कड़ा प्रसाद वितरित किया गया। उप-प्रधानाचार्य ने गुरु तेग बहादुर जी को नमन करते हुए विद्यार्थियों को उनके बताए मार्ग पर चलने और सत्य व धर्म के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।



# सपा कार्यालय पर मनाया गया मातादीन वाल्मिकी का शहादत दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय जेल रोड पर मातादीन बाल्मीकि का शहादत दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी ने की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी ने मातादीन बाल्मीकि के जीवन, संघर्ष और उनके बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मातादीन बाल्मीकि का योगदान देश और समाज के लिए अतुलनीय है, जिनकी शहादत हमें सदैव अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और समाज में समानता व सम्मान के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य रूप से पूर्व विधायक प्रभुदयाल बाल्मीकि, ई. संदीप यादव, रविंद्र प्रेमी, दीपक ढिलोर, विजयपाल कश्यप, एहतेशाम इलाही, प्रमोद वाल्मीकि, फरमूद खान उपस्थित रहे।

# ज्ञानश्री कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन बहसूमा में स्काउट गाइड शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** बुधवार को ज्ञानश्री कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन में तीन दिवसीय स्काउट गाइड कैंप का समापन हुआ। इस कैंप में D.El.Ed. और स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कैंप के दौरान छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। जैसे तंबू निर्माण, ताली बजाना, और व्यंजनों का निर्माण व सांस्कृतिक कार्यक्रम। शिविर का उद्घाटन स्काउट प्रशिक्षक वरुण यादव एवं रोहित चौधरी ने किया। कैंप के समापन समारोह में, सचिव मोहित तोमर, सेक्रेटरी विनय देशवाल व डायरेक्टर डॉ. स्वाति अग्रवाल ने छात्रों को स्काउट्स की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी और उन्हें अनुशासन, देश प्रेम, आत्मरक्षा और सहनशीलता के महत्व के बारे में बताया। छात्रों ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई और विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये।महारानी लक्ष्मी बाई, सरदार भगत सिंह व चंद्रशेखर आजाद टीम बनाई गई। जिसमें चंद्रशेखर आजाद टीम को प्रथम पुरुस्कार, सरदार भगत सिंह टीम को द्वितीय व महारानी लक्ष्मीबाई टीम को तृतीय पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मंडल में दीपाली, मोनिका, सुनील शिक्षक रहे। अभिषेक, मोनू, साक्षी आदि छात्र-छात्राओं ने विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सानिया, प्रिंसी, आयशा, बॉबी, राहुल कुमार, अर्पित आदि का विशेष सहयोग रहा।



### अलग-अलग दो मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**परीक्षितगढ़।** पुलिस द्वारा चलाये जा रहे वांछित अभियुक्तों को अवैध शराब बिक्री करने वालों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही के अथक प्रयास से बुधवार को अभियुक्त कुलदीप उर्फ खुजली पुत्र हरवंश नि. ग्राम कुण्डा थाना परीक्षितगढ को कुण्डा से बागपुर मार्ग से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से 16 लीटर नाजायज देशी शराब बरामद की गयी। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ मु.अ.सं. 130/26 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना परीक्षितगढ़ पर पंजीकृत कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं अभियुक्त के ऊपर दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। वहीं थाना पुलिस ने गोवध अधिनियम में फरार चल रहे एक वारंटी मंगेश गुर्जर पुत्र रामू ठेकेदार निवासी चितवाना थाना परीक्षितगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# जानी पुलिस ने लूट में वांछित आरोपियों को पकड़ा, लूटी हुई रकम बरामद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** अभी करीब 4 दिन पहले रघुनाथपुर मोड पर बाइक सवार तीन व्यक्तियों ने योगेश नाम के व्यक्ति को गाड़ी रोककर उसमें से करीब 2 लाख 10 हजार लूट लिए थे और घटनाओं का अंजाम देने के बाद फरार हो गए थे मास्टरमाइंड जो फैक्ट्री मालिक का ड्राइवर शिवा उर्फ सीमांचल उर्फ साजन को मंगलवार को पुलिस ने निशानदेही पर 15000 बरामद कर कार्यालय में पेश कर दिया था वहीं इस घटना में तीन आरोपी लगातार फरार चल रहे थे। पुलिस ने मंगलवार की देर रात को मुखबिर की सूचना पर स्वाट टीम प्रभारी जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र सिवालखास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार पुलिस फोर्स ने चेकिंग के दौरान बागपत रोड टिमिकया कोठी पर घेराबंदी कर ली और आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों के पास से लूटी हुई रकम बरामद हुई और उनके पास से एक तमंचा भी बरामद हुआ पुलिस ने तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से एक मोटरसाइकिल टीवीएस यूपी 17 डब्ल्यू 8449 बी बरामद हुई। आरोपियों की पहचान अशोक पुत्र सुरेंद्र निवासी चांदनी नगर जनपद बागपत गांव पाची फईमुद्दीन पुत्र मुन्ना निवासी ढडरा निवासी जानी साकेत पुत्र जा हीरो निवासी जानी बुजुर्ग के रूप में हुई आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया।

# सड़क हादसे में दो इंजीनियर दोस्तों की मौत

## घर से नौकरी की मन्नत मांगने ऋषिकेश नीलकंठ मंदिर जा रहे थे दोनों दोस्त, बैरियर से टकराने से हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दो इंजीनियर दोस्तों की मंगलवार देर रात करीब1 बजे सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों को एक दिन पहले ही बीटेक की डिग्री मिली थी। मंगलवार रात दोनों नौकरी की मन्नत मांगने दिल्ली से ऋषिकेश के नीलकंठ मंदिर जा रहे थे।

इंस्पेक्टर बृजेश कुमार के मुता. बिक, दोनों रास्ता भटक गए थे। उन्होंने गूगल मैप का इस्तेमाल किया, जो उन्हें दिल्ली-देहरादून ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे पर ले गया। 100 की रफ्तार से एक्सप्रेस-वे पर 200 मीटर चलने के बाद टाटा पंच कार बेकाबू हो गई और बैरियर से जा टकराई। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा शहर कोतवाली क्षेत्र में हुआ। बता दें कि ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे अभी निर्माणाधीन है। इंजीनियर कपिल 24 वर्षीय और प्रयाग कौशिक 25 वर्षीय दिल्ली के नांगलोई के रहने वाले थे। दोनों


मृतको के फाइल फोटो

अपने-अपने परिवार के इकलौते बेटे थे। प्रयाग के पिता राजेंद्र कौशिक नीति आयोग में अंडर सेकेट्री हैं। घर में मां के अलावा 2 बहनें हैं। कपिल के पिता राजेश प्राइवेट नौकरी करते हैं। प्रयाग कौशिक के ताऊ देवीलाल ने कहा- दोनों बच्चों ने एक साल पहले बीटेक की परीक्षा पास की थी, लेकिन सोमवार को ही यूनिवर्सिटी से डिग्री मिली थी। वे नौकरी की मनोकामना लेकर ऋषिकेश के नीलकंठ मंदिर में प्रसाद चढ़ाने जा रहे थे, लेकिन हादसे का शिकार हो गए। उन्होंने कहा- जब हाईवे पर निर्माण कार्य चल रहा हो, तो सही तरीके से बैरिकेडिंग और साइन बोर्ड लगाए जाने चाहिए थे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। अधिकारियों की लापरवाही के चलते बच्चों की जान चली गई। इससे पहले भी यहां कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन कोई



कार्रवाई नहीं हुई। दिल्ली-देहरादून ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे बागपत से होकर गुजर रहा है। यहां वाहनों के लिए एंट्री और एग्जिट पॉइंट बनाए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसा ओवरस्पीडिंग के चलते हुआ। दोनों ने एंट्री पॉइंट से कार एक्सप्रेस-वे पर चढ़ाई थी। 200 मीटर आगे जाने पर कार अस्थायी बैरिकेडिंग से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब दोनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम हाउस भेजकर परिजनों को सूचना दी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## जिला पंचायत कार्यालय पर जिला पंचायत सदस्यों ने दिया धरना प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला पंचायत कार्यालय पर जिला पंचायत सदस्यों ने धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने अधिकारियों पर विकास कार्यों को बेवजह रोकने और उनकी कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। सदस्यों का आरोप है कि जांच के नाम पर लगातार विकास कार्य रोके जा रहे हैं, जबकि पर्याप्त बजट उपलब्ध है। ठेकेदारों को भी समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने अधिकारियों पर बिना किसी ठोस कारण के विकास कार्यों में देरी करने और प्रशासक बनकर पैसे का बंदरबांट करने का आरोप लगाया। जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल ने कहा कि अधिक. ारी बंदरबांट कर रहे हैं और शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों के रवैये को अनुचित बताया। सदस्यों ने अधिकारियों को चेतावनी दी है कि यदि उनकी कार्यशैली में सुधार नहीं होता है, तो वे बड़ा आंदोलन और भूख हड़ताल करेंगे। फिलहाल यह सांकेतिक धरना था। जिला पंचायत सदस्य बसंत तोमर ने भी अधिकारियों को अपनी कार्यशैली सुधारने की सलाह दी, अन्यथा भूख हड़ताल की चेतावनी दी और इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला पंचायत के अधिकारियों पर डाली।

## बुजुर्ग महिला पर किया धारदार हथियारों से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** गांव में एक 95 वर्षीय बुजुर्ग महिला पर धारदार हथियारों से हमला किया गया। इस मामले में घायल महिला के बेटे ने गांव के ही दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। घटना मंगलवार को हुई।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार को 95 वर्षीय इंद्रो देवी पत्नी रतन सिंह अपने घर पर बैठी थीं। परिजनों ने बताया कि गांव के दो युवकों ने घर में घुसकर उन पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल वृद्धा को मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल महिला के बेटे भारत ने बिनौली थाने में गांव के ही तरंग धामा और छोटू नामक दो युवकों के खिलाफ गंभीर धाराओं में तहरीर दी है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना के संबंध में इंस्पेक्टर राक. ेश शर्मा ने बताया कि पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि




प्रथम दृष्टया घटना संदिग्ध लग रही है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें किनारें अज्ञात शव मिलने से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें किनारें सिगोली तगा और सरफाबाद के बीच जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौकें पर पहुंची पुलिस नें शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सिगोली तगा और सरफाबाद के बीच ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें के किनारे एक पचास वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। गांव के लोग वहा पहुंचे और शव को देखा। वही सिगोली तगा निवासी गौरव ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अतर सिंह मौकें पर पहुंचे और लोगो से जानकारी जहा लोगो ने बताया कि व्यक्ति मन्दबुदि था जिसकी दिमागी हालत ठीक नही थी और अक्सर गांव के आस पास घुमता रहता था। पुलिस नें उसका पता करना चाहा लेकिन यह पता नही चल पाया। वह कहा से आया था वह एक पेड़ के नीचे मृत पड़ा मिला है जिसने कपड़े भी नही पहने थे देखने में वह मुस्लिम प्रतीत हो रहा था। थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि व्यक्ति के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। व्यक्ति की दिमागी हालत ठीक नही थी। शरीर पर कोई चोट का निशाना भी नही मिला है।



## एक नजर

### गाली देते दरोगा की ऑडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** दरोगा द्वारा दो आरोपीयों के पिता को गाली देने का एक आडियो तेजी से वायरल हो रहा है। आडियो 15 दिन पुराना बताया गया है। मामला रटौल चौकी का बताया जा रहा है।

रटौल क्षेंत्र में एक 15 दिन पहले रटौल बस स्टैंड पर विवाद के बाद दो युवकों के आरोपी के पिता के साथ एक दरोगा द्वारा गाली गलौज का आडियो वायरल हो रहा है जिसमे दरोगा भददी भददी गालिया दे रहा है, जिससे लेकर लोग तरह तरह की चर्चा हो रही है जब इस बारे में रटौल चौकी ईन्चाज भूरेन्द्र सिंह से बात कि गयी तो उन्होंने बताया कि उनकी चौकी कोई मामला नही है यह फर्जी आडियो है जिसका पुलिस से कोई लेना देना नही है।

### कहासुनी को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के निरोजपुर गुर्जर गांव के पास दो पक्षों में हुए झगड़े का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कुछ लोग मिलकर एक युवक के साथ मारपीट करते दिख रहे हैं। यह घटना किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर ली थी।

जानकारी के अनुसार, किसी को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई थी। यह कहासुनी जल्द ही विवाद में बदल गई, जिसके बाद एक पक्ष के लोगों ने युवक को घेरकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर चर्चा है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने पुष्टि की कि वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। अधिका. रियों ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है और स्थिति पर नजर रख रही है।

### दुकान खाली कराने पहुंची राजस्व विभाग और पुलिस टीम के साथ हुई धक्का-मुक्की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के वंदना चौक के पास मंगलवार शाम को एक दुकान खाली कराने पहुंची राजस्व विभाग और पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की हुई। इस दौरान पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

यह घटना एक फास्ट फूड की दुकान पर हुई, जिसे दुकान मालिक ने किराए पर दिया था। दुकान खाली न करने पर मालिक ने कोर्ट का रुख किया था। कोर्ट ने दुकान खाली करने का आदेश दिया, जिसके बाद राजस्व और पुलिस की टीम कार्रवाई के लिए पहुंची थी। पुलिस टीम के पहुंचने पर दुकानदार ने दुकान खाली करने से इनकार कर दिया। इसके बाद परिजनों के साथ हंगामा शुरू कर दिया। खींचतान के दौरान फास्ट फूड बनाने के लिए रखा तेल कुछ पुलिसकर्मियों पर भी गिर गया। वहीं मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए एक महिला और दो अन्य लोगों को हिरासत में लिया। दुकान मालिक ने बताया कि उन्हें कोर्ट से न्याय मिला था। दुकान खाली करने का आदेश हुआ था, लेकिन दुक. ानदार ने फिर भी परेशान किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### प्रेमी युगल शादी का रजिस्ट्रेशन कराने पहुंचे कलेक्ट्रेट, लड़की पक्ष वाले ने किया जमकर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट में उस समय हंगामा हो गया जब एक प्रेमी युगल शादी का रजिस्ट्रेशन कराने पहुंचा। लड़की पक्ष को इसकी भनक लगते ही वे मौके पर पहुंच गए और लड़की को जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के कलेक्ट्रेट परिसर में हुई। सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के एक ही गांव के रहने वाले लड़का-लड़की शादी का रजिस्ट्रेशन कराने के लिए डीएम कार्यालय पहुंचे थे। लड़की पक्ष के कई लोग वहां पहुंचे और लड़की को जबरन अपने साथ ले जाने लगे, जिसके दौरान हाथापाई भी हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, लड़का रात में ही लड़की को घर से भगाकर ले गया था और उससे शादी करना चाहता था। लड़के के समुदाय विशेष से होने के कारण लड़की का परिवार इस रिश्ते से काफी नाराज था, जिसके चलते यह पूरा विवाद हुआ। पुलिस ने लड़का, लड़की और लड़की पक्ष के कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। बागपत पुलिस का कहना है कि वे पूरे मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग बच्ची का किया अपहरण, आरोपी की पीटाई कर पुलिस को सौपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पांची गांव में घर के बाहर से सात साल की बच्ची को एक युवक बाईक पर उठा ले गया। उसे अपनी टयूवेल पर ले जाकर अश्लील हरकत की। ग्रामीण बच्ची को ढूंढ़ते हुए वहां पहुंचे और बच्ची को उसके चंगुल से छुड़ाया। ग्रामीणों ने युवक की पिटाई भी की। इसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस नें युवक को मेडिकल के लिए पिलाना सीएचसी पर भर्ती कराया है।

पीड़ित बच्ची का पिता पंजाब में कपड़े का काम करता है। वह पांची गांव में सोमवार को अपने चाचा के बेटे की शादी में शामिल होने आया था। मंगलवार की देर शाम बच्ची मकान से के पास खेल रही थी उसके साथ एक अन्य बच्ची भी खेल रही थी। तभी एक बाईक सवार आरोपी युवक वहा पहुंचा और सात साल की बच्ची को बाईक पर बैठा अपने साथ ले गया। साथ खेल रही बच्ची नें परिजनों को यह बात बताई तो परिजन और ग्रामीण बच्ची की तलाश में जुट गए। किसी ने बताया कि बाईक सवार ऊकावली के जंगल की ओर गया है। ग्रामीण उसे ढूढ़तें हुए वहां पहुंचे जहां बच्ची युवक के साथ मौजूद मिली। ग्रामीणों ने बच्ची को साथ लेकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। वहीं ग्रामीणों नें पांची चौराहे पर जमकर हंगामा भी किया। युवक को पीटा और उसे पुलिस को सौंप दिया। बच्ची नें बताया कि युवक ने उसके साथ अश्लील हरकतें की। पुलिस नें युवक को मेडिकल के लिए पिलाना सीएचसी पर भर्ती कराया है। मंगलवार की की देर रात तक गांव और थाने पर हंगामा चलता रहा, जिसके बाद ग्रामीणों को पुलिस ने समझा कर शांत



किया। सीओ रोहन चोरसिया ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम किया जा रहा है। सीसीटीवी की जांच कर अन्य कोई युवक हुआ तो उसे भी पकड़ा जायेगा। फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

## स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे का बलिदान दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में डा.योगेश जिन्दल के निवास नेहरू रोड पर महान क्रांतिकारियों प्रथम स्वतन्त्रता सेनानी मंगल पांडे का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर देश खाप चौधरी ( ब्राह्मण समाज ) पंडित सुभाष शर्मा ने मंगल पांडे के जीवन पर प्रकाश डाला।

बताया कि अंग्रेजो द्वारा करतूसो पर गाय की चर्बी लगाने के विरोध में अंग्रेजो के खिलाफ विद्रोह किया था, कार्यक्रम में सम्बोधन करते हुए थामेदार चौधरी ओमकार शर्मा ने कहा कि मंगल पांडे देश का मान हे उन्होंने ब्राह्मण समाज का सम्मान बढ़ाया, डा.योगेश जिन्दल ने शेर के माध्यम से कहा -शाहीदो की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले वतन पर मिटने वालो का आखिर यही निशा होगा। बैठक को डा.रमेश वासिष्ठ ने भी मंगल पांडे के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में नवयुग शर्मा, डा.विष्णु वाल, सो. हनपाल शर्मा, डा.सुभाष शर्मा, कृष्णपाल शर्मा, श्यामबिहारी शर्मा, अंकुर जिन्दल, कृष्णा गोयल, हर्ष स्वामी आदि मौजूद रहे बैठक की अध्यक्षता देश खाप चौधरी पंडित सुभाष शर्मा एंव संचालन थाम्बेदार पंडित ओमकार शर्मा ने किया।

## सभासदों ने किया नामित सदस्य का बहिष्कार करने का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** शासन द्वारा नामित एक सभासद द्वारा कथित अभद्र टिप्पणी के बाद सियासी घमासान तेज हो गया है। नगर पालिका परिषद के 24 निर्वाचित सभासदों ने नामित सदस्य का बहिष्कार करने का ऐलान किया है।

बुधवार को बड़ौत में हुई एक बैठक में सभासदों ने एकजुटता दिखाते हुए नामित सभासद के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक अभद्र टिप्पणी करने वाले नामित सभासद के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, उनका विरोध जारी रहेगा और भविष्य के सभी कार्यक्रमों का बहिष्कार किया जाएगा। सभासद प्रमोद शर्मा, रमेश शर्मा, नगेन्द्र तोमर और संजय ने बताया कि यह छपरौली रोड स्थित



गायत्री देवी कॉलेज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान हुआ। इस कार्यक्रम में शासन द्वारा नामित सभासद ने बड़ौत नगरपालिका के 24 निर्वाचित सभासदों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। सभासदों का कहना है कि सम्मान से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने शासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। सभासदों ने चेता. वनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम ने बड़ौत नगर की राजनीति में हलचल मचा दी है।

## मरीज का हौसला बढ़ाना हम सब लोगों का कर्तव्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के अमर हाल में आईएमए द्वारा वीएचओडे सेलिब्रेट किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डा.राजीव गोयल प्रेसिडेंट आईएमए यूपी एवं विशिष्ट अतिथि डा. आशीष अग्रवाल सचिव आईएमए यूपी रहे।

डा.राजीव गोयल और डा.आशीष अग्रवाल का बहुत आभार सम्मान एवं धन्यवाद किया गया। सभी डॉक्टरों की टीम ने उनका फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। मुख्य अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर डा.नीरज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर आईएमए सचिव डा.पंकज कुमार ने सभी को सम्मानित किया। इस मौके पर डा. पंकज कुमार ने कहा कि संस्था से जुड़े सभी डॉक्टर्स अपने-अपने डा.



स्पिटल में दूर दराज से आने वाले मरीजों को अति उत्तम उपचार देकर मरीज को सम्मानित करने का भी कम करें। मरीज का हौसला बढ़ाना हम सब लोगों का कर्तव्य बनता है। कार्यक्रम समारोह को संस्थान से जुड़े सभी डॉक्टरों ने कार्यक्रम को संबोधित किया कार्यक्रम में डॉक्टरों की टीम ने एक दूसरे का सहयोग करने आपसी संबंध बरकरार रखने पर जोर दिया। समझ में विभिन्न संस्थाओं से आए सभी लोगों का आभार प्रकट करते हुए स्वागत किया गया। इस मौके पर आईएमए अध्यक्ष डॉ.संजय जैन डा.राकेश कुमार जैन डा.राजीव गोयल डा. अनिल जैन डा.शुभम जैन डा.प्रदीप जैन डा.मनीष तोमर डा.आशीष कुमार डा.सुधा रानी के अलावा नगर पालिका परिषद चेयरमैन प्रति. निधि अश्वनी तोमर वरुण तोमर के अलावा नगर के सभी डॉक्टरों गणमान्य नागरिकों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

## व्यक्ति के लिए स्वास्थ्य प्राथमिकता में होना चाहिए: डॉ.मनीष तोमर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित चौधरी केहर सिंह इंस्टीटयूट ऑफ पेरामेडिकल साइंस एंड हॉस्पिटल में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया जिसका शुभारंभ एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव डा.मनीष तोमर एवं कोषाध्यक्ष डा.गीतांजलि तोमर ने फीता काट कर किया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य डा. महेंद्र सिंह लांबा ने दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर डा.मनीष तोमर ने छात्र-छात्राओं से कहा कि व्यक्ति के लिए स्वास्थ्य प्राथमिकता में होना चाहिए। स्वास्थ्य है तो सब ठीक है। इसको मनाने का मकसद दुनिया भर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना है। इस मौके पर संस्था के छात्र-छात्राएं टीचर्स डॉक्टरों ने भी कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## रुक-रुक कर हो रही बूंदाबांदी ने किसानों की बढ़ाई परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में रुक-रुक कर हो रही बूंदाबांदी ने किसानों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। मौसम के अचानक से बदले मिजाज ने किसानो की धड़कन को बढ़ा दिया है। इस समय खेतों में गेहूं की फसल पक चुकी है और किसान अपनी फसलों की कटाई करने में जुट गए हैं।

ऐसे में बारिश से फसल को काफी नुकसान हो सकता है। गेहूं का दाना भी काला पड़ने का खतरा बन गया है। तहसील क्षेत्र में कई दिनों से रुक रुक कर बूंदाबांदी हो रही है। हवा के साथ बारिश होने के कारण सबसे अधिक नुकसान गेहूं में सरसों की फसल को पहुंच रहा है। यमुना नदी के खादर क्षेत्र में रेतली जमीन में इस समय किसानों ने अपनी गेहूं की फसल अगेति बो



रखी है जो इस समय कट रही है। खादर क्षेत्र में सबसे ज्यादा गेहूं की फसल एकदम तैयार खड़ी है जिस किसान धीरे-धीरे करके काट रहा है। एक तरफ गेहूं का कटान चालू है। दूसरी तरफ बूंदाबांदी चालू है। इस समय किसानों की धड़कन तेज हो रही है क्योंकि बूंदाबांदी के चलते मौसम दिन प्रतिदिन बिगड़ रहा है अगर और बारिश तेज हुई तो गेहूं की कटी फसल का दाना काला पडकर गेहूं बर्बाद होने के कगार पर आ जाएगा।

बूंदाबांदी होने से कटी गेहूं की फसल का दाना काला पड़ कर सड़ जाता है जिससे आटा चक्की में पीसने के बाद इस आटे को खाने में भी भारी परेशानी होती है।

बुधवार को भी दिन भर बारिश की बूंदाबांदी यमुना नदी खादर क्षेत्र में होती रही किसान गेहूं की फसल काट रहे थे बूंदाबांदी के चलते वापस घर की तरफ लौट गए।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आईजीआरएस में हापुड़ नंबर-1, पूरे मेरठ परिक्षेत्र ने रचा कीर्तिमान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) में माह मार्च 2026 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में हापुड़ जनपद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ ही मेरठ परिक्षेत्र भी प्रदेश स्तर पर अव्वल रहा, जिसमें हापुड़ समेत मेरठ, बुलंदशहर और बागपत जनपदों का योगदान प्रमुख रहा।

पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी ने बताया कि जनसुनवाई, आईजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशानुरूप समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया गया। इसी का परिणाम है कि मार्च 2026 की रैंकिंग में परिक्षेत्र और इसके सभी जनपदों ने पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि गत माह सभी जनपदों की समीक्षा कर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। इसी दिशा में प्रभावी कार्रवाई करते हुए हापुड़ समेत सभी जनपदों ने प्रदेश में शीर्ष स्थान हासिल कर परिक्षेत्र का नाम रोशन किया है।डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की जांच स्वयं मौके पर जाकर की जाए और केवल औपचारिकता के लिए रिपोर्ट न भेजी जाए। थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि वे शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेकर ही जांच आख्या अपलोड करें तथा थानों पर बनाए गए रजिस्टरों को नियमित रूप से अद्यतन रखें। इसके अलावा प्रत्येक पंद्रह दिन में नोडल अधिकारी द्वारा शिकायतों की समीक्षा सुनिश्चित करने और जांच रिपोर्ट में घटनास्थल की भौगोलिक स्थिति (अक्षांश-देशांतर) का उल्लेख करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने बेहतर प्रदर्शन के लिए हापुड़ सहित सभी जनपदों की सराहना करते हुए कहा कि जन शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण ही जनता के विश्वास को मजबूत करता है। इससे जहां आमजन को त्वरित न्याय मिलता है, वहीं पुलिस के प्रति शिकायतों में भी कमी आती है।

# खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, मिलावटी सॉस का काला खेल किया बेनकाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पन्नापुरी क्षेत्र में नकली टमाटर सॉस बनाने की सूचना पर खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक फैक्ट्री पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मौके से संदिग्ध सामग्री मिलने पर टीम ने नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। प्रारंभिक जांच में ड्रमों में रंग और एसिड जैसे पदार्थ मिले होने की आशंका जताई जा रही है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। खाद्य सुरक्षा आयुक्त सुनील कुमार ने बताया कि इस फैक्ट्री को लेकर काफी समय से शिकायतें मिल रही थीं कि यहां मिलावटी टमाटर सॉस तैयार कर बाजार में सप्लाई किया जा रहा है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विभागीय टीम का गठन किया गया और बुधवार को पन्नापुरी स्थित फैक्ट्री पर छापा मारा गया।

छापेमारी के दौरान टीम को बड़ी मात्रा में ड्रमों में भरा संदिग्ध तरल पदार्थ मिला, जिसमें रंग और एसिड जैसी चीजें मिली होने की संभावना है। मौके पर तैयार सॉस, कच्चा माल और अन्य उपकरण भी बरामद किए गए। टीम ने सभी संदिग्ध पदार्थों के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेज दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि सॉस में किस प्रकार की मिलावट की जा रही थी और यह मानव स्वास्थ्य के लिए कितना खतरनाक है। यदि मिलावट की पुष्टि होती है तो संबंधित संचालकों

# सिम्स में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता का संगम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (सिम्स) में विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर सामुदायिक चिकित्सा विभाग की ओर से दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ मिलकर स्वास्थ्य के लिए, विज्ञान के साथ खड़े रहें थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों और चिकित्सकों ने मिलकर समाज में वैज्ञानिक सोच और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष डा. (ब्रिग.) विनीत रस्तोगी के मार्गदर्शन और नोडल अधिकारी डा. कोनिका गुप्ता के समन्वय में किया गया। पहले दिन ओपीडी परिसर में 'मिथ बस्टर' पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें मेडिकल छात्रों ने स्वास्थ्य से जुड़े भ्रमों को वैज्ञानिक तथ्यों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। दूसरे दिन वाद-विवाद प्रतियोगिता और आधु. निक माध्यमों के जरिए जन-जागरूकता कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहे। छात्रों ने स्वास्थ्य और वैज्ञानिक सत्यता से जुड़े विषयों पर प्रभावी ढंग से अपने विचार रखे। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डा. संजीव डिमरी, डा. योगेश गोयल और डा. निधि ने किया, जिसमें ऐश्वर्या कराड, संस्कार माने, रौनक और पलक विजेता रहे। इसी क्रम में रील्स प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। मूल्यांकन डा. परिधि, डा. रश्मि गौतम और डा. संदीप बंसल ने किया। इसमें केशव शर्मा प्रथम, अभिषेक आनंद और अनिकेत द्वितीय तथा नितीश अरोड़ा और प्लाबन दास तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्या डा. बरखा गुप्ता ने की। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए वैज्ञानिक सोच और जन-जागरूकता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। दो दिवसीय इस आयोजन में फैकल्टी और स्नातकोत्तर छात्रों की सक्रिय

# डीएनए जांच में खुली सच्चाई, अस्पताल पर नवजात बदलने का आरोप बेबुनियाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद नवजात बदलने के आरोप का सोमवार को अंत हो गया। करीब 25 दिन से चल रहे इस विवाद में आई डीएनए जांच रिपोर्ट ने साफ कर दिया कि अस्पताल से मिली नवजात बच्ची ही दंपती की संतान है। रिपोर्ट सामने आने के बाद अस्पताल प्रबंधन पर लगाया गया बच्चा बदलने का आरोप गलत साबित हुआ।




मामला हापुड़ देहात थाना क्षेत्र के स्वर्ग आश्रम रोड स्थित एक निजी अस्पताल का है। परिजनों का कहना था कि 10 मार्च को प्रसव के लिए महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका आरोप था कि प्रसव के तुरंत बाद अस्पताल कर्मियों ने परिवार को बेटा होने की जानकारी दी थी। इससे परिवार में खुशी का माहौल बन गया और रिश्तेदारों को भी इसकी सूचना दे दी गई। परिजनों के मुताबिक अगले दिन जब महिला को वार्ड में शिफ्ट किया गया तो उसके पास नवजात बच्ची थी। इसे देखकर परिवार के लोग भड़क गए और अस्पताल कर्मियों पर बेटा बदलकर बेटी देने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराया। मामले के तूल पकड़ने के बाद परिजन जिलाधिकारी से मिले और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की। जिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिस ने नवजात बच्ची का डीएनए परीक्षण कराने की प्रक्रिया शुरू कराई। इसके बाद बच्ची और उसके माता-पिता के नमूने जांच के लिए भेजे गए। डीएनए रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया। उनके सामने रिपोर्ट खोली गई, जिसमें नवजात बच्ची का डीएनए उसके माता-पिता से पूरी तरह मेल खाता मिला। इसके साथ ही अस्पताल पर लगाए गए आरोपों की हवा निकल गई। थाना हापुड़ देहात प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि डीएनए जांच में बच्ची का संबंध उसके माता-पिता से प्रमाणित हुआ है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन पर बच्चा बदलने का आरोप सही नहीं

# लावड़ में 12 अप्रैल को फुले जयंती पर भव्य आयोजन

**खतौली।** महात्मा ज्योतिबा राव फुले को भारत रत्न दिलाने की मांग को लेकर क्षेत्र में जनसमर्थन तेजी से बढ़ रहा है। इसी क्रम में बुधवार को गांव छछरपुर में महात्मा ज्योतिबा राव फुले राष्ट्रीय एकता मिशन के बैनर तले एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें 12 अप्रैल को लावड़ में प्रस्तावित भव्य समारोह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के बाद ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक रैली भी निकाली गई, जिसे पूर्व प्रधान तेजपाल सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली छछरपुर से शुरू होकर अनंती, कलावड़ा, पमनावली, वाजिदपुर खुर्द, गालिबपुर, जधैड़ी जाटान, सिकंदरपुर और कढ़ली गांवों से होकर गुजरी। इस दौरान कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर महात्मा ज्योतिबा राव फुले अमर रहें जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक करते नजर आए। कार्यक्रम से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि फुले जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर फुले दंपति को भारत रत्न देने की मांग भी की गई है। रैली के समापन पर जिला अध्यक्ष अनिल फौजी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले और सावित्रीबाई फुले ने समाज में शिक्षा और समानता की जो अलख जगाई, वह आज भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले ने उस समय लड़कियों की शिक्षा का बीड़ा उठाया, जब समाज में इसका विरोध होता था, और पुणे में पहला बालिका विद्यालय खोल. कर नई सोच को जन्म दिया।

उन्होंने आगे कहा कि फुले दंपति ने जाति भेदभाव, छुआछूत और महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष करते हुए समाज को नई दिशा दी। उनके अतुलनीय योगदान को देखते हुए उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व प्रधान तेजपाल सैनी, डा. बबलू सैनी, मुरारी लाल आर्य, प्रधान राजेश्वरी सैनी, डक्क कूढ़े सैनी, जगदीश प्रधान, सुनील आढ़ती, सुभाष चंद, मास्टर राजवीर, राजू सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बदलते मौसम में वायरल बुखार और गले के

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गढ़मुक्तेश्वर।** मौसम के बदलते मिजाज का असर अब लोगों की सेहत पर साफ दिखने लगा है। दिन में तेज धूप और रात में हल्की ठंड के कारण वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम और गले के संक्रमण के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बुधवार को गढ़ सीएचसी में सुबह से ही मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी, जो दोपहर दो बजे तक जारी रही। इस दौरान सैकड़ो मरीजों ने पंजीकरण कराया। पंजीकरण कराने वाले मरीजों में सबसे अधिक संख्या सर्दी, जुकाम, बुखार, वायरल और गले के संक्रमण से पीड़ित लोगों की रही। इस संबंध में एसीएमओ डॉक्टर दिनेश कुमार भारती ने बताया कि सामान्य दिनों में गले की समस्या लेकर औसतन 10, 12 मरीज आते थे, लेकिन मौसम में बदलाव के कारण अब यह संख्या बढ़कर करीब 20 से 25 प्रतिदिन हो गई है। लापरवाही बरतने पर गले का संक्रमण गंभीर होकर फेफड़ों तक पहुंच सकता है। इससे मरीजों को खाने-पीने में भी परेशानी होती है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि इस मौसम में फ्रिज का ठंडा पानी, कोल्ड ड्रिंक और खट्टी चीजों से पूरी तरह परहेज करें। गले में खराश होने पर गुनगुने पानी में नमक डालकर गरारे करें और बिना डाक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर थाना पुलिस ने दूध कारोबारी से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन और एक कार भी बरामद की है। आरोपियों ने खुद को कुख्यात 'जडैडी गैंग' का सदस्य बताकर कारोबारी को

## एक नजर

### संदिग्ध हालत में घूम रहा युवक गिरफ्तार, तलाशी में मिला अवैध चाकू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार हापुड़ नगर पुलिस दस्तोई रोड पर नियमित चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान सीएमओ कार्यालय की ओर से दस्तोई रोड जाने वाली सड़क पर संदिग्ध हालत में घूम रहे एक युवक को पुलिस ने रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसकी पहचान गौतम पुत्र परशुराम, निवासी गली नंबर 9, दस्तोई रोड, जसरूपनगर, थाना हापुड़ नगर के रूप में हुई है। थाना हापुड़ नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### महिलाओं को बातों में फंसाकर लूटने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर में महिलाओं को निशाना बनाकर टप्पेबाजी और धोखाधड़ी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर अपराधियों को थाना हापुड़ नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी, पीली धातु के आभूषण और घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद की है।

थाना प्रभारी के अनुसार जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने और टप्पेबाजी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना हापुड़ नगर पुलिस ने मुकदमा बीएनएस के तहत दर्ज मामले का सफल अनावरण करते हुए चित्तौली रोड कट के पास से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजू पुत्र मुंशीराम निवासी जेजे कॉलोनी टैगोर गार्डन थाना ख्याला, नई दिल्ली और मुकुल उर्फ मौन्टी पुत्र स्व. भूपेंद्र निवासी रिशाल गार्डन, थाना निहाल विहार, नई दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से 4360 रुपये नगद, एक पीली धातु का कुंडल और घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद की है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी भोली-भाली महिलाओं को अपना निशाना बनाते थे। वे पहले महिलाओं को बातचीत में उलझाकर विश्वास में लेते और फिर चालाकी से उनके कानों के कुंडल व अन्य आभूषण उतारकर फरार हो जाते थे। पुलिस को लंबे समय से इस प्रकार की घटनाओं की शिकायतें मिल रही थीं। थाना प्रभारी का कहना है कि दोनों आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि उन्होंने किन-किन स्थानों पर इस तरह की वारदातों को अंजाम दिया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### सिंभावली चीनी मिल समूह ने किसानों को दी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गन्ना किसानों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। सिंभावली चीनी मिल समूह ने बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान करते हुए किसानों के खातों में करोड़ों रुपये जारी किए हैं, जिससे उन्हें आर्थिक सहारा मिला है।

चीनी मिल के मुख्य महाप्रबधक करन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अप्रैल 2026 में नए वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ ही साप्ताहिक भुगतान प्रक्रिया दोबारा शुरू कर दी गई है। जनपद में संचालित सिम्भावली समूह की दोनों इकाइयों द्वारा कुल 6.82 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान किसानों को किया गया है। इसमें सिम्भावली चीनी मिल द्वारा 4.96 करोड़ रुपये तथा बृजनाथपुर चीनी मिल द्वारा 1.86 करोड़ रुपये का भुगतान शामिल। उन्होंने बताया कि मिल प्रबंधन लगातार चीनी बिक्री बढ़ाकर तेजी से बकाया भुगतान निपटाने का प्रयास कर रहा है, ताकि किसानों को समय पर उनकी उपज का मूल्य मिल सके। उन्होंने ये भी बताया कि 1 अप्रैल 2026 तक दोनों चीनी मिलों द्वारा कुल 951.35 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य किसानों को भुगतान किया जा चुका है। इसके साथ ही 10 मार्च 2026 तक वित्तीय वर्ष 2024-25 का पूरा लंबित भुगतान भी पूर्ण कर लिया गया है। मिल प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में भी भुगतान की प्रक्रिया इसी प्रकार नियमित रूप से जारी रखी जाएगी, जिससे किसानों को किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

# दोबारा से बेमौसम बारिश होने से किसान परेशान, गेहूं की खड़ी फसल मैं हुआ नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र में लगातार हो रही बेमौसम ओलावृष्टी के साथ बारिश के कारण क्षेत्र के किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। खेतों में खड़ी फसलों पर इस बारिश का प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। वहीं दोबारा से बुधवार को भी हुई बेमौसम ओलावृष्टि, बारिश के कारण धान मंडी में पड़ी फसल भीग गई । आनन-फ़ानन में तिरपाल डालकर फसल को बचाने की कोशिश की गई। किसान चंद्रपाल सिंह, दीपक कुमार, अनिल कुमार, हरेंद्र सिंह, कपिल आदि किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं व अन्य फसलें पकने की अवस्था में हैं, ऐसे में लगातार ओलावृष्टि बारिश और तेज हवाओं के कारण फसल गिरने और दानों की गुणवत्ता खराब होने का खतरा बढ़ गया है। कई स्थानों पर खेतों में पानी भर जाने से फसलें सड़ने की स्थिति भी बन रही है। उन्होंने सरकारी अधिकारियों से खराब हुई फसल का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# क्राइम मीटिंग के बाद हाफिजपुर में अलर्ट, प्रवीण कुमार ने कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस महकमा लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में 7 अप्रैल 2026 को पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ एवं पुलिस अधीक्षक हापुड़ द्वारा आयोजित क्राइम मीटिंग के बाद थाना हाफिजपुर में प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने पुलिस स्टाफ के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर सख्त निर्देश जारी किए।



प्रभारी प्रवीण कुमार ने थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आमजन का विश्वास बनाए रखना पुलिस की पहली जिम्मेदारी है, इसलिए किसी भी शिकायत को हल्के में न लिया जाए। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही प्रभारी निरीक्षक ने वांछित एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रवीण कुमार ने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाएं, नियमित गश्त करें और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें ताकि आमजन को बेहतर सुरक्षा का एहसास हो सके। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि थाना हाफिजपुर में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर शिकायत का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

# भाजपा नेता बिजेंद्र पाल के निधन पर शोक सभा, कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**खतौली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बिजेंद्र पाल के आकस्मिक निधन पर बुधवार को नगर में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश कुमार के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं की एक शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में वक्ताओं ने बिजेंद्र पाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। पूर्व जिला मंत्री बोबिंदर सहरावत और पूर्व जिला मंत्री मदन छाबड़ा ने कहा कि बिजेंद्र पाल पार्टी के समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता थे। संगठन को मजबूत करने में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उनका निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। सभा के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बोबिंदर सहरावत, मदन छाबड़ा, प्रताप वाल्मीकि, उमेश कुमार (पूर्व मंडल अध्यक्ष), पंकज भटनागर, अमित त्यागी (सभासद), गुरुदत्त अरोड़ा (युवा अध्यक्ष), कंवरसेन जैन, बृजेश राजपूत, सत्येंद्र जैन, सुभाष गुप्ता, मुकेश चंदेल, अजय राजपूत, चंचल भूटानी, वैभव जैन, अश्विनी वाल्मीकि, रामकिशोर सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लावड़ में 12 अप्रैल को फुले जयंती पर भव्य आयोजन

**खतौली।** महात्मा ज्योतिबा राव फुले को भारत रत्न दिलाने की मांग को लेकर क्षेत्र में जनसमर्थन तेजी से बढ़ रहा है। इसी क्रम में बुधवार को गांव छछरपुर में महात्मा ज्योतिबा राव फुले राष्ट्रीय एकता मिशन के बैनर तले एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें 12 अप्रैल को लावड़ में प्रस्तावित भव्य समारोह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के बाद ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक रैली भी निकाली गई, जिसे पूर्व प्रधान तेजपाल सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली छछरपुर से शुरू होकर अनंती, कलावड़ा, पमनावली, वाजिदपुर खुर्द, गालिबपुर, जधैड़ी जाटान, सिकंदरपुर और कढ़ली गांवों से होकर गुजरी। इस दौरान कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर महात्मा ज्योतिबा राव फुले अमर रहें जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक करते नजर आए। कार्यक्रम से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि फुले जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर फुले दंपति को भारत रत्न देने की मांग भी की गई है। रैली के समापन पर जिला अध्यक्ष अनिल फौजी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले और सावित्रीबाई फुले ने समाज में शिक्षा और समानता की जो अलख जगाई, वह आज भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले ने उस समय लड़कियों की शिक्षा का बीड़ा उठाया, जब समाज में इसका विरोध होता था, और पुणे में पहला बालिका विद्यालय खोल. कर नई सोच को जन्म दिया।

उन्होंने आगे कहा कि फुले दंपति ने जाति भेदभाव, छुआछूत और महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष करते हुए समाज को नई दिशा दी। उनके अतुलनीय योगदान को देखते हुए उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व प्रधान तेजपाल सैनी, डा. बबलू सैनी, मुरारी लाल आर्य, प्रधान राजेश्वरी सैनी, डक्क कूढ़े सैनी, जगदीश प्रधान, सुनील आढ़ती, सुभाष चंद, मास्टर राजवीर, राजू सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बिजेन्द्र का अन्तिम संस्कार

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सभासद बिजेंद्र पाल बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका अंतिम संस्कार नदी रोड स्थित श्मशान घाट पर गमगीन माहौल में हुआ। बिजेंद्र पाल के निधन से जिले के राजनीतिक और सामाजिक गलियारे में शोक रहा।

# 25 हजार इनामी गौ-तस्कर मुठभेड़ में गिरफ्तार

## पैर में गोली लगने से घायल, तमंचा और चोरी की बाइक बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात पुलिस और 25 हजार रुपये के इनामी गौ तस्कर के बीच मुठभेड़ हुई। जवाबी कार्रवाई में आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उसके पास से अवैध तमंचा, कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, कार्गो टी-प्वाइंट पर देर रात संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वह भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा किया। खुद को घिरा देखकर आरोपी ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी घायल हो गया। घायल आरोपी की पहचान संजू उर्फ लुक्का पुत्र रुक्का के रूप में हुई है, जो शेखपुर, थाना चांदहट, जिला पलवल (हरियाणा) का निवासी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी रबूपुरा थाने में दर्ज कई मामलों में वांछित था और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से .315 बोर का अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ गौवध निवारण अधिनियम, आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। हरियाणा में भी उसके खिलाफ पशु क्रूरता और गौवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मामले दर्ज बताए गए हैं। पुलिस अब आरोपी के अन्य साथियों की तलाश कर रही है।







# नोएडा व ग्रेटर नोएडा में हुआ सड़क हादसा, चार लोगों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर हुए सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजकर हादसों के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-98 के पास हुए एक सड़क हादसे में विनय गुप्ता पुत्र पदमचंद गुप्ता उम्र 57 वर्ष निवासी प्रतीक स्टाइलहोम सोसायटी सेक्टर-45 गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके बेटे क्षितिज ने उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। वहां पर डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी के पास में हुए सड़क हादसे में शशांक पुत्र कमलेश कुमार मूल निवासी जनपद ग्वालियर मध्य प्रदेश उम्र 28 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर बुधवार सुबह उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई।।थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में कमरूद्दीन उम्र 56 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सूरजपुर क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रोली देवी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके पति श्रवण अपने बेटे आयुष को बाइक पर बैठाकर डॉक्टर के पास दिखाने जा रहे थे। मोजर बियर कंपनी के पास एक ऑटो चालक ने उन्हें टक्कर मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि महिला की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कैंसर पीड़ित महिला से मारपीट

**नोएडा।** सेक्टर-14ए में सब्जी विक्रेता को पीटने से बचाना एक दंपति को भारी पड़ गया। चार लोगों ने मिलकर दंपति से मारपीट की। पीड़ित के मुताबिक उनकी पत्नी कैंसर की मरीज हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-14ए निवासी ललितेश्वर झा ने पुलिस को बताया कि वह पांच अप्रैल की रात करीब 10 बजे गेट नंबर-4 के बाहर पत्नी के साथ मिलकर सब्जी खरीद रहे थे। इसी दौरान एक सब्जी विक्रेता को बबलू, सोनू उर्फ कैफ, अमन और रमन पीट रहे थे। उनकी पत्नी ने इसका विरोध किया तो आरोपी भड़क गए। उन्होंने लोहे की रॉड से उनकी पत्नी को मारा। बीचबचाव करने पर उनके साथ भी मारपीट की।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की बिसरख पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से फर्जी वर्क वीजा और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं।

थाना बिसरख पुलिस ने खुफिया जानकारी की मदद से इसहाक युनुस पुत्र युनुस उसमान नामक आरोपी को हिंडन नदी पुल के पास, चार मूर्ति से गिरफ्तार किया। आरोपी पर लोगों को विदेश भेजने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने का आरोप है।

आरोपी के पास से 50 फर्जी वर्क परमिट एंट्री पास, क्रिटोनिका कंपनी के तीन एग्रीमेंट लेटर, मालदीव के लिए क्रिटोनिका कंपनी के तीन कॉन्ट्रैक्ट लेटर, एक फर्जी आधार कार्ड की फोटोकॉपी,आरोपी का आधार कार्ड, पैन कार्ड, एक चेकबुक और विभिन्न कंपनियों के तीन मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।



पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लोगों को कूटरचित वर्क परमिट, एंट्री पास, एग्रीमेंट लेटर और कॉन्ट्रैक्ट लेटर भेजकर विदेश भेजने के नाम पर ठगी करता था। इस काम के लिए वह प्रति व्यक्ति डेढ़ से दो लाख रुपये लेता था। जो लोग उसके कार्यालय आते थे, उन्हें वह अपना फर्जी नाम संतोष बताता था और इस नाम का एक कूटरचित आधार कार्ड भी बनवा रखा था।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान इसहाक युनुस पुत्र युनुस उसमान, निवासी दोमाला रोड, थाना गंज, जिला रामपुर के रूप में हुई है। उसकी उम्र 38 वर्ष है। फिलहाल पुलिस इसके अन्य अपराधीक इतिहास की जानकारी जुटा रही है। पुलिस यह भी पता कर रही है कि इसके द्वारा अब तक कितने लोगों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया है।

## एक नजर

### जिला पूर्ति अधिकारी ने शादी और भंडारों के लिए गैस सिलेंडर आपूर्ति संबंधी निर्देश दिए

**नोएडा( शाह टाइम्स )।** जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम ने जनपद में शादी, भंडारा और अन्य आयोजनों के लिए घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन आयोजनों के लिए अतिरिक्त सिलेंडरों की मांग लगातार मिल रही है।

उन्होंने आम जनता से अपील की कि यदि किसी आयोजन के लिए अतिरिक्त गैस सिलेंडरों की आवश्यकता हो, तो संबंधित उपभोक्ता अपनी अधिकृत गैस एजेंसी से सीधे समन्वय स्थापित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्राप्त मांग के अनुसार गैस एजेंसी द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाएगा और विक्रय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर नियमानुसार सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

जिला पूर्ति अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया से आयोजनों में गैस की नियमित और सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित होगी और जनता को असुविधा नहीं होगी।

### प्लॉट दिलाने के नाम पर दो महिलाओं से ठगे 21 लाख रुपये

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** प्लॉट दिलाने के नाम पर दो महिलाओं से ठगी करने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की है। दिल्ली निवासी रेखा देवी के अनुसार, वह नोएडा में प्लॉट खरीदना चाहतीं थीं। इस बीच उनकी मुलाकात पहले से परिचित श्यामाचरण मिश्रा से हुई, जिन्होंने गांव अलीवर्दीपुर में 50 वर्ग गज का प्लॉट दिखाकर साल 2012 में बैनामा कराया था। इसकी एवज में उन्होंने करीब चार लाख रुपये नकद दिए, लेकिन न तो कब्जा मिला, न ही दाखिल-खारिज कराया। वहीं अन्य पीड़िता संध्या राठौर ने भी श्यामाचरण मिश्रा पर ठगी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि गांव कुलेसरा में 200 वर्ग गज का प्लॉट दिखाकर साल 2013 में बैनामा कराया था। इसके लिए उन्होंने आठ लाख रुपये का चेक और नौ लाख रुपये नकद दिए थे। आरोप है कि उन्हें भी न तो प्लॉट पर कब्जा मिला और न ही रकम वापस हुई। दोनों महिलाओं का कहना है कि आरोपी ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए उनसे कुल 21 लाख रुपये हड़प लिए। वहीं कोतवाली प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### घर में घुसकर मारपीट की, बंधक बनाया, प्राथमिकी दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बीटा-2 थाना क्षेत्र के पी-3 में युवक के साथ घर में मारपीट, अपहरण और जान से मारने की धमकी देन के मामले में मंगलवार को पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पी-3 निवासी पीड़ित श्रीपाल सिंह ने दी शिकायत में बताया कि 13 मार्च की रात नूतन गांव खानपुर निवासी सोलंकी, गांव नूरपुर निवासी राम शर्मा और लवली उर्फ पवित्र भाटी उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद उन्होंने पीड़ित से मारपीट भी की। मारपीट के बाद आरोपी उन्हें जबरदस्ती एक गाड़ी में अज्ञात स्थान पर ले गए। वहां राम शर्मा ने कथित तौर पर चाकू से उसकी गर्दन और कंधे पर वार किया और पिस्तौल से गोली चलाने की भी कोशिश की। इसके बाद उन्होंने अपने परिजनों को सूचित कर घटना की जानकारी दी। पूरे मामले में कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### प्राधिकरण दफ्तर के बाहर धरने पर बैठी महिला गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** पुलिस ने सेक्टर में साफ-सफाई की मांग को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय के बाहर धरने पर बैठी महिला को गिरफ्तार कर लिया। महिला के खिलाफ प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक की तरफ से सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने और रास्ता अवरुद्ध करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया गया था। पुलिस ने महिला को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सेक्टर अल्फा-2 की रहने वाली महिला सविता शर्मा सेक्टर में साफ-सफाई की मांग को लेकर पिछले तीन दिन से प्राधिकरण कार्यालय के बाहर आमरण अनशन पर बैठी थी। इस मामले में प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक ने महिला पर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने और गेट का रास्ता अवरुद्ध करने का आरोप लगाया।

## कूलिंग प्लांट खराब, चाइल्ड पीजीआई में मरीज गर्मी से परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कूलिंग प्लांट खराब होने के कारण सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई मानो भट्ठी में तब्दील हो गया है। बाहर भले ही बारिश से थोड़ी राहत हो, लेकिन अस्पताल के अंदर उमस और घुटन ने बच्चों, तीमारदारों और स्टाफ की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है।

> कूलिंग प्लांट की मरम्मत शुरू है। जल्द ही इसे शुरू कर दिया जाएगा।
> **-डॉ. डीके सिंह, डायरेक्टर, चाइल्ड पीजीआई**

अस्पताल की इमारत चारों तरफ से कांच से बनी हुई है, जिससे धूप सीधे वार्डों और कमरों में प्रवेश करती है। ऐसे में कूलिंग प्लांट के खराब होने से अंदर का तापमान बढ़ गया है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे इलाजरत छोटे बच्चों के लिए यह स्थिति काफी कष्टदायक है। वेंटिलेशन की कमी से वार्डों में घुटन का माहौल है। वॉशरूम की दुर्गंध सीधे मरीजों तक पहुंच रहीं हैं। अस्थायी तौर पर लगाए गए पंखों से राहत नहीं मिल रही है। बच्चे कपड़े पहनने से इन्कार कर रहे हैं।

मरीजों और उनके परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों के कमरों में एसी लगे हुए हैं। वहीं, मरीजों को बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है।

## नई और पुरानी परियोजनाओं की बाधाएं दूर होंगी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण विकास परियोजनाओं को प्रभावी बनाने और रुकी परियोजनाओं की बाधाओं को दूर करने के लिए स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर नई दिल्ली (एसपीए) की मदद लेगा। संस्थान नई परियोजना को शुरू करने से पहले सलाह देगा, ताकि उसे और बेहतर ढंग से लागू किया जा सके। प्राधिकरण के जीएम प्रोजेक्ट एके सिंह ने बताया कि शहर में विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई कदम उठाने जा रहे हैं। नई परियोजना के साथ-साथ पुरानी परियोजना में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए एसपीए की मदद ली जाएगी।

# मिट्टी चोरी मामले में पूर्व डीएम और सिटी मजिस्ट्रेट समेत कई अधिकारी तलब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मिट्टी चोरी और भूमि क्षति के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने पूर्व जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह, पूर्व जिला खनन अधिकारी उत्कर्ष त्रिपाठी और निर्मल सिंह समेत कई अधिकारियों को न्यायालय में तलब किया है। अदालत ने सभी आरोपित अधिकारियों को 16 अप्रैल 2026 को पेश होने के निर्देश दिए हैं। मामला बोड़ाकी गांव निवासी अधिवक्ता बलराज भाटी द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है, जिसमें सरकारी परियोजना के नाम पर उनकी जमीन से अवैध तरीके से मिट्टी उठाने के आरोप लगाए गए हैं।

मामले में अधिवक्ता बलराज भाटी का आरोप है कि गांव चमरावली रामगढ़ स्थित उनके खेत से करीब 20 लाख रुपये की मिट्टी चोरी की गई और इसका इस्तेमाल बिना उनकी अनुमति के न्यू बोड़ाकी रेलवे जंक्शन के परिसर के लिए किया गया। उनके परिवार की कुल 40 बीघा जमीन से वर्ष 2021 में 25 बीघा भूमि रेलवे के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के लिए अधिग्रहीत की गई थी। इसके बाद बची हुई 15 बीघा जमीन तक पहुंचने का रास्ता रेलवे द्वारा बनाई गई बाउंड्री वॉल के कारण बंद हो गया, जिससे उनकी कृषि गतिविधियां भी प्रभावित हुईं।

आरोप है कि रेलवे परिसर की बाउंड्री वॉल से उनके खेत में एक गेट खोलकर वहां से रैंप बनाकर भारी मात्रा में मिट्टी निकाली गई है। इस कारण उनके खेत में करीब 12 फीट गहरा गड्ढा हो गया, जिससे वह खेती लायक नहीं रह गई थी। अदालत के आदेश पर पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर द्वारा की गई जांच रिपोर्ट में पुष्टि हुई थी कि खेत में रेलवे की ओर से गेट खोलकर रैंप बनाया गया था और मिट्टी निकाले जाने के साक्ष्य भी मिले थे। हालांकि पुलिस रिपोर्ट के बावजूद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने मामले को खारिज कर दिया था।

# यमुना सिटी में भूखंड दिलाने के नाम पर 400 लोगों से 40 करोड़ ठगी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे के निकट यमुना सिटी में भूखंड दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी का मामला सामने आया है। देहरादून निवासी व्यक्ति ने खुद से 25 लाख रुपये और करीब 400 लोगों से 40 करोड़ रुपये ठगने का आरोप लगाते हुए कोर्ट के आदेश पर फेज-1 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। उत्तराखंड के देहरादून निवासी इंद्रदेव भट्ट ने पुलिस को बताया कि वह नोएडा की एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। सितंबर 2024 में सेक्टर-2 में अर्बनेस्ट नाम की कंपनी की कैनोपी लगी थी। वहां कुछ कर्मचारी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित आवासीय भूखंड बेच रही है।

पीड़ित का आरोप है कि कंपनी के कर्मचारी अनिल कुमार और अन्य लोगों ने उन्हें कंपनी के सेक्टर-2 स्थित कार्यालय में बुलाया। यहां उनकी मुलाकात कंपनी मालिक हुकुम सिंह, सिद्धांत वार्ष्णेय और अन्य कर्मचारियों से कराई गई। आरोप है कि इन लोगों ने यमुना प्राधिकरण से स्वीकृत कराई गई जमीन बताकर फर्जी नक्शे और दस्तावेज दिखाए और फलंदा बांगर क्षेत्र में विकसित भूखंड देने का भरोसा दिया। साथ ही, पीड़ित से 11 अक्तूबर 2024 को 21 हजार 500 रुपये टोकन राशि के रूप में ले लिए। इसके बाद धीरे-धीरे अप्रैल 2025 तक उनसे चेक और करीब 25 लाख रुपये नगद ले लिए। बदले में उन्हें विकसित भूखंड देने का आश्वासन दिया गया था, जिसमें सड़क, नाली, सीवर और बिजली की सुविधा भी होने की बात कही गई थी। पीड़ित के मुताबिक बाद में आरोपियों ने उन्हें फलंदा बांगर गांव के पास एक जमीन दिखाई और अपने साथी भीम सिंह के माध्यम से जमीन का बैनामा भी करा दिया। जब उन्होंने मौके पर विकसित भूखंड देने की मांग की तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी। संदेह होने पर पीड़ित ने जमीन की जांच कराई तो पता चला कि वह जमीन आबादी क्षेत्र में नहीं बल्कि नदी क्षेत्र की है। इसके बाद उन्होंने आरोपियों से रुपये वापस मांगे, तो उन्हें गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई।

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि इसी गिरोह ने सेक्टर-128 नोएडा निवासी हरजोत सिंह कोहली से करीब 11 लाख रुपये और फरीदाबाद निवासी चतुर्भुज कुशवाहा से करीब छह लाख रुपये ठग लिए। साथ ही, करीब 400 अन्य लोगों से भी भूखंड दिलाने के नाम पर लगभग 40 करोड़ रुपये की रकम वसूली गई। सभी पीड़ित उसके ऑफिस पहुंचे तो वह लोग गायब मिले। पीड़ित ने पुलिस पर मुकदमा दर्ज न करने का आरोप भी लगाया।

## नोएडा प्राधिकरण बोर्ड बैठक में बड़े फैसले, किसानों व भूखंड आवंटन पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण बोर्ड की 222वीं बैठक में 6 अप्रैल को कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनका सीधा असर आवासीय एवं औद्योगिक भूखंडों के उपयोग, किसानों के हितों और भूमि दरों पर पड़ेगा। बैठक में मिश्रित भूमि उपयोग से जुड़े प्रावधानों को मंजूरी दी गई, जिससे आवंटित आवासीय और औद्योगिक भूखंडों के उपयोग में लचीलापन आएगा। हालांकि 5 प्रतिशत आबादी भूखंडों को इस दायरे से बाहर रखा गया है और उन पर पूर्व निर्धारित नियम ही लागू रहेंगे। ग्रामीण आबादी क्षेत्र में नक्शा स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने पर भी जोर दिया गया। इसके तहत किसानों को भवन निर्माण के लिए नियमावली को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आम जनता से सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी। इन सुझावों की समीक्षा एक समिति द्वारा की जाएगी, जिसके बाद अंतिम नीति तैयार की जाएगी। बैठक में वर्ष 2010 से 2023 के बीच लगभग 70 किसानों द्वारा जमा की गई धनराशि के मामलों पर भी चर्चा हुई। यह धनराशि 5 प्रतिशत आबादी भूखंड आवंटन से जुड़ी है।

बोर्ड ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए संबंधित किसानों की सहमति के आधार पर समतुल्य धनराशि प्राप्त करने और आवश्यक भूमि विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, यमुना विकास प्राधिकरण की तर्ज पर डीएनजीआईआर, न्यू नोएडा क्षेत्र में आपसी समझौते के आधार पर भूमि खरीद के लिए दरों को संतुलित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

# गड्ढे में डूबने से छात्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में पानी से भरे एक गड्ढे में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई। छात्र अपने तीन दोस्तों के साथ एग्जाम खत्म होने के बाद पिकनिक मनाने गया था। चारों पानी से भरे गड्ढे में नहा रहे थे। इसी दौरान एक छात्र अचानक गहराई में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन उसे बचा नहीं सके। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र को बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। घटना सेक्टर-94 स्थित थाना सेक्टर-126 क्षेत्र में बुधवार को हुई।

**एमिटी यूनिवर्सिटी के बताए जा रहे छात्र:** डीसीपी साद मियां खान ने बताया- मृतक स्टूडेंट और उसके साथी एमिटी यूनिवर्सिटी के छात्र हैं। प्रारंभिक जांच में मामला डूबने से मौत का प्रतीत हो रहा है।पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

इस घटना के बाद शहर में खुले और असुरक्षित गड्ढों को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार एजेंसियां इस ओर ध्यान नहीं दे रही हैं।

# अब हर 15 मिनट पर मिलेगी इलेक्ट्रिक बस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के 2 लाख लोगों को लास्ट माइल कनेक्टिविटी मिलने जा रही है। ये कनेक्टिविटी उनको फीडर बस के जरिए मिलेगी। इसकी शुरुआत मई से होने जा रही है। हालांकि प्रयास यही था कि नोएडा स्थापना दिवस पर ही इसका शुभारंभ किया जाए। लेकिन इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार नहीं होने से इसमें बाधा आ रही है।जो रूट फाइल किए जा रहे है। उसमें नोएडा एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी और ग्रेनो वेस्ट को जोड़ा गया है। ये सभी रूट मेट्रो स्टेशन से होकर जाएंगे। इन पर 15-15 मिनट के अंतराल पर बस मिलेंगी।

कुल 45 बस चलेंगी 5 स्टैंड बाइ पर रहेंगी।

यहां लास्ट माइल कनेक्टिविटी का मतलब फीडर बसों से है। 9 और 12 मीटर की दो प्रकार की करीब 50 बस पहले फेज में चलेंगी। इनका संचालन यूपी रोडवेज करेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर यानी बसो के खड़े होने के लिए डिपो, चार्जिंग पाइंट (सभी ईवी बस), सर्विस सेंटर, ड्राइवर और कंडेक्टर के लिए आराम करने की जगह और ऑफिस स्टॉफ के लिए कमरे। सेक्टर-90 नोएडा डिपो में इन बसो को खड़ा किया जाएगा। यहां एक इमारत बनी हुई है। उसकी मरम्मत की जाएगी।

# चिकन एग रोल कार्नर का पंजीकरण निरस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने चिकन एग रॉल खाने से पिता-पुत्र समेत चार लोगों के बीमार होने के मामले में बुधवार को दुकान का खाद्य पंजीकरण निरस्त कर दिया है। साथ ही, उसके व्यवसाय संचालन पर रोक लगा दी। सूरजपुर स्थित लोटस पार्क निवासी अनिल पासवान ने बताया कि उन्होंने रविवार शाम को जगत फार्म स्थित रोशनी एग रोल नामक स्टॉल से परिवार के लिए चिकन एग रोल खरीदे थे। इसके सेवन के कुछ घंटे बाद अनिल पासवान, उनकी बेटी और उनके दो दोस्तों को तेज बुखार और उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। सभी को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।




डॉक्टरों ने फूड प्वाइजनिंग की पुष्टि कर दवा दी।घटना की सूचना मिलते ही खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को रोशनी एग रोल स्टॉल पर जाकर जांच की। टीम ने नमूने लेकर जांच के लिए भेजे। खाद्य एवं सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त द्वितीय सर्वेश कुमार ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओपी सिंह की टीम बुधवार को प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। टीम ने प्रतिष्ठान में सफाई आदि कमियां मिलने पर खाद्य पंजीकरण अग्रिम आदेशों तक निरस्त कर व्यवसाय संचालन पर रोक लगा दी।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# बरात व रोडवेज बस की टक्कर

## गैंडीखाता के समीप पिपरी नदी के पास हादसा, कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** देहरादून-काशीपुर फोरलेन पर गैंडीखाता (उत्तराखंड) के समीप बरात व रोडवेज बस की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दस से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को मंडावली क्षेत्र के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नांगल सोती के ग्राम शहजादपुर निवासी नजीर के पुत्र सलमान की बरात मंगलवार को देहरादून गई थी।

रात करीब आठ बजे बरात जब वापस लौट रही थी तभी देहरादून काशीपुर-फोरलेन पर गैंडीखाता के समीप बरात व नजीबाबाद से जा रही रोडवेज बस में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में बस चालक इरशाद, अनीस अहमद, शाहनूर, अजमल, अबूजर, फुरकान, नईम, सहित दस से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों को मंडावली क्षेत्र के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।









## ट्रेन की चपेट में आने से बिहार के युवक की मौत

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद रेलवे स्टेशन के फजलपुर यार्ड के किलोमीटर संख्या 1503/1 के पास एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक वीर सिंह और जीआरपी के उपनिरीक्षक राहुल यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर अप और डाउन मेन लाइन के बीच एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। मृतक के पास से आधार कार्ड बरामद हुआ, जिससे उसकी पहचान प्रसाद मांझी (43 वर्ष) पुत्र राम सहाय मांझी के रूप में हुई। मृतक बिहार के गया (बोधगया) के ग्राम कटोरवा मोचारिम का निवासी था। मौके से एक क्षतिग्रस्त मोबाइल फोन भी मिला। हालांकि रेल टिकट बरामद नहीं हुआ। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# वन विभाग की लापरवाही से बिज्जू की मौत

## कासमपुरगढ़ी पीएचसी परिसर में घायल मिला था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कासमपुर गढ़ी में सरकारी अस्पताल परिसर में बिज्जू घायल अवस्था में घूमता रहा। विभाग को सूचना देने के बावजूद कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। वन विभाग की लाप. रवाही के चलते बिज्जू की मौत हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार देर शाम कासमपुर गढ़ी (मानियावाला) बस स्टैंड पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जंगल से भटक कर आए घायल जंगली जानवर (बिज्जू) को देख कर लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बिज्जू को देखने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मौजूद लोग तरह-तरह के कयास लग रहे थे कि संभवत: बिज्जू ने खेतों में कोई कीटनाशक दवाई खा ली होगी। जिस कारण उसकी हालत बिगड़ी है। पशु प्रेमी शूजाउद्दीन अंसारी ने मौजूद दुक. ानदारों हरपाल सिंह, अकील अहमद, मौहम्मद आसिफ की मौजूदगी में बिज्जू के घायल होने की सूचना वन विभाग को दी। क्षेत्रीय वन दरोगा सुनील कुमार राजौरा ने घटनास्थल पर वन कर्म की टीम भेज कर घायल बिज्जू का इलाज करने का आश्वासन दिया, परंतु देर रात तक कोई भी वन विभाग कर्मी घायल बीजू का इलाज कराने नहीं पहुंचा। जबकि रात में किसी समय घायल बिज्जू ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। जबकि ब्लॉक कार्यालय परिसर में ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व पशु चिकित्सालय भी है।



इस संबंध में वन क्षेत्र अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि बीती रात मौसम खराब होने के कारण वन कर्मियों की टीम नहीं पहुंच सकी। बिज्जू के शव को उठाकर अन्तिम संस्कार कर दिया जाएगा।

बिज्जू (बडगर) एक छोटा, मांसभक्षी/सर्वभक्षी जंगली स्तनधारी जीव है, जो अपनी मोटी त्वचा, मजबूत पंजों और निडर स्वभाव के लिए जाना जाता है। यह अकेले व्यक्ति को देखकर हमला भी कर देता है। मुख्य रूप से नदियों के तट व जंगलों में बिल बनाकर रहता है। इसे 'कब्र बिज्जू' भी कहा जाता है, क्योंकि ये कब्रें खोदने में सक्षम होते हैं।

### एक नजर

## बजरंग बली के भजनों पर झूमे भक्त



**धामपुर।** सामूहिक रूप से सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली का गुणगान किया गया। दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित राजवीर सिंह के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली का गुणगान किया गया। भजन 'छम छम नाचे वीर हनुमान, जिसे कहते हैं राम का दीवाना' यह सबको खूब पसंद आया। सब ने तालियां बजा का उत्साह वर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में राजवीर सिंह, कल्पना रानी, शशांक राज सिंह, नेहा रानी, मानिक राज सिंह, राजेंद्र सिंह, वीरवती, सुधा, ममता आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, सुनील चौहान, संदीप भारद्वाज, विपिन चंद्र, सत्येंद्र शर्मा, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

## बाइक रिपेयरिंग की दुकान में चोरी



**धामपुर।** बाइक रिपेयरिंग दुकान से चोरों ने हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। निजामुद्दीन पुत्र नजाकत अली साबरी की नहटौर रोड स्थित मोमला पुलिया के पास बाइक रिपेयरिंग व पंचर की दुकान है। पीड़ित के अनुसार सात अप्रैल की रात चोर दुकान से बाइक रिपेयरिंग के औजार, ट्यूब, चेन सेट, मोबिल ऑयल के डिब्बे समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई जा रही है। सुबह दुकान पर पहुंचने पर चोरी की घटना का पता चला। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पीड़ित ने मामले में तहरीर देकर चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## हज यात्रा प्रशिक्षण कैंप 12 को

**बिजनौर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सौरभ कुमार सिंह ने जारी प्रेस नोट में बताया कि हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण कैंप का आयोजन 12 अप्रैल को किरतपुर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2026 की हज यात्रा पर जाने वाले समस्त यात्रियों को यात्रा से सम्बंधित अरकान एवं हज कमेटी ऑफ इंडिया, सऊदी अरब की गाईड लाईन से सम्बंधित प्रशिक्षण 12 अप्रैल, 2026 को 09.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक अवामी इमदादी सोसायटी, निकट मंडावर बस स्टैंड किरतपुर में आयोजित होना प्रस्तावित है। हज यात्रा प्रशिक्षण कैम्प जनपद के हज ट्रेनर मुख्तार अहमद अंसारी द्वारा आयोजित कराया जाएगा है। जनपद से यात्रा पर जाने वाले समस्त हज यात्री प्रशिक्षण में हज के अरकान एवं हज कमेटी ऑफ इंडिया, सऊदी अरब की गाईड लाईन से सम्बंधित प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।

## टीईटी के विरोध में मशाल जुलूस 13 को

**बिजनौर।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले 13 अप्रैल 2026 को टीईटी के विरोध में होने वाले मशाल जुलूस की सफलता को लेकर अटेवा जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत के संचालन में वर्चुअल बैठक आयोजित हुई। बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के बाद सरकार के विद्यालयों में 23 अगस्त, 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता लागू करना शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के खिलाफ षडयंत्र है। जबकि वर्ष 2011 से शिक्षकों की नियुक्ति में टीईटी की अर्हता अनिवार्य की गई है। टीईटी के विरोध में 13 अप्रैल को पुराने महिला अस्पताल से 5:30 बजे से मशाल जुलूस निकाला जाएगा। जिसमें अनेक संगठनों के बैनर तले शिक्षक प्रतिभाग कर सरकार से टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग करेंगे। बैठक में धामपुर तहसील प्रभारी आफताब अहमद, नहटौर ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, नजीबाबाद ब्लॉक अध्यक्ष सुशील कुमार, किरतपुर ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप कुमार, मौहम्मदपुर देवमल ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, हल्दौर ब्लॉक अध्यक्ष मुजफ्फर इस्लाम, चांदपुर ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र कुमार, ब्लॉक महामंत्री मौहम्मद शाहनवाज, बुढ़नपुर ब्लॉक संरक्षक मौहम्मद शादाब, कोतवाली ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, भान सिंह, दिलेराम रवि आदि ने विचार व्यक्त किए।

# गय्यूर आसिफ के सम्मान में कार्यक्रम

## आरजेपी के पूर्व छात्र मौहम्मद काशिफ के आवास पर आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बुखारा स्थित बक्शी वाला रोड वीआईपी कॉलोनी में गुरु शिष्य की परंपरा को निभाते हुए इंजीनियर मौहम्मद काशिफ गवर्नमेंट कांट्रेक्टर ने गुरु के प्रति गहरा प्रेम एवं श्रद्धा प्रकट करते हुए आरजेपी इंटर कॉलेज में अपने गुरु रहे गय्यूर आसिफ के प्रधानाचार्य बनने पर उनके सम्मान में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित कर मिसाल कायम की।

गौरतलब है कि एक अप्रैल को आरजेपी इंटर कॉलेज के नए प्रिंसिपल बने गय्यूर आसिफ के सम्मान में मौहम्मद काशिफ ने अपने आवास पर स्वागत व सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर मौहम्मद काशिफ तथा उनके निमंत्रण पर उपस्थित नगर के अनेक गणमान्य अतिथियों ने गय्यूर आसिफ को शाल ओढ़ाकर तथा सम्मान चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया।



कार्यक्रम में उपस्थित वर्धमान कॉलेज के अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष डा. सुनील कुमार अग्रवाल ने कहा कि गय्यूर आसिफ अनुशासन प्रिय, विद्वतापूर्ण, कर्त्तव्यनिष्ठ तथा मृदुभाषी शिक्षक के साथ-साथ एक कुशल प्रशासक भी हैं। उनके मार्गदर्शन में राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज अपनी प्रतिष्ठा, गरिमा एवं उत्कृष्ट छवि को न केवल बनाए रखेगा बल्कि उनके मार्गदर्शन में विद्यालय विकास एवं उन्नति के नए आयाम भी स्थापित करेगा। डीएवी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य तथा गय्यूर आसिफ के साथ पूर्व में प्रवक्ता रहे डा. सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि गय्यूर आसिफ के रूप में आरजेपी इंटर कॉलेज को एक उत्कृष्ट प्रधानाचार्य मिला है। उन्होंने गय्यूर आसिफ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि विद्यार्थियों, अभिभावकों, प्रबंधन तंत्र तथा अपने स्टाफ के लिए के साथ उत्तम समन्वय स्थापित करते हुए आसिफ आदर्श शिक्षक के साथ-साथ उत्कृष्ट प्रधानाचार्य भी सिद्ध होंगे। उपस्थित सभी अतिथियों ने भी फूल मालाएं पहना कर बुके देकर गय्यूर आसिफ का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उनके कार्यकाल में विद्यालय की चहुमुखी विकास हेतु शुभकामनाएं दीं। मौहम्मद काशिफ के द्वारा अपने प्रिय एवं आदर्श गुरु के लिए आयोजित सम्मान समारोह में रे फिल्म प्रोडक्शन व आईना विजन न्यूज के डायरेक्टर आलोक गोविंल, मनोज शर्मा, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु कुमार वत्स, तारिक मसरूर, मौहम्मद सालिम, मौहम्मद शाहरुख, जाकिर अहमद, अता करीम, राहत अली, सुबोध चंद शर्मा (पूर्व प्रिंसिपल), कौसर अता, वसीम अहमद, नईम, पूर्व सभासद सुदेश कुमार, मुजफ्फर अली, अजहर बुखारी, शमशाद अंसारी वार्ड मेंबर, इदरीस, सलाउद्दीन आदि ने माला पहनाकर गय्यूर आसिफ को सम्मानित किया।

# एडीएम का औचक निरीक्षण

## सुधार कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर पंचायत झालू में बुधवार को उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एडीएम (प्रशासन) ने अचानक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचे अधिकारी के इस दौरे ने नगर पंचायत अमले को सतर्क कर दिया।

एडीएम (प्रशासन) द्वारा झालू तिराहा स्थित सार्वजनिक शौचालय, तालाब परिसर, पुलिस चौकी के सामने स्थित डिजिटल लाइब्रेरी, गौशाला परिसर तथा नगर पंचायत कार्यालय का गहन निरीक्षण किया गया। प्रत्येक स्थल पर साफ-सफाई, रख-रखाव और उपलब्ध सुविधाओं को बारीकी से परखा गया।

अधिकांश स्थानों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं, लेकिन कुछ जगहों पर लापरवाही और छोटी कमियां सामने आईं। इस पर एडीएम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए और सुधार कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने की चेतावनी दी।



निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी, जेई (कनिष्ठ अभियंता) सहित नगर पंचायत का पूरा स्टाफ मौके पर मौजूद रहा। अधिकारियों के सख्त रुख के चलते कर्मचारियों में हलचल साफ देखने को मिली।

एडीएम ने स्पष्ट किया कि नगर की स्वच्छता, व्यवस्थाएं और जनसुविधाएं प्राथमिकता में हैं और इनमें किसी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

# आशीष शर्मा बने धामपुर शुगर मिल के यूनिट हेड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल के चेयरमैन कुंवर अशोक कुमार गोयल के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में प्रबंध निदेशक कुंवर गौरव गोयल ने धामपुर शुगर मिल का चार्ज आशीष शर्मा को सौंपा।

आशीष शर्मा ने धामपुर शुगर मिल के महाप्रबंधक कुंवर ईशान गोयल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अक्षत कपूर, मुख्य वित्तीय अधिकारी सुशील महरोत्रा, तुषार भट्ट एवं धामपुर शुगर मिल के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में चार्ज संभाल लिया है। चार्ज संभालते ही उन्होंने सारे विभागों के अध्यक्षों के साथ मीटिंग की। अपनी प्राथमिकताओं पर जोर देते हुए उन्होंने विभाग अध्यक्षों से अपने-अपने विभागों का कार्य पूरी जिम्मेदारी एवं निष्ठा के साथ करने के लिए प्रेरित किया। गन्ना विभाग के अधिकारियों को धामपुर शुगर मिल क्षेत्र में गन्ने की अधिक से अधिक बुवाई कराने के लिए निर्देशित किया, शीघ्र ही वे गांवों का भ्रमण करेंगे तथा किसानों से मिल कर अधिक से अधिक गन्ना बीज उपलब्ध कराने, बीजों के वितरण तथा नई प्रजातियां को उपलब्ध कराने के लिए कार्य करने के लिए अपनी प्राथमिकता बताई है।



इस मौके पर कुंवर गौरव गोयल, प्रबंध निदेशक ने आशीष शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए आशा प्रकट की कि आशीष शर्मा अपने नेतृत्व में धामपुर शुगर मिल को ऊंचाइयों पर ले जाएंगे तथा आगामी सत्र में अधिक से अधिक गन्ने की पेराई का कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

आशीष शर्मा बिजनौर के साहित्य विहार कॉलोनी के निवासी हैं तथा ग्राम शेखपुरा के मूल निवासी हैं। आशीष शर्मा मृदुल भाषी, हंसमुख, सौम्य स्वभाव एवं मिलनसार प्रकृति के अधिकारी हैं।

धामपुर शुगर मिल से पहले वें रजपुरा, जिला संभल, मीरग. ंज-बरेली के यूनिट हेड रह चुके हैं तथा धामपुर की असमोली यूनिट तथा मंसूरपुर यूनिट में कई वर्षों तक कार्य किया है। धामपुर शुगर मिल के समस्त श्रमिकों, कर्मचारियों, यूनियन के पदाधिकारियों तथा अधिकारियों ने धामपुर शुगर मिल का चार्ज ग्रहण करने पर उन्हें शुभकामनाएं और बधाइयां दी है। धामपुर शुगर मिल का चार्ज संभालने पर आशीष शर्मा ने समस्त क्षेत्रवासियों, श्रमिकों एवं कर्मचारियों तथा ट्रांसपोर्टरों को विश्वास दिलाया है कि वे धामपुर शुगर मिल को पूरी क्षमता के अनुरूप चलाकर आगामी सत्र में उत्पादकता बढ़ाने के लिए पूरी कोशिश करेंगे। साथ ही सभी क्षेत्रवासियों से धामपुर शुगर मिल के विकास के लिए कंधे से कंधा मिलाकर के कार्य करेंगे। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर कहा, मैं धामपुर शुगर मिल की टीम में शामिल होने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं और अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभाने का प्रयास करूंगा।

### एक नजर

## चोर दीपांशु व शिवा गिरफ्तार



**धामपुर।** छह अप्रैल को राहुल ठाकुर पुत्र महिपाल सिंह निवासी शक्तिनगर, थाना धामपुर ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि चोरों द्वारा उनकी बाइक एक लाइब्रेरी के बाहर से चोरी कर ली गई है। इस संबंध में थाना धामपुर में मुकदमा अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया गया था। पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दीपांशु उर्फ विकास पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी ग्राम सरकथल सानी, थाना धामपुर तथा शिवा चौहान पुत्र विजयपाल सिंह निवासी ग्राम सेढ़ा, थाना धामपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त दीपांशु उर्फ विकास एवं शिवा चौहान का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिनके खिलाफ पूर्व में भी चोरी से संबंधित मुकदमा दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक श्यामपाल सिंह, उपनिरीक्षक अमरपाल सिंह एवं कांस्टेबल अजय शामिल रहे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम गढ़मलपुर निवासी रहनुमा परवीन के मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में ससुरालियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए खर्च न देने वाले पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला का कहना है कि उसकी शादी 20 फरवरी 2020 को रहमान पुत्र शमीम निवासी गढ़मलपुर, थाना नजीबाबाद के साथ हुई थी, उसका पति विदेश में रहता है, सब पैसा अपनी मां के पास भेजता है, उसकी सास व जेठानी उसे परेशान करती है। उन्होंने उसे लगभग ढाई वर्ष पूर्व ससुराल से मारपीट कर निकाल दिया था। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। बाद में पति समझौता कर निकाल दिया था। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। बाद में पति समझौता कर उसे घर वापस ले गया तथा विदेश चला गया था। चार अप्रैल 2026 को पीड़िता महिला अपने पुत्र को दवाई दिलाने नजीबाबाद जा रही थी, रायपुर बस स्टैंड पर पीड़ित के जेठ व जेठानी ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए धमकी दी कि मौका मिलने पर तुझे घर में जलाकर मार देंगे। पीड़िता ने पुलिस से मामले की जांच कराकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

## विवाहिता करंट लगने से झुलसी

**अफजलगढ़।** ग्राम मानियावाला निवासी जुम्मा शाह की विवाहित पुत्री रेशमा अपने मायके आई हुई थी। परिजनों के अनुसार रेशमा ने जैसे ही पानी भरने के लिए मोटर चालू कर नल की हथकी पकड़ी, वह तेज करंट की चपेट में आ गई। चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और बिजली बंद कर उसे बचाया। गंभीर रूप से झुलसी रेशमा को परिजनों ने तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी है। महिला की हालत स्थिर बनी हुई है। फिलहाल वह निजी चिकित्सक के यहां उपचाराधीन है।

## जरुरतमंदों को भोजन वितरित किया



**शेरकोट।** श्री विश्वकर्मा दिव्य शक्ति महासभा ट्रस्ट द्वारा आयोजित द्वितीय सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत हरेवाली तिराहे के पास स्थित वाल्मीकि धर्मशाला में लगभग 200 जरुरतमंद लोगों को भोजन एवं स्वच्छ पेयजल वितरित किया गया। इस सेवा कार्य का नेतृत्व ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष डा. नितिन विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट की सचिव पूजा विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष राजीव विश्वकर्मा तथा लेखा परीक्षक मयंक विश्वकर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई और व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया। कार्यक्रम के दौरान कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें डा. राहुल, डा. मनीष, दयाराम सिंह, बड़े भाई प्रदीप यादव, शक्ति सिंह और सूरज शामिल रहे। सभी ने मिलकर सेवा कार्य को सफल बनाने में योगदान दिया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि उनका उद्देश्य समाज के जरुरतमंद वर्ग की सहायता करना है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए इसे एक प्रेरणादायक कदम बताया।

# पिकअप बुकिंग के बहाने पिता-पुत्र की हत्या, पांच दिन बाद शामली में मिले शव, गांव में फैली शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना धनारी क्षेत्र के गांव भिरावटी के मजरा मलुआ के घेर निवासी पिता-पुत्र की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है।





पिकअप गाड़ी की बुकिंग पर निकले नरेश और उनके पुत्र भीमसेन के शव पांच दिन बाद शामली जिले में बरामद हुए। इस खबर से परिवार में कोहराम मच गया। बुधवार को दोनों के शव गांव पहुंचते ही शोक की लहर दौड़ गई और ग्रामीणों की भारी भीड़ के बीच उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

परिजनों के अनुसार, दो अप्रैल की शाम करीब सात बजे नरेश के पास गाड़ी बुकिंग का फोन आया था। इसके बाद वह अपने पुत्र भीमसेन के साथ पिकअप लेकर मेरठ जाने की बात कहकर घर से निकले। गाड़ी में बुकिंग कराने वाले दो अज्ञात व्यक्ति भी सवार थे। रात करीब दस बजे नरेश की एक रिश्तेदार से अंतिम बार बातचीत हुई, जिसमें उन्होंने बताया था कि वे गढ़ टोल प्लाजा के पास हैं और उस समय गाड़ी भीमसेन चला रहा था। इसके बाद दोनों से संपर्क टूट गया और मोबाइल फोन बंद हो गए। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों ने चार अप्रैल को थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने मोबाइल लो. केशन के आधार पर शामली और आसपास के क्षेत्रों में तलाश की, यहां तक कि टीम पंजाब तक पहुंच गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

मंगलवार को शामली में दो अज्ञात शव मिलने की सूचना पर परिजनों को पहचान के लिए बुलाया गया, जहां शवों की पहचान नरेश और भीमसेन के रूप में हुई। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसने गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन सख्ती से पूछताछ में उसने बताया कि दोनों की हत्या मेरठ-करनाल हाईवे पर की गई थी और शवों को काबड़ौत के जंगल में फेंक दिया गया था। इस जघन्य वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## परामर्श केंद्र में 18 मामलों की सुनवाई, एक का हुआ निस्तारण

**चन्दौसी।** बुधवार को पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी में संपन्न हुई। बैठक का संचालन परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह के निर्देशन में किया गया। इस दौरान पति-पत्नी के बीच चल रहे आपसी विवादों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराने का प्रयास किया गया। बैठक में कुल 18 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से एक प्रकरण का सफलतापूर्वक निस्तारण कराया गया। वहीं एक अन्य पत्रावली में पक्षकारों द्वारा रुचि न लेने के कारण उसे बंद कर दिया गया। शेष मामलों में अगली तिथि निर्धारित कर आगे की कार्रवाई तय की गई। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, मनो. हर सिंह, रुचि और करुणा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक एंटी रोमियो टीमों का अभियान तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मिशन शक्ति-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत पुलिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को पुलिसकर्मियों व एंटी रोमियो टीम ने बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक किया। इस दौरान उनकी समस्याएं सुनी गईं और उनके समाधान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के तहत प्रमुख बाजारों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुरक्षा उपायों के बारे में बताया गया। पुलिसकर्मियों ने पंपलेट वितरित कर महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी, जिनमें वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108, महिला हेल्पलाइन 181 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके साथ ही मोबाइल फोन पर पैनिक बटन और इमरजेंसी कॉल के उपयोग का डेमो भी दिया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।



## मानसिक रूप से बीमार युवती को पुलिस ने परिजनों से किया सकुशल मिलाया

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में पुलिस ने मानसिक रूप से अस्थिर एक युवती को तत्परता से सुरक्षित निकालकर उसके परिजनों से मिलाने में सफलता हासिल की है। यूपी 112 पर तैनात देवेन्द्र कुमार को सूचना मिली कि ग्राम बोबधवाला में करीब 18 वर्ष की एक लड़की मानसिक रूप से ठीक नहीं है। मौके पर पहुँच कर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जिसपर उपनिरीक्षक किरंत पंवार के नेतृत्व में महिला सुरक्षा टीम (आरती, हीना शर्मा, राजू) मौके पर पहुंची। युवती कोई जानकारी नहीं दे पाई, जिसके बाद उसे थाना लाया गया। टीम ने फोटो दिखाकर और सोशल मीडिया से पता लगाया कि युवती कस्बा ठाकुरद्वारा के मोहल्ला फतेहुल्लागंज की रहने वाली है। पुलिस ने पिता सुलेमान (पुत्र अकबर अली) से संपर्क किया, जिन्होंने बताया कि उनकी बेटी घर से लापता थी। सत्यापन के बाद लड़की को पिता व परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया हैं।



## जनकल्याण सेवा समिति ने कन्या विवाह में किया सहयोग

**चन्दौसी।** जनकल्याण सेवा समिति चन्दौसी द्वारा जरूरतमंद कन्याओं के विवाह में सहयोग की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस माह भी एक कन्या की शादी में सहयोग किया गया। इस संबंध में समिति की बैठक पूर्णिमा, पत्नी शरद वार्ष्णेय के वैष्णो विहार कॉलोनी स्थित आवास पर आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कन्या के विवाह हेतु आवश्यक घरेलू सामान, उपहार सामग्री तथा 2100 रुपये की नकद धनराशि देकर सहयोग प्रदान किया। इस दौरान सदस्यों ने समाज सेवा के इस पुनीत कार्य को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। समिति ने यह भी निर्णय लिया कि यदि उनके संज्ञान में कोई जरूरतमंद कन्या आती है, तो प्रत्येक माह कम से कम एक कन्या के विवाह में सहयोग अवश्य किया जाएगा, ताकि समाज में सहयोग और सेवा की भावना को बढ़ावा मिल सके।




बैठक में अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय, सचिव भावना गुप्ता, कोषाध्यक्ष मीनू फैंसी, उपाध्यक्ष रेखा रस्तोगी, सीमा फैंसी, संगीता शर्मा, पूनम वार्ष्णेय, दीप्ति, पूर्णिमा, रेखा अग्रवाल, राजेश्वरी, सारिका, रुचि, सोनी रस्तोगी, अनामिका, नीलम, सीमा सिंह सहित अनेक सदस्यों की सहभागिता रही।

## आंधी, बारिश में विद्युत पोल टूटे, विद्युत आपूर्ति हुई ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मंगलवार की शाम आई आंधी बारिश में जगह-जगह पेड़ व विधुत पोल टूट कर गिर गये जिससे कई गांवों की विधुत आपूर्ति बंद हो गई। तहसील चन्दौसी अन्तर्गत थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र के गांव पैगारफातपुर में मंगलवार की शाम आई तेज आंधी में पंचायत घर के निकट एक यूकेलिप्टस का पेड़ टूटकर विधुत लाइन पर गिर गया जिससे पैगारफातपुर, जहांगीरपुर, मैनपुरी, दियौरा खास आदि गांवों की विधुत आपूर्ति ठप हो गई। खबर लिखे जाने तक चौबीस घंटे तक विद्युत आपूर्ति बंद रही। वहीं खनुपुरा गांव में भी विधुत पोल टूटने से बिजली बाधित हो गई। अवर अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि आंधी में पेड़ टूटकर बिजली की मुख्य लाइन पर गिरने से आपूर्ति बाधित हो गई है। नये विधुत पोल लगाकर लाइन मरम्मत का कार्य चल रहा है देर शाम तक बिजली आपूर्ति कर दी जाएगी।



## गन्ना किसानों के लिए बड़ी खबर: गन्ना बीज की ऑनलाइन उपलब्धता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गन्ना विकास विभाग ने गन्ना किसानों के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब गन्ना बीज की उपलब्धता की जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है, जिससे किसानों को अपने निकटतम गन्ना बीज धारक किसान, गन्ना किस्म व मात्रा विवरण तथा गन्ना बीज की उपलब्धता से जुड़ी समस्त जानकारी प्राप्त करने में आसानी होगी।गन्ना विकास विभाग की वेबसाइट (लिंक उपलब्ध नहीं है) पर जाकर कोई भी गन्ना किसान बीज टैब पर क्लिक कर यह जानकारी प्राप्त कर सकता है। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य किसानों को नजदीकी बीज उपलब्धता बताना, बीज वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाना तथा किसानों को बिचौलियों से बचाना है।इस ऑनलाइन व्यवस्था के तहत, गन्ना किसान अपने क्षेत्र के नजदीकी चीनी मिल या सरकारी गन्ना बीज नर्सरी में उपलब्ध बीज की सटीक मात्रा (स्टॉक) को घर बैठे ऑनलाइन देख सकते हैं। यह व्यवस्था विभाग द्वारा पहली बार लागू की गई है।गन्ना विकास विभाग द्वारा पोर्टल पर संस्तुत गन्ना किस्मों के विस्तृत विवरण भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिसे देखकर किसान अपनी आवश्यकता और क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुसार वांछित गन्ना किस्मों के बीज का चयन कर सकते हैं और संबंधित निकटवर्ती किसान से संपर्क कर बीज प्राप्त कर सकते हैं।इस ऑनलाइन व्यवस्था के बारे में उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में गन्ना किसानों के हितों के दृष्टिगत निरंतर नए-नए निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गन्ना बुवाई के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु गन्ना किसानों को स्वस्थ व रोगरोधी उन्नत प्रजाति के प्रमाणित गन्ना बीज उपलब्ध कराना विभाग की पहली प्राथमिकता है।

गन्ना किसानों को ऑनलाइन पोर्टल चलाने में किसी प्रकार की समस्या आती है, पने क्षेत्रीय गन्ना पर्यवेक्षक से संपर्क कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

## भाकियू (अराजनैतिक) की मासिक बैठक में संगठन विस्तार, कई पदों पर नियुक्तियां

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक बैठक ब्लॉक परिसर में आयोजित की गई, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में तहसील अध्यक्ष संजीव सिंह सहरावत एवं महिला प्रकोष्ठ की तहसील अध्यक्ष ज्योति चौहान की उपस्थिति में संगठन का विस्तार करते हुए कई पदों पर नियुक्तियां की गईं। इस दौरान गुलशन जहाँ को महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष, लक्ष्मी देवी को तहसील उपाध्यक्ष, प्रदीप कुमार चौधरी को ब्लॉक महामंत्री, वीर भान को ब्लॉक उपाध्यक्ष, अब्दुल सलाम को ग्राम अध्यक्ष तथा योगेश सिंह को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। बैठक में निशा रानी, गजेन्द्र चौहान, कुलदीप चौहान, नितिन कुमार, अनिल चौहान, सोमन्त सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिलारी समाचार

### प्राथमिक विद्यालय गांधी पार्क में आयोजित हुआ वार्षिक उत्सव, कक्षा 8 के छात्रों को दी भावभीनी विदाई

**मुरादाबाद।** सिविल लाइन स्थित प्राथमिक विद्यालय गांधी पार्क में वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर कक्षा 8 के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति ने माहौल को और भी भावुक और आनंदमय बना दिया।

समारोह के दौरान बच्चों ने नृत्य, गीत और नाटकों की शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। प्रस्तुत कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण संदेश भी दिए गए, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।यह आयोजन प्राथमिक विद्यालय गांधी पार्क और मानपुर के संयुक्त प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की एकजुटता और छात्रों के सर्वांगीण विकास की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राहुल शर्मा, शिक्षिका रेखा चौहान, सुजाता यादव, आयशा नूर, मोनिका पाल सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने कक्षा 8 के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की।

अंत में विदाई ले रहे छात्रों ने विद्यालय के प्रति अपने अनुभव साझा किए, जिससे वातावरण भावुक हो गया। कार्यक्रम का समापन शुभकामनाओं और आशीर्वाद के साथ हुआ।

### आरआरके स्कूल में कक्षा 10 के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ आयोजित

**मुरादाबाद।** आशियाना कॉलोनी स्थित आरआरके स्कूल में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 9 उत्तीर्ण कर 10वीं में पहुंचे छात्रों को उनके शैक्षणिक और करियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर छात्रों के साथ उनके अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य वंदना छाबड़ा ने छात्रों को विभिन्न विषयों के चयन और उनके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विज्ञान, वाणिज्य, गणित सहित अन्य विषयों के आधार पर भविष्य में उपलब्ध करियर के अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सही विषय का चयन छात्रों के भविष्य की दिशा तय करता है, इसलिए सोच-समझकर निर्णय लेना बेहद जरूरी है।प्रधानाचार्य ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित करने, समय का सही प्रबंधन करने और नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों की रुचि और क्षमता को समझते हुए उनका मार्गदर्शन करें, ताकि वे अपने लक्ष्य को हासिल कर सकें।कार्यक्रम के दौरान छात्रों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्नों के माध्यम से शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### स्कूल चलो व संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली निकाली

**कुंदरकी।** उत्तर प्रदेश में स्कूल चलो एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान 2026 के तहत कुन्दरकी क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर सिरसी के परिषदीय विद्यालय में बुधवार को शिक्षिकाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रैली निकाली एवं घर-घर जाकर अभिभावकों को शिक्षा के महत्व, नि:शुल्क पुस्तकें, यूनिफॉर्म, और मध्याह्न भोजन जैसी सुविधाओं और डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, दिमागी बुखार जैंसी बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने सब पढ़ें, सब बढ़ेंष और आधी रोटी खाएंगे, स्कूल रोज जाएंगे मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए एंटी-लार्वा छिड़काव, फॉगिंग और स्वच्छता पर जोर देने जैंसे नारों के साथ प्रभात फेरी निकाली। प्रधानाध्यापिका श्रीमती रेखा रानी ने बताया यह अभियान नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोग-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता का संयुक्त प्रयास है। इस दौरान ग्राम प्रधान श्रीमती सुमन क्षेत्र पंचायत सदस्य मो. हसिन अली प्रधानाध्यापिका श्रीमती रेखा रानी सहायक अध्यापिका श्रीमती शहनाज फातिमा ,दिव्या यादव ,अनीता सागर,गरिमा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती तबस्सुम, रजिया एवं बड़ी संख्या में समाजसेवी लोग उपस्थित रहे।



### बेमौसम बारिश और तेज हवाओं से किसानों की बढ़ी चिंता, फसल पर मंडराया नुकसान का खतरा

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में मंगलवार रात से चली तेज हवाओं और बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अचानक बदले मौसम का असर खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसलों पर साफ दिखाई दे रहा है। वहीं कटकर खेतों में पड़ी फसल को सुरक्षित घर तक पहुंचाना भी किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

किसानों का कहना है कि बारिश के चलते गेहूं की कटाई का कार्य बाधित हो रहा है। साथ ही खेतों में पड़ी कटी फसल के भीग जाने से थ्रेसिंग में भी परेशानी आ रही है। इससे उपज की गुणवत्ता पर असर पड़ने और आर्थिक नुकसान की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय किसान जुबैर आलम और प्रीतम सिंह ने बताया कि कटाई के बाद अधिक नमी के कारण फसल का उचित मूल्य मिलना मुश्किल हो सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि बारिश लगातार जारी रही तो तैयार फसल और भूसे को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। लगातार बदलते मौसम और आंधी-तूफान के चलते किसान चिंतित हैं और अपनी फसल को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

### पौने तीन किलो चरस के साथ पकड़ा आरोपी



**गाजियाबाद।** ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ बेचने के आरोपी को थाना मसूरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर जिस आरोपी को पकड़ा गया है उसका नाम आदिल पुत्र खुरशैद निवासी ग्राम नाहल है। आदिल को डासना जेल के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 800 ग्राम चरस बरामद की गई है। पूछताछ में आदिल ने बताया है कि वह गुलावठी से चरस लेकर आता है जिसे वह अलग-अलग क्षेत्र में बेचकर मुनाफा कमाता था।

# आस्ट्रेलिया ने महिला खिलाड़ियों की कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी की

**सिडनी।** उभरती हुई तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन और क्लोई आइन्सवर्थ को 2026-27 सीजन के लिए राष्ट्रीय महिला कॉन्ट्रैक्ट दिए गए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने कई बड़े टी20 टूर्नामेंट से पहले अपनी तेज गेंदबाजी की ताकत को और मजबूत किया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को 18 खिलाड़ियों की एक लिस्ट जारी की, जिसमें पिछले साल के मुकाबले तीन नए नाम जोड़े गए हैं। इसमें तस्मानिया की ऑलराउंडर निकोला कैरी की भी राष्ट्रीय कॉन्ट्रैक्ट में वापसी हुई है। हैमिल्टन को अपना पहला राष्ट्रीय कॉन्ट्रैक्ट तब मिला, जब उन्होंने मार्च में सिर्फ 23 दिनों के अंदर क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में डेब्यू किया। 19 साल की इस बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने, जिन्होंने 2025 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम की कप्तानी की थी, होबार्ट में भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में पहली बार ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के लिए मैच खेला।

इसके कुछ ही दिनों बाद वाका मैदान पर उन्हें उनकी 'बैगी ग्रीन' कैप दी गई। इसी महीने के आखिर में सेंट विसेंट में वेस्ट इंडीज के खिलाफ उन्होंने टी20 में भी डेब्यू किया। दाएं हाथ की गेंदबाज आइन्सवर्थ द्ध20 सालत्र को अभी तक ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम में शामिल नहीं किया गया है, लेकिन 2023 में पर्थ स्कोचर्स के लिए शानदार प्रदर्शन करने के बाद से ही उन्हें भविष्य की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी माना जा रहा है।

अपने पहले तीन डब्ल्यूबीबीएल सीजन में आइन्सवर्थ ने 22-30 की औसत से 40 विकेट लिए हैं, उनकी इकॉनमी रेट 6-96 रही है, और उन्हें दो बार 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' में भी शामिल किया गया है। वहीं, कैरी को जनवरी में भारत के खिलाफ हुई मल्टी-फॉर्मेट सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी करने के बाद राष्ट्रीय कॉन्ट्रैक्ट में अपग्रेड मिला है। अब उन्हें अगले 12 महीनों के लिए टीम में पक्का कर लिया गया है। 32 साल की इस खिलाड़ी ने 2023 में राष्ट्रीय कॉन्ट्रैक्ट लेने से मना कर दिया था, ताकि वे तस्मानिया के साथ ट्रेनिग और खेलने में ज्यादा समय बिता सकें। इससे पहले के सालों में वे ऑस्ट्रेलियाई टीम की रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर लंबे समय तक सफर पर ही रहती थीं। उनका यह फैसला सही साबित हुआ। उन्होंने अपने खेल को और बेहतर बनाया, भारत और इंग्लैंड में होने वाले फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट में खेलने के मौके हासिल किए, और आखिरकार अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में वापसी का दावा मजबूत कर लिया।

# ऑरेंज और पर्पल कैप पर आरआर ने किया कब्जा




**गुवाहाटी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में ऑरेंज और पर्पल कैप पर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाड़ियों को कब्जा जमा लिया हैं।

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) सलामी के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ 11-ओवर के मैच में मात्र 32 गेंदों पर नाबाद 77 रन ठोक डाले। इस पारी के साथ टूर्नामेंट में तीन पारियों में उनके 170 रन हो गए हैं और अब उनके पास ऑरेंज कैप है। मुम्बई इंडियंस के खिलाफ जायसवाल की विस्फोटक पारी ने उन्हें समीर रिजवी के रनों से दस रन आगे पहुंचा दिया। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के इस बल्लेबाज ने दो मैच जिताने वाली पारियों के साथ सीजन की शानदार शुरुआत की है और वह 160 रन पर हैं। उन्होंने हालिया मैच में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ 90 रन बनाए थे। अब तक छह अन्य बल्लेबाज भी 100 रन के पार पहुंच चुके हैं, जिनमें हाइनरिंक क्लासन (सनराइजर्स हैदराबाद), वैभव सूर्यवंशी (आरआर) और रोहित शर्मा (एमआई) शामिल हैं। वहीं पर्पल कैप की बात की जाए आरआर का ही एक खिलाड़ी रवि बिश्नोई आगे है।

एमआई के खिलाफ दो ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट लेने के बाद उनके कुल विकेट सात हो गए हैं। इससे पहले उन्होंने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ 41 रन देकर 4 विकेट लिए थे। अब चार अन्य गेंदबाज दूसरे स्थान पर बराबरी पर हैं, जिनके पांच-पांच विकेट हैं- विजयकुमार वैशाक (पंजाब किंग्स), अंशुल कंबोज (चेन्नई सुपर किंग्स), नांद्रे बर्गर (आरआर) और जैकब डफी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु)।

# कोलकाता नाइट राईडर्स पहली जीत की तलाश में




सबकी नजरों का केंद्र होगी केकेआर, जब वे गुरुवार को ईडन गार्डन्स में लखनऊ सुपर जायंट्स की मेजबानी करेगी, मुकाबला खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन व बढ़ते दबाव के बीच

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स की पहली जीत की तलाश तब सबकी नजरों का केंद्र होगी, जब वे गुरुवार को ईडन गार्डन्स में लखनऊ सुपर जायंट्स की मेजबानी करेंगे।

यह मुकाबला दोनों टीमों की अलग-अलग फॉर्म, खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन और बढ़ते दबाव के बीच खेला जाएगा। कोलकाता और लखनऊ के बीच होने वाला यह मैच अब एक ऐसी कहानी बन गया है, जिसमें एक संघर्षरत टीम अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश कर रही है, जबकि दूसरी टीम आईपीएल में ज्यादा संतुलित और लय में नजर आ रही है। केकेआर के लिए, इस कहानी की मुख्य बातें हैं-जल्दबाजी और टीम के सभी 11 खिलाड़ियों के प्रदर्शन में लगातार उतार-चढ़ाव। बल्लेबाजी की शुरुआत में, अजिक्य रहाणे ने सीजन की शुरुआत में 40 गेंदों पर 67 रन बनाकर उम्मीद जगाई थी, लेकिन उसके बाद खेली गई पारियों में उनका स्कोर गिरकर 6 गेंदों पर 8 और 16 रन रह गया है। फिन एलन ने एक मैच में 7 गेंदों पर 28 रन बनाकर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी की झलक दिखाई थी और उनका स्ट्राइक रेट भी काफी अच्छा है, भले ही अन्य मैचों में उनका कुल स्कोर 6 और 28 रन ही रहा हो। अंगकृष रघुवंशी टीम के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज रहे हैंद्ध उन्होंने तीन पारियों में दो अर्धशतक लगाते हुए कुल 110 रन बनाए हैं, हालांकि अपने पिछले मैच में वे 7 गेंदों पर सिर्फ 7 रन ही बना पाए थे। कैमरन ग्रीन अब तक कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं और तीन मैचों में सिर्फ 24 रन ही बना सके हैं। मध्यक्रम में, रिंकू सिंह ने पिछले मैचों में 33 और 35 रन बनाकर लगातार टीम में अपना योगदान दिया है। निचले क्रम के बल्लेबाजों से ज्यादा मदद न मिलने के बावजूद, वे टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक रहे हैं। रमनदीप सिंह और अनुकूल रॉय अब तक कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए हैं और उनके खाते में बहुत कम रन ही दर्ज हैं। गेंदबाजी की बात करें तो, ब्लेसिग मुजरबानी टीम के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैंद्ध उन्होंने एक मैच में 41 रन देकर 4 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था। वैभव अरोड़ा ने 3 विकेट जरूर लिए हैं, लेकिन वे काफी महंगे साबित हुए हैं, वहीं कार्तिक त्यागी भी अपनी ऊंची इकॉनमी रेट द्धरन देने की दरत्र को लेकर संघर्ष करते नजर आए हैं। सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती के रूप में स्पिन गेंदबाजी के विकल्प टीम के लिए बेहद अहम हैं, लेकिन कुल मिलाकर टीम के गेंदबाज दो मैचों में सिर्फ 11 विकेट ही ले पाए हैं, जो उनके प्रदर्शन में आई निरंतरता की कमी को दर्शाता है। दूसरी ओर, लखनऊ की टीम अपनी हालिया जीत से मिली नई ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ इस मुकाबले में उतर रही है। टॉप पर, मिशेल मार्श ने दो पारियों में 49 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दी है, जबकि एडेन मार्करम काफी सहज दिखे हैंद्ध उन्होंने 27 गेंदों में 45 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट भी काफी आक्रामक रहा है। ऋषभ पंत ने पारी को बखूबी संभाला हैद्ध पिछले मैच में एक दुर्भाग्यपूर्ण रन-आउट के बाद, उन्होंने 50 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाए। इससे यह साबित होता है कि वे दबाव को झेलने और मैच को फिनिश करने की काबिलियत रखते हैं। मिडिल ऑर्डर का प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। निकोलस पूरन ने इस सीजन में अभी तक कोई बड़ी पारी नहीं खेली है, लेकिन केकेआर के खिलाफ उनका रिकॉर्ड काफी मजबूत रहा है। पिछले मुकाबलों में उन्होंने मैच जिताने वाली हाफ-सेंचुरी भी बनाई हैं। अब्दुल समद ने दो मैचों में कुल 52 रन बनाकर टीम में अपना योगदान दिया है, जबकि बाकी बल्लेबाजों का योगदान सीमित ही रहा है। गेंदबाजी की बात करें तो मोहम्मद शमी का प्रदर्शन असाधारण रहा है। पिछले मैच में उन्होंने 9 रन देकर 2 विकेट लिए और बेहद किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने अपनी सटीक और नियंत्रित गेंदबाजी से मैच का माहौल ही बदल दिया। आवेश खान ने पिछले मैच में 2 विकेट लिए, हालांकि उनकी इकॉनमी थोड़ी ज्यादा रही। वहीं, प्रिंस यादव ने भी मैचों में कुल 2 विकेट लेकर अपना योगदान दिया है। दिग्विजय सिंह राठी को एक सहायक गेंदबाज के तौर पर इस्तेमाल किया गया है, लेकिन वे कभी-कभी काफी महंगे साबित हुए हैं। मणिमारन सिद्धार्थ और मुकुल चौधरी टीम को अतिरिक्त गहराई प्रदान करते हैं। इस मुकाबले का मुख्य आकर्षण यह है कि केकेआर सीजन की शुरुआत में मिली हार के सिलसिले को तोड़कर अपनी लय वापस पाने की कोशिश करेगा, जबकि एलएसजी अपनी हालिया सफलताओं को भुनाते हुए एक मजबूत और लय में चल रही टीम के साथ आगे बढ़ना चाहेगा। दोनों ही टीमों में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो या तो अपने बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं या फिर अपनी लय तलाश रहे हैं। ऐसे में, इस मैच का नतीजा किसी एक टीम के पूरी तरह हावी होने के बजाय, दबाव भरे पलों में खिलाड़ियों के अहम योगदान पर निर्भर करेगा। ईडन गार्डन्स की पिच बल्लेबाजों के लिए काफी मददगार मानी जाती है।

# सूर्यवंशी ने बुमराह को भी सोचने के लिए मजबूर कर दिया: स्टेन



**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी के खिलाफ सही गेंदबाजी योजना बनाना बेहद ही मुश्किल है। यहां तक कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बुमराह के लिए भी यह एक टेढ़ी खीर है।

आईपीएल 2026 में अपना लगातार दूसरा मैच गंवाने के बाद मुंबई इंडियंस (एमआई) के कोच माहेला जयवर्धने ने आरआर से मैच हारने के बाद कहा कि हां, मुझे लगता है हमारे पास कुछ योजनाएं थी, लेकिन सच कहूं तो हम उन्हें उस तरीके से लागू नहीं कर पाए जैसा हम चाहते थे।ष्मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयवर्धने ने कहा, ष्हमें इस खतरे का अंदाजा था, खासकर जब बारिश के कारण मैच 11-11 ओवर का हो गया और शुरुआत में हमें खुलकर खेलने की छूट मिली। हमें सुनिश्चित करना था कि पहले चार-पांच ओवर हमारे लिए अहम हों। मुझे लगा कि हमने उनकी शुरुआत के बाद अच्छी वापसी की। लेकिन हां, हमने अपनी लाइन-लेंथ मिस की और उन्होंने बहुत अच्छा खेला। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरआर ने दीपक चाहर के पहले ओवर से 22 रन बनाए और पांच ओवर में उनकी टीम 80/1 तक पहुंच गई। जयवर्धने ने यह सही कहा कि एमआई ने वापसी की। छठे से दसवें ओवर के बीच सिर्फ 52 रन बने और आखिरी ओवर में 18 रन, लेकिन शुरुआत में हुआ नुकसान एमआई के लिए भारी साबित हुआ। हालांकि आरआर की बल्लेबाजी में जायसवाल स्टार रहे, जिन्होंने 32 गेंदों पर नाबाद 77 रन बनाए, लेकिन उतना ही असर सूर्यवंशी की पारी का भी रहा। उन्होंने 14 गेंदों पर 39 रन बनाए। डेल स्टेन ने कहा कि गेंदबाज, यहां तक कि बुमराह जैसे बेहतरीन खिलाड़ी भी, सूर्यवंशी के खिलाफ थोड़ा मानसिक दबाव में आ सकते हैं। स्टेन ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट शो में कहा, ष्सच कहूं तो उन्होंने गेंदबाजों में थोड़ा डर पैदा कर दिया है कि वह आपके पीछे बाउंड्री के लिए ही जाएगा। खासकर बुमराह की सूर्यवंशी को डाली गई पहली गेंद, जो मिड-ऑन के ऊपर गई। बुमराह की वह गेंद स्लॉट में थी।

# सिनर और अल्कराज ने क्ले-कोर्ट सीजन की जीत से की शुरुआत



**मोनाको।** जानिक सिनर और कार्लोस अल्काराज ने दुनिया के नंबर एक स्थान के लिए अपनी होड़ जारी रखी, क्योंकि उन्होंने मोंटे कार्लो मास्टर्स में दूसरे दौर में शानदार जीत के साथ अपने क्ले-कोर्ट सीजन की शुरुआत की। बिना कोई सेट गंवाए 'सनशाइन डबल' पूरा करने के बाद, सिनर को फांसीसी खिलाड़ी ह्यूगो हम्बर्ट को 6-3, 6-0 से हराने में सिर्फ 64 मिनट लगे - उन्होंने दूसरे सेट में सिर्फ छह पॉइंट गंवाए। यह इस इतालवी दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी की लगातार 18वीं मास्टर्स 1000 जीत थी, जिसने अब इस स्तर पर लगातार 36 सेट जीते हैं।

# 15 साल के लड़के को इस तरह खेलते देखना दिलचस्प: हार्दिक



**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच मैच से पहले क्रिकेट गलियारों में यही चर्चा थी कि जब वैभव सूर्यवंशी और जसप्रीत बुमराह एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे, तब क्या होगा।

क्या सूर्यवंशी, बुमराह को भी उसी तरह से खेल पाएंगे, जैसा वह अन्य गेंदबाजों को खेलते हैं या बुमराह के कौशल के आगे उन्हें अपना खेल बदलना होगा? लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। दूसरे ओवर में बुमराह जब नई गेंद के साथ सूर्यवंशी के सामने पहली बार आए, तो सूर्यवंशी ने उनका स्वागत लॉन्ग ऑन पर छक्के से किया। चौथी गेंद को जब बुमराह ने शॉर्ट किया तो सूर्यवंशी ने बैकफुट पर जाते हुए उसे पुल कर दिया। इसके बाद अगले ओवर में सूर्यवंशी ने ट्रेंट बोल्ट पर भी एक छक्का जड़ा। और जब शार्दुल ठाकुर, अगला ओवर लेकर आए तो सूर्यवंशी ने उन पर दो छक्के और एक चौका जड़कर 17 रन बंटोरे। हालांकि ठाकुर ने उसी ओवर की अंतिम गेंद पर डीप एक्स्ट्रा कवर पर कैच कराकर सूर्यवंशी की 14 गेंदों की 39 रनों की पारी का अंत कर दिया, जिसमें एक चौके और पांच गगनचुंबी छक्के शामिल थे। दर्शक, कॉमेंटेटर और क्रिकेट विशेषज्ञ, सब सूर्यवंशी और बुमराह की टक्कर देखना चाहते थे और अंत में पहली बाजी में सूर्यवंशी को ही जीत मिली। मैच के बाद एमआई के कप्तान हार्दिक पंड्या, सूर्यवंशी के मुरीद होते हुए दिखे। उन्होंने प्रजेंटेशन समारोह के दौरान कहा कि 16 या 17 द्धवास्तव में 15त्र साल के लड़के को इस तरह खेलते देखना काफी दिलचस्प है। जिस तरह से वह बल्लेबाजी करते हैं और जिस तरह की निडरता उनके खेल में है, वह कमाल है। मैं उनको भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।ष वहीं आरआर के कप्तान रियान पराग ने कहा, ष्वैभव द्धसूर्यवंशीत्र कमाल का खिलाड़ी है। यह सिर्फ एकतरफा शॉट्स मारने वाली बल्लेबाजी नहीं है। जायसवाल पिछले तीन चार साल से लगातार ऐसा कर रहे हैं। उनकी स्किल और मैच्योरिटी उन्हें बाकी सब से अलग बनाती है।

# अर्जेंटीना दौरे के लिए 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम की घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने 13 से 17 अप्रैल तक अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में होने वाले दौरे के लिए बुधवार को 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की।

विश्वस्तरीय अर्जेंटीना टीम के खिलाफ यह चार मैचों का दौरा एफआईएच हॉकी विश्वकप बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 और एशियाई खेल के मद्देनजर महत्वूपूर्ण माना जा रहा है। इस टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती हुई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का बेहतरीन मेल है। यह टीम दिखाती है कि हाल के वर्षों में भारतीय महिला हॉकी ने कितनी गहराई हासिल की है और मुख्य कोच सजोर्ड मारिजने टीम से कितने ऊंचे मानकों की उम्मीद करते हैं। अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे टीम की कप्तानी जारी रखेंगी। वह भारत के मिडफील्ड को स्थिरता, सूझबूझ और नई ऊर्जा प्रदान करती हैं। शायद टीम में सबसे ज्यादा बेसब्री से जिस वापसी का इंतजार था, वह है फॉरवर्ड दीपिका की। वह चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी कर रही हैं। उनकी वापसी का मुख्य कोच विशेष रूप से स्वागत करेंगे, क्योंकि दीपिका एक ऐसे साल में भारत की मुख्य ड्रैग-फ्लिकर की भूमिका फिर से संभाल रही हैं, जो टीम के लिए बेहद अहम साबित होने वाला है। उनकी अनुपस्थिति में, नवनीत कौर, मनीषा चौहान, उदिता और अन्नू जैसी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से, अन्नू ने क्वालिफायर के दौरान अपनी जोरदार ड्रैग-फ्लिक करने की क्षमता से सभी को प्रभावित किया। दीपिका की वापसी से टीम को और गहराई और अनुभव मिला है, जिससे टीम अब और भी अधिक संतुलित और आक्रामक नजर आ रही है। पिछले



एक साल में नवनीत कौर भारतीय महिला हॉकी की सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरी हैं। वह आने वाले महत्वपूर्ण सीजन के लिए भारत की तैयारियों को आकार देने में अहम भूमिका निभाएंगी। भारत की अनुभवी गोलकीपर और भारतीय हॉकी की सबसे सम्मानित खिलाड़ियों में से एक सविता, हाल ही में हुए क्वालिफायर में न खेल पाने के बाद अब टीम में वापसी कर रही हैं। उनकी वापसी बिल्कुल सही समय पर हुई है। अर्जेंटीना की टीम भारत के डिफेंस की कड़ी परीक्षा लेगी, और इस चुनौती का सामना करने के लिए सविता से बेहतर कोई खिलाड़ी नहीं है। जब सविता क्वालिफायर के लिए उपलब्ध नहीं थीं, तब बिचू देवी ने आगे बढ़कर जम्मिेदारी संभाली और यह साबित कर दिया कि वह इस स्तर पर खेलने की पूरी हक़दार हैं। युवा गोलकीपर ने अपनी उम्र से कहीं ज्यादा समझदारी, फुर्ती और संयम दिखाया, जिससे यह साबित हो गया कि भारत के पास अब गोलपोस्ट के बीच सचमुच बेहतरीन खिलाड़ी मौजूद हैं। सविता के साथ टीम में उनकी लगातार मौजूदगी से गोलकीपर की जगह के लिए स्वस्थ मुकाबला बना रहता है और कोचिंग स्टाफ का भविष्य के लिए आत्मविश्वास बढ़ता है। डिफेंडर ज्योति और फॉरवर्ड मुमताज खान, जो दोनों ही क्वालिफायर में नहीं खेल पाई थीं, टीम में वापस आ गई हैं, जिसका स्वागत है। बलजीत कौर पिछले एक साल में भारतीय हॉकी की सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक रही हैं( उन्होंने अपनी तेजी और सीधे खेल से लगातार आक्रमण में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल करने के मामले में खुद को एक भरोसेमंद विकल्प साबित किया है, और टीम में उनका लगातार चयन इस बात को दिखाता है कि कोचिंग स्टाफ को उन पर कितना भरोसा है। मिडफील्डर वैष्णवी विठल फालके ने पिछले पूरे साल शानदार प्रदर्शन किया हैद्ध उन्होंने मैदान के बीच से टीम में नई ऊर्जा भरी है, गेंद पर अपना कब्जा बनाए रखा है और आगे बढ़कर रचनात्मक खेल दिखाया है। उनकी लगातार अच्छी परफॉर्मेंस ने उन्हें टीम में लगभग पक्की जगह दिला दी है, और अब वह दुनिया की सबसे बेहतरीन टीमों में से एक के खिलाफ खेलकर अपने खेल को और बेहतर बनाने की कोशिश करेंगी। ऋतुजा दादासो पिसाल, इशिका और साक्षी राणा भारतीय महिला हॉकी की तीन सबसे होनहार युवा प्रतिभाएंद्ध इन खिलाड़ियों ने अपने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के बाद से ही अपनी काबिलियत, आत्मविश्वास और खेल के प्रति जुनून से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है।

## उत्तराखंड के तेजस तिवारी का नाम लिम्का बुक ऑफ रिंकॉर्ड में दर्ज

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में हल्द्वानी के तेजस तिवारी को लिम्का बुक ऑफ रिंकॉड्र्स का प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणपत्र उन्हें जून 2023 में पांच वर्ष, पांच महीने और सात दिन की आयु में सबसे कम उम्र के एफआइडीई रैंक के शतरंज खिलाड़ी बनने के रिंकॉर्ड के लिए प्रदान किया गया । लिम्का बुक द्वारा प्रमाणपत्र की जारी तिथि जून 2024 है, जबकि यह प्रमाणपत्र उन्हें अप्रैल 2026 में प्राप्त हुआ। तेजस की यह उपलब्धि पूर्व में दर्ज हो चुकी है और अब आधिकारिंक प्रमाणपत्र प्राप्त होने से इसकी औपचारिंक पुष्टि हुई है। दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल हल्द्वानी के कक्षा तीन के छात्र तेजस ने 3-5 वर्ष की आयु से शतरंज खेलना शुरू किया। तेजस ने कम उम्र से ही अपने खेल के प्रदर्शन से देश- विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 9 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## ट्रम्प का यू-टर्न

राजनीति व कूटनीति में कब क्या हो जाए, यूं नहीं कहा जाता। ताजा उदाहरण हमारे सामने है। दुनिया जहां इस बात को लेकर सहमी हुई थी कि अपने अल्टीमेटम के अनुसार क्या अमेरिका ईरान को पाषाण युग में पहुंचाएगा। तभी ऐसी खबर आई, जिसकी दुनिया शायद ही उम्मीद कर रही हो। अमेरिका ने दो सप्ताह के लिए सीजफायर का ऐलान कर दिया। इतना ही नहीं अमेरिका के साथ बड़ी भूमिका निभाने वाले अपने सहयोगी देश इस्राईल को अपने इस फैसले से दूर ही रखा। यह बात अलग है कि डोनाल्ड ट्रम्प कह रहे हैं कि उन्होंने यह फैसला लेने से पहले इस्राईल के पीएम नेतन्याहू से बात की थी, लेकिन राजनीतिक पंडितों को उनकी यह सफाई कुछ तर्कसंगत नहीं लग रही है। इस्राईल ने जिस तरह अनमने ढंग से ट्रम्प की घोषणा का स्वागत किया है इससे भी साफ है कि इस्राईल के पीएम नेतन्याहू मजबूरीवश अमेरिका के साथ दिखाई दे रहे हैं। बाकी वह उनके इस फैसले से खुश नहीं हैं। तभी तो नेतन्याहू ने कह भी डाला कि इस सीजफायर का असर लेबनॉन में जारी संघर्ष पर नहीं पड़ेगा और इस्राईल बराबर लेबनॉन पर हमले करता रहेगा और वह कर भी रहा है। जबकि ईरान ने अपनी तरफ से साफ कर दिया है कि सीजफायर अमेरिका के साथ ही नहीं बल्कि लेबनॉन को लेकर भी है। ईरान ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया में कहा है कि अगर इस्राईल ईरान अमेरिका के सीजफायर को लेबनॉन से अलग मानता है, तो वह भी बदले में इस्राईल पर हमले करेगा। इस्राईल के रुख ने बता दिया है कि वह नहीं चाहता कि क्षेत्र में शांति स्थापित हो। ऐसे में जानकार लोग दो सप्ताह के हुए इस सीजफायर पर संदेह व्यक्त कर रहे हैं। ऐसे में अमेरिका की जिम्मेदारी अधिक हो जाती है। अगर वह वास्तव में ईरान के साथ शांति स्थापित करना चाहता है, तो उसे इस्राईल को काबू में करना होगा। ईरान ने दस शर्तों का अपना एजेंडा बातचीत के लिए पेश किया है। उसकी दस शर्तों में वही सब बातें हैं, जो वह अब तक सार्वजनिक रूप से कहता रहा है। ईरान चाहता है कि समझौता इस तरह का हो, जिसमें यह गारंटी दी जाए कि भविष्य में उस पर अमेरिका की तरफ से कभी कोई हमला नहीं होगा। उसका मिसाइल कार्यक्रम भी बदस्तूर जारी रहेगा। उसके यूरेनियम को कोई नहीं छेड़ेगा। उस पर लगे तमाम प्रतिबंध हटाए जाएंगे। संयुक्त राष्ट्र में जो प्रस्ताव उसके खिलाफ अब तक लाए गए हैं, उन सभी को वापस लिया जाएगा। युद्ध में जो उसकी हानि हुई है, उसका मुआवजा दिया जाएगा और सबसे बड़ी बात होर्मुज पर उसका कंट्रोल बरकरार रहेगा। अब अमेरिका ईरान की इन शर्तों को कहां तक मानता है, वह दस अप्रैल को पाकिस्तान के शहर इस्लामाबाद में होने वाली दोनों पक्षों की बैठक के बाद ही इस सीजफायर की सफलता पर निर्भर करेगा। उम्मीद करनी चाहिए कि सबकुछ आगे सकारात्मक ही होगा, क्योंकि इसमें सभी का हित निहित है।

### सरकार अन्नदाताओं के साथ खड़ी



संकट की घड़ी में राज्य सरकार अन्नदाताओं के साथ मजबूती से खड़ी है, अधिकारी प्रत्येक प्रभावित किसान एवं बटाईदार के नुकसान का सटीक, निष्पक्ष और समयबद्ध आकलन कर तत्काल क्षतिपूर्ति सुनिश्चित करें, जनपद स्तर पर राजस्व, कृषि और अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ शीघ्र सर्वे कर रिपोर्ट शासन को भेजें, ताकि राहत वितरण में किसी प्रकार की देरी न हो, बीमा कंपनियों के साथ समन्वय बढ़ाते हुए फसल बीमा दावों के शीघ्र निस्तारण हो, अधिकारी किसानों से सीधे संपर्क कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करें, जिससे अधिकतम राहत सुनिश्चित हो सके, राज्य आपदा राहत कोष से जनपदों को पर्याप्त धनराशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। **–योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# सीजफायर नहीं कूटनीति की जीत का ऐलान

जंगें सिर्फ बारूद और बमों से नहीं जीती जातीं, कई बार वे मेजों पर रखे कागजों, धीमी आवाजों और ठहरे हुए लहजों में जीती जाती हैं। हालिया अमेरिका–ईरान सीजफायर को अगर इसी नजर से देखें, तो यह सिर्फ एक युद्धविराम नहीं, बल्कि बदलती वैश्विक ताकतों का एक नया बयान है एक ऐसा बयान जिसमें बंदूकें खामोश हैं, लेकिन संदेश बहुत तेज है। दुनिया का बदलता स्वरूप ही है यह सीजफायर ईरान की शर्तों पर हुआ है ना कमाल। यह बात यूं ही नहीं कही जा रही। जब ईरान अपने 10 बिंदुओं को चर्चा का आधार बना दे और अमेरिका के 15 प्रस्ताव पीछे छूट जाएं, तो यह सिर्फ कूटनीति नहीं, आत्मविश्वास का प्रदर्शन होता है। यह उस देश का संकेत है, जो खुद को अब सिर्फ रक्षात्मक भूमिका में नहीं, बल्कि निर्णायक स्थिति में देख रहा है।

इस पूरे घटनाक्रम में एक दिलचस्प मोड़ पाकिस्तान की सक्रियता रही। लंबे समय से वैश्विक मंच पर सीमित होता दिख रहा पाकिस्तान अचानक इस कूटनीतिक खेल में एक उपयोगी किरदार बनकर उभरा। यह भूमिका छोटी नहीं है जब बड़े टकरावों को टालने में कोई देश पुल का काम करता है, तो उसका कद अपने आप बढ़ जाता है। यही वजह है कि उसके नेतृत्व को अब इस घटनाक्रम से राजनीतिक और रणनीतिक मजबूती मिलती दिख रही है। इसके उलट भारत की स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। जो देश खुद को वैश्विक नेतृत्व के केंद्र में देखना चाहता था, वह इस पूरे घटनाक्रम में कहीं निर्णायक भूमिका में नहीं दिखा। कूटनीति में सिर्फ बयान देना काफी नहीं होता, समय पर हस्तक्षेप और प्रभावी उपस्थिति भी जरूरी होती है। यही वह जगह है, जहां संघियों के फादरलैंड भारत की अनुपस्थिति कई विश्लेषकों को खटक रही है। सबसे बड़ा सवाल होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बना हुआ है। यह सिर्फ एक समुद्री रास्ता नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की धड़कन है। अगर यह खुला रहता है, तो दुनिया की अर्थव्यवस्था संतुलित रहती है और अगर इसमें बाधा आती है, तो तेल की कीमतों से लेकर महंगाई तक सब कुछ प्रभावित होता है। फिलहाल इस पर स्पष्टता नहीं है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि सीजफायर के बाद स्थिति सामान्य होने की दिशा में बढ़ेगी। इस पूरे प्रकरण में अमेरिका की भूमिका को लेकर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या यह सीजफायर एक रणनीतिक पीछे हटना है? क्या यह महज फेस सेविंग है? जब कोई महाशक्ति अपने प्रस्तावों से पीछे हटती दिखे और दूसरे पक्ष की शर्तों पर बातचीत को तैयार हो जाए, तो यह संकेत देता है कि हालात उसके पूरी तरह नियंत्रण में नहीं थे। इंसानियत का दुश्मन और मासूमों का कातिल इजराइल की छवि भी इस संघर्ष में प्रभावित हुई है। शुरुआत में आक्रामक रुख अपनाने वाला देश अंततः शांति की ओर मुड़ता दिखा। वैश्विक स्तर पर यह धारणा बनी कि उसने टकराव को बढ़ावा दिया, लेकिन अंत में उसे पीछे हटना पड़ा। इससे उसकी अंतर्राष्ट्रीय स्थिति पर असर पड़ना स्वाभाविक है। मिडिल ईस्ट की राजनीति में इसका असर और गहरा होगा। ईरान का कद बढ़ना तय है। जो देश लंबे समय से प्रतिबंधों और दबावों में घिरा था, वही अब बातचीत की शर्तें तय करता दिख रहा है। इससे क्षेत्रीय संतुलन बदल सकता है। खाड़ी देशों के लिए भी यह संकेत है कि वे अपनी कूटनीतिक रणनीति को नए सिरे से परखें। इस घटनाक्रम का एक सामाजिक और भावनात्मक पहलू भी है। मुस्लिम दुनिया में ईरान की इस स्थिति को एक प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है एक ऐसे देश के रूप में, जिसने दबाव के बावजूद झुकने के बजाय अपनी शर्तों पर बातचीत की। यह भावना भविष्य की राजनीति को भी प्रभावित कर सकती है और अंत में, सबसे बड़ी राहत आम दुनिया के लिए है। युद्ध की आशंका कम होना, तेल बाजार का स्थिर होना, और वैश्विक अर्थव्यवस्था का संतुलन ए सब ऐसे पहलू हैं जो सीधे आम आदमी की जिंदगी से जुड़े हैं। जब जंग रुकती है, तो सिर्फ सीमाओं पर सन्नाटा नहीं आता, बल्कि बाजारों में स्थिरता और घरों में सुकून भी लौटता है। यह सीजफायर इसलिए खास है क्योंकि यह हमें बताता है कि दुनिया बदल रही है। अब ताकत सिर्फ सैन्य शक्ति से नहीं, बल्कि कूटनीतिक समझ, धैर्य और सही समय पर सही चाल चलने की क्षमता से तय होती है। जंग की इस बिसात पर जिसने चाल समझ ली, वही असली खिलाड़ी बनकर उभरा।

**मुस्लिम दुनिया में ईरान की इस स्थिति को एक प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है एक ऐसे देश के रूप में, जिसने दबाव के बावजूद झुकने के बजाय अपनी शर्तों पर बातचीत की। यह भावना भविष्य की राजनीति को भी प्रभावित कर सकती है और अंत में, सबसे बड़ी राहत आम दुनिया के लिए है।**



# 'बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले...'






एम. अहसान

दुनिया की सियासत में कुछ पल ऐसे आते हैं, जब गोलियों की आवाज से ज्यादा गूंज कूटनीति की खामोशी की होती है। आज वही दौर है। ईरान ने यह दिखाया है कि युद्ध केवल बारूद से नहीं, बल्कि दिमाग और धैर्य से भी लड़ा जाता है कैसे रूस और चीन के करीब गया और देखते ही देखते यहां तक का सफर तय कर लिया संघर्ष किया पाबंदियां झेली, लेकिन हारा नहीं लड़ा संघियों के फादरलैंड का ऐसा रूप सामने आया कि पूरी हवा हवाई हो गई कि इजराइल इतनी बड़ी ताकत है कि 32 दांतों के बीच में रहता है परिंदा भी पर नहीं मार सकता अब सबको पता चल गया है कि फादरलैंड कोई ताकत नहीं था और ना है।

खैर जब सामने डोनाल्ड ट्रंप जैसे आक्रामक तेवर वाला नेता हों, तब यह लड़ाई और भी पेचीदा हो जाती है। एक सीधी रेखा में कहें तो ईरान ने अपनी कमजोरी को हथियार बनाया है। यह वही मुल्क है, जिस पर दशकों से प्रतिबंधों की मार है, जिसकी अर्थव्यवस्था को बार-बार घुटनों पर लाने की कोशिश की गई। लेकिन इस बार कहानी कुछ अलग है। ईरान ने यह साबित किया कि हारती हुई बाजी को पलटने के लिए सिर्फ ताकत नहीं, इरादा और रणनीति चाहिए।

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे दिलचस्प मोड़ यह है कि युद्ध का स्वरूप बदल गया है। ऊपर से यह टकराव सैन्य दिखता है, लेकिन भीतर ही भीतर यह एक बड़े सिस्टम को चुनौती देने का प्रयास है। ऊर्जा के रास्ते, पेट्रोल-गैस की सप्लाई, सेमीकंडक्टर्स की राजनीति, दवाइयों और फाइनेंस के नेटवर्क सब इस शतरंज के मोहरे बन चुके हैं। यह वही जगह है जहां असली खेल खेला जा रहा है। ईरान ने एक और चाल चली उसने सीधे संयुक्त राज्य अमेरिका से संवाद कर, इजरा. इल को इस समीकरण से अलग करने की को. शिश की। यह चाल साधारण नहीं है। यह बताती है कि ईरान अब सिर्फ प्रतिक्रिया नहीं दे रहा, बल्कि खेल की दिशा तय करने की कोशिश कर रहा है।

क्षेत्रीय देश अब दर्शक नहीं, खिलाड़ी बन रहे हैं। इस पूरी तस्वीर में रुस और चीन की मौजूदगी भी कम अहम नहीं है। वह इस शतरंज के दूसरे छोर पर बैठे है सीधे मैदान में नहीं, लेकिन हर चाल पर उनकी नजर है बल्कि अगर मैं यह कहूं कि यह सब रुस की स्ट्रैटजी थी या है और वह उसमें कामयाब हो गया है उसने पहले यूक्रेन में पूरे यूरोप के थकाया अब यहां लाकर चित कर दिया है व्लादिमीर पुतिन बहुत तेजतर्रार नेता माने जाते हैं उन्होंने यह साबित भी किया है। अगर यह समीकरण आगे बढ़ता है, तो दुनिया एक नई मल्टीपोलर व्यवस्था की ओर बढ़ सकती है, जहां एकध्रुवीय प्रभुत्व का दौर कमजोर पड़ेगा बल्कि खत्म हो गया है।

अब सवाल उठता है इस बदलती दुनिया में भारत कहां खड़ा है? भारत के पास इस वक्त एक ऐतिहासिक अवसर है। ईरान का बाजार, उसकी ऊर्जा जरूरतें, उसका भौगोलिक महत्व यह सब भारत के लिए सोने की खान बन सकते हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि हम अपनी विदेश नीति को भावनाओं से या फादरलैंड से नहीं, हितों से चलाएं।

आज भारत की नीति पर एक सवाल बार-बार उठता है क्या हम अत्यधिक रूप से एक ध्रुव पर झुक रहे हैं, लेकिन साथ ही यह धारणा भी बनी है कि हम इजराइल और अमेरिका पर जरूरत से ज्यादा निर्भर होते जा रहे हैं या हो गए हैं ऐसी क्या मजबूरी है एप्सटीन फाईल में क्या छुपा है जिसे रो. कने को यह सब किया जा रहा है। सियासत में रिश्ते स्थाई नहीं होते, हित स्थाई होते हैं। सत्ता का सच वही है, जो जनता के हित में खड़ा हो। आज वही कसौटी है।

क्या भारत अपने हितों को प्राथमिकता देगा, या वैश्विक दबावों के आगे झुका रहेगा? ईरान ने दिखाया है कि साहस केवल युद्ध के मैदान में नहीं, फैसलों में होता है। उसकी जनता ने प्रतिबंधों के बावजूद जो धैर्य दिखाया, वह अपने आप में मिसाल है। कोई और देश होता, तो शायद अब तक टूट चुका होता, लेकिन ईरान ने अपने भीतर की आग को जिंदा रखा। भारत को यहां से सीखने की जरूरत है डर कर नहीं, सोच कर चलने की। एक फोन कॉल से नीतियां नहीं बदलनी चाहिए, और न ही किसी फाइल या दबाव के चलते अरबा. -खरबों के फैसले लेने चाहिए। राष्ट्रीय हित किसी भी व्यक्तिगत या राजनीतिक हित से ऊपर होता है संघियों की फादरलैंड से मोहब्बत बहुत नुकसान कर गई है जिसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है और आगे भी पड़ सकता है। अगर भारत इस मौके को पहचान ले, तो आने वाला दशक उसका हो सकता है। ईरान के साथ आर्थिक रिश्ते, क्षेत्रीय संतुलन में भूमिका, और एक स्वतंत्र विदेश नीति यह सब भारत को नई ऊंचाई दे सकते हैं। लेकिन अगर हम चूक गए, तो इतिहास फिर वही सवाल पूछेगा जब दुनिया बदल रही थी, तब भारत क्या कर रहा था? जवाब होगा फादरलैंड की जी हुजूरी में लगा था यह वक्त है, जब दिल्ली को तय करना है कि वह शतरंज का खिलाड़ी बनेगी या सिर्फ मोहरा बनी रहेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# एक छोटे से पौधे के साथ जीव विज्ञान में चहलकदमी

एरेबिडॉप्सिस थेलियाना को वनस्पति विज्ञान में वही स्थान हासिल है जो जंतु विज्ञान में ड्रॉसोफिला मेलानोगैस्टर (फल मक्खी) और सेनोरेब्डाइटिस एलेगेंस (गोल कृमि) को दिया गया है। तीनों ही प्रमुख मॉडल जीव हैं। जीव विज्ञान अनुसंधान के सेलिब्रिटी हैं। एरेबिडॉप्सिस थेलियाना एक द्विबीजपत्री पौधा है जिसे थेल क्रेस (thale cress) और माउस ईयर क्रेस (mouse ear cress) भी कहते हैं। सरसों कुल ब्रेसीकेसी का यह पौधा यूरेशिया और अफ्रीका का मूल निवासी है। भारत में यह उत्तर भारत में प्राकृतिक रूप से पाया जाता है। आप जब नर्सरी से पौधे खरीद कर लाते हैं तो साथ में यह भी चला आता है। यहां हम इसी पौधे के बहाने जीव विज्ञान के विभिन्न पड़ावों की सैर करेंगे।

**रूप-रंग और आकार**

एरेबिडॉप्सिस थेलियाना एक छोटा शाकीय वार्षिक पौधा है जो आम तौर पर 15 से 30 सेंटीमीटर लंबा हो सकता है। पौधे के आधार पर पत्तियां एक गुच्छे (रोजेट) के रूप में जमी होती हैं, जबकि ऊपरी तने पर थोड़ी संख्या में होती हैं। जीव विज्ञान अनुसंधान में इस पौधे के महत्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सन 1964 में ही एरेबिडॉप्सिस सूचना सेवा नामक एक समाचार पत्र शुरू किया जा चुका था। एक और बात जिन शोध पत्रों के शीर्षक, एब्स्ट्रेक्ट या प्रमुख शब्दों की सूची में एरेबिडॉप्सिस थेलियाना का नाम आता है उनकी संख्या 54,000 से ज्यादा है और यह साल 1975 से 2015 का आंकड़ा है। यानी प्रति वर्ष इस पौधे पर लगभग 1000 शोध पत्र प्रकाशित होते रहे हैं। तो अब तक कुल शोध पत्रों की संख्या 65,000 पार कर गई होगी।

**कुछ खास बातें**

इसका जीनोम छोटे आकार का है और द्विगुणित होने के कारण यह आनुवंशिक मैपिंग और जीनों के अनुक्रमण को जानने समझने के लिए उपयोगी है। द्विगुणित (डिप्लॉइड) का मतलब है कि इसमें प्रत्येक गुणसूत्र जोड़ों में पाया जाता है। अधिकांश पौधों में गुणसूत्रों की कई प्रतियां होती हैं। एरेबिडॉप्सिस में केवल पांच गुणसूत्र डिप्लॉइड संख्या 10 और लगभग 13.5 करोड़ क्षार जोड़ियां पाई जाती हैं। लंबे समय तक इसके जीनोम को सबसे छोटा जीनोम माना गया था परंतु अब एक मांसाहारी पौधे जेनेलिया ट्यूबरोसिया (जीनोम में लगभग 6.1 करोड़ क्षार जोड़ियां) ने इसका स्थान ले लिया है। सन 2000 में यह वह पहला पौधा बन गया जिसके पूरे जीनोम (27,407 जीनों) का अनुक्रमण किया गया था। अंतरिक्ष यात्रा करने वाला भी यह पहला पौधा था, 1982 में सोवियत सेल्यूट-7 अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्रियों ने इसे उगाया था और बीज प्राप्त किए थे। इस तरह से यह शून्य गुरुत्व की परिस्थिति में फलने-फूलने वाला पौधा बन गया था और तो और पादप विज्ञान का यह मॉडल पौधा 2019 में चांग ई-4 लैंडर के साथ चांद की सैर भी कर चुका है। एरेबिडॉप्सिस को सबसे पहले 1943 में एक जर्मन वैज्ञानिक फ्रेडरिक लायबैक (Friedrich Laibach) ने आनुवंशिकी अध्ययन के लिए एक मॉडल जीव के रूप में प्रस्तावित किया था। अलबत्ता, मॉडल जीव के



रूप में इसके उपयोग को पूर्णतः स्थापित करने का काम मिसौरी विश्वविद्यालय के जॉर्ज रिडे (George Redei) के शोध की बदौलत हुआ। 1965 में एरेबिडॉप्सिस को लेकर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन जर्मनी के गॉटिंजेन मे आयोजित हुआ था लेकिन इसे एक मॉडल जीव के रूप में मान्यता 1980 के दशक में मिली। यह पौधा विकास और शारीरिकी की जटिलताओं को सुलझाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ है।

**छोटा जीवनचक्र**

एरेबिडॉप्सिस का जीवनचक्र बहुत ही छोटा है – बीज अंकुरण से लेकर फिर से बीज बनने तक लगभग 6 सप्ताह में इसका जीवनचक्र पूरा हो जाता है। प्रयोगशाला की नियंत्रित परिस्थितियों में इसे उगाना आसान है, इसके लिए बहुत ज्यादा जगह या संसाधनों की जरूरत नहीं पड़ती। प्रत्एक पौधे में हजारों बीज बनते हैं। इसके कई उत्परिवर्ती संस्करण ज्ञात हैं और क्रिस्पर कास-9 जैसी उन्नत विधियों की उपलब्धता के चलते जीन्स के कार्य और परस्पर क्रिया का अध्ययन करने के लिए यह एक आदर्श पौधा है, चूंकि यह एक स्व-परागित पौधा है, अतः आनुवंशिक स्थिरता को बनाए रखने और प्रकट लक्षणों को देखने में भी यह मददगार होता है।

**परिवर्धन**

वैसे तो पादप परिवर्धन का अध्ययन सदियों से होता आया है लेकिन आज हम कोशिकाओं के विभेदन, पैटर्न निर्माण, कोशिका विभाजन के नियंत्रण तथा पर्यावरण व पौधों के परिवर्धन के सम्बंध में जो कुछ जानते हैं, वह एरेबिडॉप्सिस पर किए गए प्रयोगों की बदौलत है। इसकी मदद से पादप विकास के नए-नए मार्ग और कारक पहचाने गए हैं। उदाहरण के लिए, लघु-आरएनए और उनके लक्षित जीन्स के बीच सम्बंधों के आधार पर यह पहचाना गया कि सूक्ष्म-आरएनए (m-RNA) परिवर्धन के कई स्थान सम्बंधी तथा समयगत पहलुओं का नियमन करते हैं।

**फूलों का विकास**

एरेबिडॉप्सिस अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण योगदान फूलों के विकास के एबीसी मॉडल को समझने में रहा है। एबीसी मॉडल को 1990 के दशक में जॉन बोमैन, डेविड स्माइथ और एलियट मेयरोविट्ज (John Bowman] David Smyth] Elliot Meyerowitz) ने प्रस्तावित किया था। इसके अनुसार तीन वर्गों के जीन्स (ए, बी और सी) फूलों के विभिन्न अंगों (अंखुड़ियां, पंखुड़ियां, पुंकेसर और बीजांड कोश) के निर्माण का नियंत्रण करते हैं। इनमें से 'ए' वर्ग के जीन्स का कार्य केवल अंखुड़ियों का निर्माण करना है, जबकि 'ए' और 'बी' वर्ग के जीन्स मिलकर पंखुड़ियां बनाते हैं। 'बी' और 'सी' वर्ग के जीन मिलकर पुंकेसर को पहचान देते हैं तथा 'सी' वर्ग का कार्य स्त्रीकेसर (जिसमें अंडाशय, वर्तिका और वर्तिकाग्र होते हैं) का निर्माण करना है।

शोधकर्ताओं ने एरेबिडॉप्सिस में अलग-अलग जीन वर्गों को निष्क्रिय करके असर देखे। फूलों के विकास का 'एबीसी' मॉडल एरेबिडॉप्सिस तथा एंटीराइनम मैजस (Antirrhinum majus) में एबीसी जीन के क्लोनिंग का परिणाम है। इसकी मदद से यह स्पष्ट हुआ कि अंगों में विभेदन का नियंत्रण ट्रांसक्रिप्शन (डीएनए से प्रोटीन संश्लेषण का एक चरण जिसमें डीएनए से आरएनए बनता है) के जरिए होता है और ऐसे ही कई कारकों के मिले-जुले प्रभाव से कोशिकीय विभेदन होता है। 2013 में एरेबिडॉप्सिस पर किए गए प्रयोगों से यह पता चला था कि पंखुड़ियों की शुरुआत ऑक्सिन की वजह से होती है।

**प्रकाश-ग्राहियों की खोज**

एरेबिडॉप्सिस पर किए गए अनुसंधान से क्रिप्टोक्रोम्स की खोज हुई। क्रिप्टोक्रोम्स, दरअसल, नीले प्रकाश के ग्राही होते हैं और पौधों की वृद्धि तथा विकास को नियंत्रित करते हैं।

**–स्रोत फीचर्स**

# ऑस्ट्रेलिया ने संघर्षविराम का किया समर्थन



■ प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की भाषा पर कड़ी आपत्ति जताई

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच हुए दो सप्ताह के युद्धविराम का स्वागत करते हुए इसे पश्चिम एशिया में तनाव कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया, लेकिन साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भाषा पर कड़ी आपत्ति जताई।

अल्बानीज ने आधिकारिक बयान में कहा कि यह अस्थाई युद्धविराम व्यापक समाधान की दिशा में मार्ग प्रशस्त कर सकता है, जबकि लंबे समय तक चलने वाला युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था और मानव जीवन पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य के बाधित होने का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और कीमतों पर असर पड़ा है, जिससे बाजारों में अनिश्चितता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ मिलकर जलडमरूमध्य में नौवहन बहाल करने और आवश्यक आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास कर रहा है। अल्बानीज ने पाकिस्तान, मिस्र, तुर्किए और सऊदी अरब सहित कई देशों की कूटनीतिक भूमिका की सराहना की, जिन्होंने वार्ता को आगे बढ़ाने और तनाव कम करने में योगदान दिया। उन्होंने ट्रम्प के उस बयान को अनुचित बताया, जिसमें उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि ईरान ने जलडमरूमध्य नहीं खोला तो 'पूरी सभ्यता नष्ट हो सकती है।' अल्बानीज ने कहा कि ऐसी भाषा चिंता पैदा करती है और सहयोगी देशों में असहजता बढ़ाती है। उन्होंने सभी पक्षों से अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। इस बीच, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ़ ने युद्धविराम की घोषणा करते हुए इसे शांति बहाली की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और 10 अप्रैल को इस्लामाबाद में उच्च स्तरीय वार्ता का प्रस्ताव दिया। अमेरिका की ओर से विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, जेरेड कुश्नर और उप राष्ट्रपति जेडी वैंस के इन वार्ताओं में भाग लेने की संभावना है।

# अमेरिका-ईरान युद्धविराम में लेबनान शामिल नहीं: नेतन्याहू

## कहा: युद्धविराम लेबनान में इजरायल के जारी सैन्य अभियानों पर लागू नहीं होगा



■ नेतन्याहू का यह बयान पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की उस घोषणा के बाद आया

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान पर हमले रोकने के अमेरिका के फैसले का समर्थन किया है, लेकिन कहा कि दो सप्ताह का यह युद्धविराम लेबनान में इजरायल के जारी सैन्य अभियानों पर लागू नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इस युद्धविराम में 'लेबनान शामिल नहीं है', जबकि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने युद्धविराम की घोषणा करते हुए कहा था कि इस संघर्ष विराम में लेबनान सहित ईरान के तमाम सहयोगियों पर भी तत्काल प्रभाव से हमले रोकना है।

नेतन्याहू का यह बयान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की उस घोषणा के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका, ईरान और उनके सहयोगी 'लेबनान और अन्य जगहों सहित हर जगह तत्काल युद्धविराम के लिए सहमत हो गए हैं'। शरीफ ने कहा कि यह कदम 'तत्काल प्रभावी' है। वहीं बुधवार को 'एक्स' पर जारी बयान में नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उन प्रयासों का समर्थन करता है, जो यह सुनिश्चित करने के लिए हैं कि 'ईरान अब अमेरिका-इजरायल, पड़ोसी अरब देशों और दुनिया के लिए परमाणु, मिसाइल और आतंकी खतरा न रहे। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि उसने देश के नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार, ईरान पर हमले स्थगित कर दिए हैं और उन्नत युद्धक तैयारी बनाए रखी है। सेना ने बयान में कहा कि राजनीतिक नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार, आईडीएफ ईरान के खिलाफ अभियान के हिस्से के रूप में गोलाबारी रोक रहा है और रक्षा के लिए हाई अलर्ट पर है और किसी भी उल्लंघन का जवाब देने के लिए तैयार है। 'एक्सियोस' ने एक अनाम वरिष्ठ इजरायली अधिकारी के हवाले से खबर दी है कि नेतन्याहू को अमेरिका से आश्वासन मिला है कि ईरान से बातचीत के दौरान, अमेरिकी अधिकारी उससे परमाणु सामग्री छोड़ने, यूरेनियम संवर्धन रोकने और बैलिस्टिक मिसाइलों से उत्पन्न खतरे को त्यागने का आग्रह करेंगे।

### इजरायल ने ट्रम्प के निर्णय का किया समर्थन

**तेल अवीब।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार कहा कि वह ईरान के खिलाफ हमलों को दो सप्ताह के लिए रोकने के अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले का समर्थन करते हैं लेकिन इस सीजफायर में लेबनान की लड़ाई शामिल नहीं है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक बयान में कहा कि इजरायल अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के ईरान के विरुद्ध हमलों को दो सप्ताह के लिए स्थगित करने के निर्णय का समर्थन करता है, बशर्ते ईरान तुरंत जलडमरूमध्य खोल दे और अमेरिका, इजरायल तथा क्षेत्र के अन्य देशों पर सभी हमले बंद कर दे। बयान के अनुसार, इजरायल अमेरिका के उन निर्णयों का भी समर्थन करता है जिनका उद्देश्य इजरायल, अमेरिका और अरब देशों के लिए 'परमाणु, मिसाइल और आतंकी खतरे' को समाप्त करना है। कार्यालय ने उल्लेख किया कि अमेरिका ने इजरायल को बताया है कि वह आगामी वार्ताओं में अमेरिका, इजरायल और उसके क्षेत्रीय सहयोगियों के साझा किए इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# होर्मुज स्ट्रेट से जहाज सुरक्षित आवाजाही कर सकेंगे

## विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा: ईरान दो सप्ताह के लिए सहमत



■ समझौता कराने के लिए पाक पीएम शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर के प्रति जताया

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि उनका देश अमेरिका के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम के लिए सहमत हो गया है और इस दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को सुरक्षित आवा. जाही की अनुमति दी जाएगी। अराघची ने युद्धविराम समझौता करवाने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर के प्रति आभार व्यक्त किया। अराघची ने बुधवार तड़के ईरान की सुरक्षा परिषद की ओर से जारी बयान में कहा कि इस्लामिक गणराज्य ईरान की ओर से मैं क्षेत्र में युद्ध समाप्त करने के लिए अथक प्रयास के लिए अपने भाई पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ़ और फील्ड मार्शल मुनीर के प्रति आभार और सराहना व्यक्त करता हूं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शरीफ के 'भाईचारे के अनुरोध' और अमेरिका द्वारा अपने 15-सूत्री प्रस्ताव के आधार पर वार्ता की मांग, तथा अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ईरान के 10-सूत्री प्रस्ताव को वार्ता के आधार के रूप में स्वीकार करने की घोषणा को ध्यान में रखते हुए, ईरान की सुरक्षा परिषद ने दो फैसले लिए हैं। पहला, यदि ईरान के खिलाफ हमले रोक दिए जाते हैं, तो ईरान की सशस्त्र सेनाएं भी अपनी रक्षात्मक कार्रवाई बंद कर देंगी। इसके साथ ही दो सप्ताह की अवधि के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवाजाही की अनुमति दी जाएगी, जो ईरान की सशस्त्र सेनाओं के साथ समन्वय और तकनीकी सीमाओं को ध्यान में रखते हुए सुनिश्चित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में राजधानी तेहरान सहित कई शहरों पर हमले किए थे। इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई सहित सैकड़ों लोगों की जान गई थी। ईरान ने इसके जवाब में इजरायल और पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर हमले किए थे। पाकिस्तान ने अपनी राजधानी इस्लामाबाद में शांति वार्ता की पहल की थी। ईरान ने शुरुआत में इस वार्ता में शामिल होने से इनकार कर दिया था, हालांकि बुधवार तड़के दोनों देशों के बीच दो सप्ताह के संघर्षविराम पर सहमति बन गई। अमेरिका और ईरान 10 अप्रैल से इस्लामाबाद में युद्धविराम पर आगे की बातचीत करेंगे। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को घोषणा किया कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान और अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ लेबनान सहित सभी मोर्चों पर तत्काल एवं व्यापक युद्धविराम के लिए सहमत हो गए हैं। शरीफ ने कहा कि अत्यंत विनम्रता के साथ, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी महसूस हो रही है कि ईरान और अमेरिका हर जगह तत्काल प्रभाव से युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं' उन्होंने इस कदम को संघर्षग्रस्त पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उद्देश्य से उठाया गया एक दूरदर्शी कदम बताया। इस घटनाक्रम का स्वागत करते हुए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया और औपचारिक रूप से उनके प्रतिनिधिमंडलों को 10 अप्रैल को इस्लामाबाद में उच्च स्तरीय वार्ता के लिए आमंत्रित किया। प्रस्तावित वार्ता को 'इस्लामाबाद वार्ता' नाम दिया गया है जिसमें लंबे समय से चले आ रहे विवादों को सुलझाने के लिए एक व्यापक एवं स्थाई समझौते पर पहुंचने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। शरीफ ने इस बात पर बल दिया कि दोनों पक्षों ने असाधारण बुद्धिमत्ता और सूझबूझ का प्रदर्शन किया है और शांति को आगे बढ़ाने में रचनात्मक रूप से लगे हुए हैं। उन्होंने आगे कहा, हम पूरी उम्मीद करते हैं कि इस्लामाबाद वार्ता स्थाई शांति प्राप्त करने में सफल होगी और उन्होंने आने वाले दिनों में और भी सकारात्मक घटनाक्रमों होने के प्रति आशा व्यक्त की।

### ईरान के साथ समझौता अमेरिका की बड़ी जीत: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यालय ने अमेरिका और ईरान के बीच घोषित दो सप्ताह के युद्धविराम को अमेरिका की बड़ी जीत बताया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने आज एक बयान में कहा, ष्यह अमेरिका की जीत है, जिसे राष्ट्रपति ट्रम्प और हमारी शानदार सेना ने संभव बनाया है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' की शुरुआत से ही राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे चार से छह सप्ताह का अभियान बताया था लेकिन अमेरिकी सैन्य क्षमताओं के चलते 38 दिनों में ही मुख्य सैन्य उद्देश्यों को हासिल कर लिया गया।सुलेविट ने कहा कि हमारे सैनिकों की अद्भुत क्षमताओं की बदौलत, हमने 38 दिनों में अपने प्रमुख सैन्य लक्ष्यों को हासिल किया है और उनसे भी आगे बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि सैन्य सफलता के कारण अमेरिका को वार्ता में बढ़त मिली, जिससे कड़े संवाद के जरिए कूटनीतिक समाधान और दीर्घकालिक शांति की संभावना बनी। उन्होंने यह भी दावा किया कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने में सफलता हासिल की। ईरान का कहना है कि जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवाजाही उसकी सेनाओं के समन्वय से ही संभव होगी।



जम्मू। ईरान, अमेरिका व इजरायल के बीच हुए दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते के मद्देनजर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का चित्र लहराकर नारे लगाते लोग।

### अमेरिका का ईरानी शांति योजना स्वीकरा करना युद्ध में जीत: ईरानी सुरक्षा परिषद

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने बुधवार को कहा कि वाशिंगटन द्वारा ईरान की 10-सूत्रीय शांति योजना को स्वीकार करने के बाद ईरान ने अमेरिका के साथ युद्ध में अपनी जीत की घोषणा की है। ईरानी राज्य प्रसारक आईआरआईबी ने परिषद के हवाले से कहा कि ईरान ने एक महान विजय प्राप्त की है और अमेरिका को 10-सूत्रीय योजना स्वीकार करने के लिए मजबूर कर दिया है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की थी कि वह ईरान के साथ दो सप्ताह के द्विपक्षीय युद्धविराम के लिए सहमत हो गए हैं। अमेरिकी नेता ने उल्लेख किया कि ईरान भी होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा की गारंटी देने पर सहमत हो गया है जबकि अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण ईरान के पास छोड़ने पर भी सहमत हो गया है।

### ईरान-अमेरिका युद्धविराम के बाद इराक ने अपने हवाई क्षेत्र खोले

**बगदाद।** अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते के तुरंत बाद इराक के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने बुधवार को देश के हवाई क्षेत्र और हवाई अड्डों को तत्काल प्रभाव से फिर से खोलने की घोषणा की। इराकी समाचार एजेंसी ने बताया कि सामान्य स्थिति बहाल होने के बाद, आज से हवाई यातायात के लिए इराकी हवाई क्षेत्र को फिर से खोलने का निर्णय लिया गया है। इराकी विमानन प्राधिकरण ने कहा कि इस उपाय के तहत, स्थापित नियमों और निर्देशों के अनुसार, इराकी हवाई अड्डों पर उड़ानों के संचालन, टेक-ऑफ और लैंडिंग सहित सभी नागरिक उड़ानों को फिर से शुरू करने की अनुमति दी गई है। प्राधिकरण ने हवाई सुरक्षा और सुरक्षा के उच्चतम मानकों को लागू करने तथा हवाई यातायात के सुचारू और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने की अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता भी दोहराई है।

# ईरान पर हमले के लिए कैसे माने थे ट्रम्प

## नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस आकर प्लान बताया, उपराष्ट्रपति वेंस खिलाफ थे, फिर भी जंग में कूदे



■ स्क्रीन पर इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया और इजरायली सैन्य अधिकारी जुड़े हुए थे

**वाशिंगटन।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सुबह ही व्हाइट हाउस पहुंच चुके थे। वह कई महीनों से अमेरिका पर दबाव डाल रहे थे कि ईरान पर बड़ा हमला किया जाए।

हालांकि इस बार की मुलाकात बेहद सीक्रेट थी। उन्हें बिना किसी औपचारिक स्वागत के सीधे अंदर ले जाया गया ताकि मीडिया को कुछ पता न चले। पहले कैबिनेट रूम में बातचीत हुई और फिर उन्हें व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में ले जाया गया, जहां असली बैठक हुई। यह वही जगह है जहां अमे. रिका युद्ध और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े बड़े फैसले करता है, लेकिन आमतौर पर यहां विदेशी नेताओं को नहीं लाया जाता। आमतौर पर जब कोई बड़ी मीटिंग होती है, तो ट्रम्प वह टेबल के सबसे आगे यानी 'हेड' वाली कुर्सी पर बैठते हैं। वहां से वह सबको देखते हैं और बैठक को लीड करते हैं। लेकिन इस मीटिंग में ट्रम्प टेबल के किनारे (साइड) पर जाकर बैठे, और उनका चेहरा दीवार पर लगी बड़ी स्क्रीन की तरफ था। ट्रम्प-नेतन्याहू आमने-सामने थे। स्क्रीन पर इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया और इजरायली सैन्य अधिकारी जुड़े हुए थे। इससे ऐसा माहौल बनाया गया जैसे नेतन्याहू युद्ध के समय अपने पूरे कमांड के साथ खड़े हैं। इस बैठक में बहुत कम लोग शामिल थे ताकि कोई जानक. ारी बाहर न जाए। विदेश मंत्री मार्को रूबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, सीआईए प्रमुख जान रैटक्लिफ, जाइंट चीफ्स के चेयरमैन जनरल डैन केन, ट्रम्प के दामाद जैरेड कुशनर और विशेष दूत स्टीव विटकाफ मौजूद थे। व्हाइट हाउस की चीफ आफ स्टाफ सूजी वाइल्स भी वहां थीं। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस बैठक में नहीं थे, क्योंकि वे अजरबैजान में थे और बैठक अचानक तय हुई थी। नेतन्याहू ने एक घंटे का प्रेजेंटेशन दिया और ट्रम्प को समझाने की कोशिश की कि यह ईरान पर हमला करने का सबसे सही समय है। उन्होंने कहा कि ईरान की सरकार कमजोर हो चुकी है और अगर अमेरिका और इजरायल मिलकर हमला करें तो ईरान की सैन्य ताकत जल्दी खत्म की जा सकती है। नेतन्याहू ने दावा किया कि ईरान का मिसाइल सिस्टम कुछ ही हफ्तों में तबाह किया जा सकता है।

### संरा ने अमेरिका-ईरान युद्धविराम का किया स्वागत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा का स्वागत करते हुए, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने बुधवार को संबंधित देशों के नेताओं से क्षेत्र में स्थाई शांति के लिए अपने दायित्वों का पालन करने का आग्रह किया। गुटेरेस ने सभी पक्षों से अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करने और युद्धविराम की शर्तों का सम्मान करने का आग्रह किया। उन्होंने इसे क्षेत्र में स्थाई और व्यापक शांति प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। महासचिव ने नागरिक जीवन की रक्षा करने और मानवीय पीड़ा को कम करने के लिए शत्रुता समाप्त करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़



आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एवं अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश नि:शुल्क (Free Admission)
स्थान: चरथावल रोड: इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें।
M. : 9368215210

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108



श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्योपैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN
M.Sc (Phy.), B.Ed.